जबलपुर
शनिवार, 27 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष-07
वर्ष : 20, अंक : 238
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 24
न्यून. 10

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


ये आपके माता-पिता का, टीचर और मेंटर्स का भी सम्मान



सम्मानित बच्चों से संवाद करते पीएम






## दो दर्जन शहरों में बढ़ी ठिठुरन, 10 डिग्री से नीचे आया पारा, छाया घना कोहरा

# राजगढ़-पचमढ़ी में जमी ओस, रात का तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस

*◀ रीवा में 5.5 डिग्री, शिवपुरी और खजुराहो में 6 डिग्री, नौगांव और दतिया में 6.2 डिग्री और उमरिया में 6.5 डिग्री रहा तापमान*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में कड़ाके की ठंड के साथ कोहरे का असर बना हुआ है। पचमढ़ी और राजगढ़ में शुक्रवार सुबह पेड़ों के पत्तों पर ओस की बूंदें जम गईं। यहां रात का तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा।

इधर सुबह के समय भोपाल, मंडला, रीवा, सतना, पचमढ़ी, दतिया, धार, गुना, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, खजुराहो, नौगांव, अशोक नगर, झाबुआ, खंडवा, शाजापुर और सीहोर समेत कई जिलों में कोहरा छाया रहा। जिसकी वजह से वाहन चालकों को वाहनों की लाइन जलाकर चलना पड़ा। बीती रात प्रदेश के 25 से अधिक शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। राजगढ़, पचमढ़ी के अलावा रीवा में 5.5 डिग्री, शिवपुरी और खजुराहो में 6 डिग्री, नौगांव और दतिया में 6.2 डिग्री और उमरिया में 6.5 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

◀ बड़े शहरों में ग्वालियर सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री दर्ज हुआ

◀ भोपाल में पारा 7 डिग्री, जबकि इंदौर, उज्जैन और जबलपुर में 9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया



पचमढ़ी में सुबह का मनमोहक दृश्य

### मंगलवार से बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग का अनुमान है कि 27 दिसंबर से तापमान में हल्की बढ़ोतरी होगी, क्योंकि मालवा की ओर बना चक्रवात उत्तरी हवाओं को रोक देगा। 29 दिसंबर को फिर हल्की गिरावट संभव है, लेकिन 30 दिसंबर मंगलवार से तापमान दोबारा से बढ़ने लगेगा। जनवरी के पहले सप्ताह में मौसम खुला रहेगा और उत्तर-पूर्वी मप्र को छोड़कर बाकी हिस्सों में ठंड सामान्य रहेगी।

### गुना में भी पेड़-पौधों पर जमी ओस

प्रदेश में पचमढ़ी और राजगढ़ में पारा नीचे गिरने की वजह से लोग जब सुबह सोकर उठे तो उन्हें पेड़ों के पत्तों पर ओस जमी नजर आई। धूप निकलने पर यह ओस कांच की तरह चमक रही थी। इसी तरह गुना में भी लोगों ने पत्तों पर ओस जमी देखी।

### मावठा और बारिश का इंतजार

*फिलहाल, प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के आसार नहीं हैं। मौसम साफ होने से मावठा या बारिश की संभावना कम नजर आ रही है। उत्तर-पूर्वी प्रदेश में अगले चार से पांच दिनों तक कोहरा रह सकता है, लेकिन इसके बाद स्थिति सामान्य होने लगेगी। जबकि मावठा और बारिश होने से किसानों को गेहूं और चना की फसल में फायदा मिलेगा।*

*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से किया सम्मानित*

## मगरमच्छ के मुंह से पिता को खींच लाया बेटा, दिल्ली बुलाकर राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित





देश के अलग-अलग हिस्सों से आए 20 बच्चों को ये पुरस्कार दिए गए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। यूपी में पिता को मगरमच्छ के मुंह से खींचकर लाने वाले बेटे के साहस की हर जगह चर्चा हो रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उसे सम्मानित किया। आगरा जिले के झरनापुरा हरलालपुर गांव निवासी किसान वीरभान चाहर के बेटे अजयराय को यह सम्मान मिला।

### अजयराज ने दिखाया था साहस

जुलाई 2025 में अजयराज के पिता वीरभान आगरा-धौलपुर सीमा क्षेत्र के चंबल नदी के किनारे पानी लेने गए थे। उनके साथ उनका बेटा अजयराज भी था। इसी दौरान नदी में छिपे मगरमच्छ ने अचानक वीरभान के पैर को जबड़े में दबोच लिया और उन्हें गहरे पानी की ओर खींचने लगा। अजयराज ने साहस दिखाया और बिना समय गंवाए नदी किनारे पड़ा बबूल का मोटा डंडा उठाया और मगरमच्छ पर लगातार वार शुरू कर दिए। अचानक हुए इन प्रहारों से मगरमच्छ घबरा गया और कुछ ही क्षणों में वीरभान को छोड़कर वापस नदी में चला गया।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### भाजपा नेता की हत्या के आरोपी का मकान तोड़ा

**कटनी।** कैमोर में भाजपा नेता नीलेश उर्फ नीलू रजक की सरेराह गोली मारकर हत्या के मामले में



प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए मुख्य आरोपी अकरम खान के अमरैया पार स्थित मकान पर बुलडोजर कार्रवाई की। एक दिन पहले ही प्रशासन ने अकरम के परिजनों को नोटिस जारी कर घर खाली करने के लिए कहा था। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे तहसीलदार के नेतृत्व में पुलिस की मौजूदगी में ये कार्रवाई हुई।

### फंदे पर झूलते मिले मां और उसके 2 मासूम बेटे

**सागर।** जिले के रहली क्षेत्र में एक महिला और उसके दो बच्चों के शव फांसी के फंदे पर घर के अंदर लटके मिले। महिला का पति और जेठ खेत



से घर लौटे तो पूरी घटना का पता चला। घटना गुरुवार रात रहली के मैनाई गांव की है। मृत महिला के जेठ ब्रजेश लोधी ने बताया कि वह और उसका छोटा भाई राजेश (मृतका का पति) खेत में सिंचाई करने गए थे। रात करीब पौने 10 बजे वे घर लौटे तो पता चला।

### अंगकृष रघुवंशी के सिर में लगी चोट, भर्ती

**नई दिल्ली।** मुंबई के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी शुक्रवार को उत्तराखंड के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मैच के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए। सिर में लगी चोट के चलते उन्हें जयपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। 21 वर्षीय रघुवंशी को फील्डिंग करते समय चोट लगी।

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत का बयान

## धर्म और विज्ञान में कोई टकराव नहीं है, दोनों की ही मंजिल एक



**हमें सिर्फ सुपरपावर ही नहीं, बल्कि विश्वगुरु भी बनना चाहिए**

एजेंसी ⏭ तिरुपति

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत आंध्र प्रदेश के तिरुपति दौरे पर हैं। भारतीय विज्ञान सम्मेलन में उद्घाटन कार्यक्रम में शुक्रवार को भागवत ने कहा कि भारत का आगे बढ़ना तय है। लेकिन, हमें सिर्फ सुपरपावर ही नहीं, बल्कि विश्वगुरु बनना चाहिए।

एएआई का यात्री संतुष्टि सर्वे

## खजुराहो एयरपोर्ट बना देश का नंबर 1 हवाई अड्डा



**यात्रियों की संतुष्टि के आधार पर दिल्ली-मुंबई को पीछे छोड़ा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ खजुराहो

खजुराहो एयरपोर्ट ने देश के सभी हवाई अड्डों को पीछे छोड़ते हुए नंबर 1 स्थान हासिल किया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) द्वारा जारी 2025 के कस्टमर सैटिस्फेक्शन सर्वे में खजुराहो एयरपोर्ट को यात्रियों की संतुष्टि के आधार पर शीर्ष स्थान दिया।

रायपुर एयरपोर्ट पर ऑन-ड्यूटी था

## पं. धीरेंद्र शास्त्री के पैर छूने वाला टीआई लाइन हाजिर



**वीडियो सामने आने के बाद एक्शन**

**रायपुर।** एयरपोर्ट पर ऑन-ड्यूटी थाना प्रभारी के बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के पैर छूने का मामला अब प्रशासनिक कार्रवाई तक पहुंच गया है। टीआई मनीष तिवारी को लाइन अटैच कर दिया गया है। जब धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री रायपुर एयरपोर्ट पहुंचे थे, तब वहां ऑन-ड्यूटी टीआई मनीष तिवारी ने पहले उन्हें सलामी दी ।

योजनाओं का लाभ नहीं मिला

## ग्रामीण युवक ने पेट्रोल से जलाया पंचायत कार्यालय



**आर्थिक तंगी के चलते उठाया कदम**

**रतलाम।** सालाखेड़ी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मांगरोल में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक आक्रोशित ग्रामीण ने पंचायत कार्यालय में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पुलिस ने आरोपी गोपाल डामोर को हिरासत में ले लिया है। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे गोपाल डामोर सरकारी का लाभ नहीं मिलने से नाराज होकर पंचायत कार्यालय पहुंचा था।

*सीएम ने साहिबजादों की शहादत को किया नमन*

## सिख वीरों के बलिदान की गाथाओं को स्कूल सिलेबस में शामिल करेंगे



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार गुरु गोविंद सिंह और सिख वीरों के बलिदान की गाथाओं को स्कूल के शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल करेगी। उन्होंने कहा कि प्रथम गुरु गुरुनानक देव से लेकर 10 वें गुरु तक सिख धर्म के सभी गुरु महाराज और उनके परिवारों ने देश की रक्षा के लिए कुर्बानियां दीं। वीर बाल दिवस, 10 वें सिख गुरु, गुरु गोविंद सिंह के छोटे बेटों की असाधारण वीरता और शहादत की याद दिलाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की शहादत को समर्पित वीर बाल दिवस पर गुरुद्वारा हमीदिया रोड पहुंच कर माथा टेका तथा संगत को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि साहिबजादा फतेह सिंह और जोरावर सिंह की शहादत पर हर वर्ष वीर बाल दिवस मनाने की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। बहुत छोटी उम्र में साहिबजादों ने अन्याय के सामने झुकने से इनकार कर दिया और धर्म व सच्चाई की रक्षा के लिए महान साहस दिखाया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सच्चाई, हिम्मत और आत्मसम्मान सबसे बड़ी ताकत हैं। मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारे में मौजूद बच्चों के साथ बैठकर कीर्तन का श्रवण किया और बच्चों को दुलार भी किया। इस मौके पर गुरुद्वारा हमीदिया रोड के आयोजन में संपूर्ण व्यवस्थाओं का संचालन बच्चों ने किया। गुरुद्वारे में बच्चों की ओर से कीर्तन दरबार का संचालन किया गया और चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई।




केरल में भाजपा की बड़ी छलांग

# 45 साल पुराना लेफ्ट का किला ढहा, राजेश बने तिरुवनंतपुरम के मेयर

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल के नगर निकाय चुनाव के दौरान तिरुवनंतपुरम में सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली भाजपा ने आखिरकार मेयर का चुनाव जीत लिया। तिरुवनंतपुरम में वीवी राजेश भाजपा से मेयर चुने गए हैं। हालांकि सेवानिवृत्त डीजीपी आर श्रीलेखा को महापौर पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। केरल विधानसभा चुनाव के पहले ये जीत भाजपा के लिए संजीवनी बन सकती है। राजेश के तौर पर तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा ने पहली बार परचम लहराया है। यहां 45 सालों से लेफ्ट पार्टियों के शासन का अंत हुआ है।भाजपा ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में 50 सीटें जीतकर इतिहास रचा था। साथ ही 45साल पुराने लेफ्ट के गढ़ ढहा दिया था। यहां यूडीएफ को 19 जबकि एलडीएफ को 29 सीटें ही मिल पाई थीं।

> राजेश के तौर पर तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा ने पहली बार परचम लहराया है। यहां 45 सालों से लेफ्ट पार्टियों के शासन का अंत हुआ है। भाजपा ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में 50 सीटें जीतकर इतिहास रचा था

## तिरुवनंतपुरम को देश के एक विकसित शहर में बदलेंगेः राजेश

101 सीटों वाले तिरुवनंतपुरम नगर निगम में मेयर के चुनाव में एलडीएफ उम्मीदवार आरपी शिवाजी को 29 और यूडीएफ प्रत्याशी को 17 वोट ही हासिल हुए। जीत के बाद राजेश ने कहा, हम सब मिलकर आगे बढ़ेंगे, सबको साथ लेकर चलेंगे। सभी 101 वार्डों में विकास कार्य आगे बढ़ाए जाएंगे। तिरुवनंतपुरम को देश के एक विकसित शहर में बदलेंगे।


तिरुवनंतपुरम के मेयर राजेश

### महासचिव सुरेश ने की घोषणा

नगर निगम के नवनियुक्त भाजपा पार्षदों और जिले के नेताओं की शुक्रवार को बैठक हुई। इसमें केरल भाजपा के महासचिव एस सुरेश ने इसकी घोषणा की। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में भाजपा इसे अपने लिए बड़ी जीत मान रही है।

### भाजपा के लिए नए अध्याय की शुरुआत

एलडीएफ के लगभग चार दशकों के शासन के बाद अब कॉर्पोरेशन पर भाजपा का कब्जा है। राजेश का मेयर बनना केरल की शहरी राजनीति में भाजपा के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है। राज्य की राजधानी में इस जीत ने शहर के नगर निकाय पर सीपीएम के 45 साल के कंट्रोल को खत्म कर दिया।

### राजेश का परिचय

तमाम चर्चा के बाद भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व की राय से राजेश के नाम पर मुहर लगी। राजेश दो बार पार्षद, केरल भाजपा सचिव, पूर्व भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा अध्यक्ष और तिरुवनंतपुरम जिला अध्यक्षभी रह चुके हैं।

### सीपीएम ने कांग्रेस से मिल शहर को बर्बाद किया था : चंद्रशेखर

राजेश के मेयर बनने पर केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कहा सीपीएम ने कांग्रेस की मदद से शहर को बर्बाद कर दिया। उसे भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था। चुनाव प्रचार के दौरान हमने दिखाया कि इस निगम ने पैसे बर्बाद किए।



केरल कांग्रेस की पार्षद का बड़ा दावा

### 'मेयर पद के बदले लिए 'पैसों के बैग'

केरल में मेयर पद के बदले पैसे लेने के एक बड़े घोटाले ने कांग्रेस में हलचल मचा रखा है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने अधिकांश सीटें जीतकर पार्टी का मान बढ़ाया था। जीत के बाद शुक्रवार को स्थानीय चुनावों के मेयर/अध्यक्ष चुनने को लेकर वोटिंग होगी। त्रिशूर कॉरपोरेशन में चार बार की पार्षद रही लैली जेम्स ने आरोप लगाए कि उनके साथी पार्षद डॉ निजी जस्टिन ने मेयर पद के लिए वरिष्ठ नेताओं को पैसे दिए हैं, इसलिए उन्हें मेयर बनाया गया है।



## खबर संक्षेप

### अभिनेता प्रकाश भी हो गए ठगी के शिकार

**चेन्नई।** साउथ सिनेमा के जाने-माने संगीतकार और अभिनेता जीवी प्रकाश कुमार एक चौंकाने वाली ऑनलाइन ठगी की वजह से सुर्खियों में हैं। जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने वाले प्रकाश की दरियादिली का इस बार गलत फायदा उठाया गया। एक फर्जी अकाउंट ने झूठी तस्वीर के सहारे 20 हजार रुपए ऐंठ लिए।



### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पार्किंग शुल्क घटा

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रीडेवलपमेंट काम के कारण, पहाड़गंज साइड की पार्किंग बंद कर दी गई है। फीस में बदलाव किया गया है। प्राइवेट गाड़ियों के लिए 8 मिनट तक की फ्री ड्रॉप-ऑफ सुविधा जारी रहेगी। कैब ड्राइवरों को 30 रुपए देने होंगे। सभी गाड़ी ड्राइवरों को 9 से 15 मिनट के लिए 50 रुपए की फीस देनी होगी।



### गैंगरेप में एग्जीक्यूटिव हेड और सीईओ रिमांड पर

**उदयपुर।** शहर में एक महिला मैनेजर के साथ चलती कार में कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में एक आईटी कंपनी का सीईओ, महिला एग्जीक्यूटिव हेड और उसका पति शामिल हैं। उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया।



### हिमाचल में डॉक्टर सामूहिक अवकाश पर

**शिमला।** आईजीएमसी शिमला में मरीज से मारपीट पर आरोपी डॉक्टर को बर्खास्त करने के बाद यह मामला गरमा गया है। गुस्साए चिकित्सक संगठनों ने शुक्रवार को एक दिन का सामूहिक अवकाश करने का निर्णय लिया है। मांगें न मानने पर शनिवार से हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है।



पीएम मोदी ने वीर बाल दिवस पर भारत मंडपम में बच्चों को किया संबोधित

# वीर साहिबजादे अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा, मजहबी कट्टरता-आतंक का वजूद हिलाया

## बाल वीरों को बताया देश का गौरव, जेन जी ही देश को आगे ले जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीर बाल दिवस के मौके पर नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में बच्चों को संबोधित किया। भारत मंडपम में हुए आयोजन से पहले प्रधानमंत्री ने इस वर्ष वीरता पुरस्कार से सम्मानित बच्चों के साथ संवाद भी किया। बच्चों के साथ मुलाकात करने की वीडियो भी सामने आया है।पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश वीर बाल दिवस मना रहा है। अभी वंदे मातरम की सुंदर प्रस्तुति हुई। आज हम उन वीर साहिबजादों को याद कर रहे हैं, जो भारत का गौरव हैं। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादे भारत के अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा हैं। वीर साहिबजादों ने सारी सीमाओं को तोड़ दिया। वे क्रूर मुगल सल्तनत के सामने चट्टान की तरह खड़े हो गए।

**औरंगजेब की कट्टरता भी उन्हें नहीं हिला पाई**

उम्र और अवस्था की सीमाओं को तोड़ दिया

### गुलामी की मानसिकता से देश को आजाद नहीं होने दिया गया


बच्चों को संबोधित करते पीएम मोदी

उन्होंने कहा कि बलिदान की गाथा देश में जन-जन की जुबान पर होनी चाहिए थी। दुर्भाग्य से आजादी के बाद भी देश में गुलामी की मानसिकता हावी रही। इस गुलामी का बीज अंग्रेज राजनेता मैकाले ने 1835 में बोया था। उस मानसिकता से देश को आजादी के बाद भी मुक्त होने नहीं दिया गया। आजादी के बाद भी देश में ऐसी सच्चाईयों को दबाने की कोशिश की गई।

### वीर साहिबजादों को कोई हिला नहीं पाया

पीएम ने कहा कि वीर साहिबजादों को छोटी सी उम्र में उस समय की सबसे बड़ी सत्ता से टकराना पड़ा। वो लड़ाई भारत के मूल विचारों और मजहबी कट्टरता के बीच थी। वो लड़ाई सत्य बनाम असत्य के बीच थी। उस लड़ाई की एक ओर गुरु गोविंद सिंह जी थे, दूसरी ओर क्रूर औरंगजेब की हुकूमत थी। हमारे साहिबजादे उस समय छोटे ही थे, लेकिन औरंगजेब की क्रूरता को इससे फर्क नहीं पड़ा। वो जानता था भारत के लोगों को डराकर उनका धर्मांतरण कराना है तो मनोबल तोड़ना होगा। इसलिए उसने साहिबजादों को निशाना बनाया। लेकिन, हमारे वीर साहिबजादों को कोई हिला नहीं सका। वे अडिग रहे।

### जेन-जी और जेन अल्फा विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएंगे

पीएम मोदी ने जेन-जेड और जेन-अल्फा को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी जेनरेशन ही भारत को विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएगी। मैं जेन-जेड की योग्यता, आपका आत्मविश्वास देखता हूं, समझता हूं और इसलिए आप पर बहुत भरोसा करता हूं। उन्होंने कहा कि पहले युवा सपने देखने से भी डरते थे, क्योंकि पुरानी व्यवस्थाओं में ये माहौल बन गया था।

**साहसी और प्रतिभावान बच्चों को मिला मंच**

उन्होंने कहा कि बीते 4वर्षों में वीर बाल दिवस की नई परंपरा ने साहिबजादों की प्रेरणाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाया है। वीर बाल दिवस ने साहसी और प्रतिभावान बच्चों के निर्माण के लिए एक मंच तैयार किया है। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों से आए 20 बच्चों को ये पुरस्कार दिए गए हैं।

### 2022 से हुई वीर बाल दिवस मनाने की शुरुआत पीएम मोदी ने बताई अहमियत

मोदी ने सिखों के गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्र साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के असाधारण साहस और सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने का ऐलान किया था। उन्होंने आज वीरता पुरस्कार से नवाजे गए बच्चों से मुलाकात के पहले एक्स हैंडल पर लिखा, वीर बाल दिवस श्रद्धा का दिन है, जो वीर साहिबजादों के बलिदान को याद करने के लिए समर्पित है। इसकी शुरुआत 2022 को हुई थी।

### अन्नपूर्णा ने इसे सपनों, संघर्षों और उपलब्धियों की पहचान बताया


केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि हर वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल वीर पुरस्कारों के लिए आवेदन की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जब हम इन बच्चों की उपलब्धियां देखते हैं तो मन गर्व से भर उठता है। भविष्य के प्रति हमारा विश्वास और मजबूत होता है। उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल वीर पुरस्कार से सम्मानित बच्चों से कहा कि यह पुरस्कार आपके सपनों, संघर्षों और उपलब्धियों की पहचान है। जो लाखों बच्चों को प्रेरित करेगा।

चौमू में सांप्रदायिक तनाव

# धार्मिक स्थल से पत्थर हटाने पर पुलिस पर पथराव, इंटरनेट बंद



पुलिस की तैनाती

एजेंसी ▶▶ चौमू

जयपुर जिले के चौमू कस्बे में गुरुवार आधी रात के बाद अचानक सांप्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। एक मस्जिद से जुड़े विवाद के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने पुलिस पर पत्थरबाजी कर दी, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसमें पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और लाठीचार्ज करना पड़ा। कड़ी कार्रवाई के बाद स्थिति पर काबू पा लिया गया। मस्जिद परिसर के पास सड़क किनारे पड़े पत्थरों को हटाने का कार्य चल रहा था। यह पत्थर लंबे समय से आबादी क्षेत्र में सड़क पर पड़े थे, जिससे यातायात बाधित हो रहा था। पत्थर हटाने की कार्रवाई का स्थानीय लोगों ने विरोध किया, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। इसमें 75 से ज्यादा उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया है।

■ कई पुलिसकर्मी घायल हो गए

### पुलिस को आंसू गैस और लाठीचार्ज करना पड़ा

विरोध के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने अचानक पुलिस बल पर भारी पत्थरबाजी शुरू कर दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल ऑपरेशन कमिश्नर राहुल प्रकाश, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर डॉ. राजीव पचार और मनीष अग्रवाल मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए हालात को नियंत्रण में लिया।

### बस स्टैंड और स्थल बना पुलिस छावनी

घटना के बाद एहतियातन चौमूं बस स्टैंड और आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है।

### इंटरनेट सेवा पर अस्थायी बैन

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संभागीय आयुक्त ने आदेश जारी करते हुए चौमू क्षेत्र में 26 दिसंबर सुबह 7 बजे से 27 दिसंबर सुबह 7 बजे तक इंटरनेट सेवाओं पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है। सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।

एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी कम करने की याचिका

# हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से 10 दिन में जवाब तलब किया,अब 9 को होगी अगली सुनवाई

## राजधानी में खराब हवा की क्वालिटी पर नागरिक परेशान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने राजधानी में खराब हवा की क्वालिटी को देखते हुए एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी कम करने की याचिका पर केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। जस्टिस विकास महाजन और विनोद कुमार की वेकेशन बेंच ने केंद्र सरकार को याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 9 जनवरी की तारीख तय की।

### जीएसटी कम करने को कहा था



दिल्ली हाईकोर्ट

बुधवार को हाईकोर्ट ने राजधानी में खराब होती वायु गुणवत्ता को देखते हुए जीएसटी काउंसिल को निर्देश दिया था कि एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी को कम या पूरी तरह खत्म करने पर विचार करें। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की बेंच ने आदेश दिया था।

**जीएसटी को 5 प्रतिशत स्लैब में लाएं**

कोर्ट ने कहा था एयर प्यूरीफायर पर टैक्स छूट देने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा। अगर साफ हवा नहीं दे सकते, तो जीएसटी कम करें। इसे मेडिकल डिवाइस मानकर जीएसटी को 5 प्रतिशत स्लैब में लाने की मांग की गई है।

### एयर प्यूरीफायर लग्जरी आइटम नहींः वकील

वकील कपिल मदान की दाखिल याचिका में कहा कि दिल्ली में गंभीर प्रदूषण की अत्यधिक इमरजेंसी संकट स्थिति में एयर प्यूरीफायर को लग्जरी आइटम नहीं माना जा सकता। साफ इनडोर हवा स्वास्थ्य और जीवित रहने के लिए आवश्यक हो गई है। तर्क दिया गया कि एयर प्यूरीफायर पर सबसे ऊंची स्लैब में जीएसटी लगाना बड़ी आबादी के लिए पहुंच से बाहर कर देता है, जो असंवैधानिक है।

उन्नाव दुष्कर्म केस में दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर प्रदर्शन

पीड़िता की मां ने कहा

# उच्च न्यायालय से विश्वास उठ गया हत्यारे को तुरंत फांसी देना चाहिए

## पुलिस ने दी चेतावनी- नहीं हटे तो होगी कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा उन्नाव रेप केस के दोषी पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत देने के फैसले के खिलाफ शुक्रवार को हाईकोर्ट के बाहर लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने फैसले की कड़ी निंदा की और न्याय की मांग की। पीड़िता की मां ने फैसले पर दुख जताया। सेंगर की जमानत रद्द होनी चाहिएहाईकोर्ट से हमारा विश्वास उठ गया है, अगर सुप्रीम कोर्ट में भी न्याय नहीं मिला तो हम दूसरे देश चले जाएंगेष हत्या करने वाले को तुरंत फांसी दें।




### नाइंसाफी को वापस लिया जाए

कांग्रेस नेता मुमताज पटेल ने हाईकोर्ट के फैसले को बड़ा झटका बताते हुए कहा, यह बहुत बड़ा झटका है, जिस तरह हाईकोर्ट ने तकनीकी आधार पर सेंगर को खुली छूट दे दी। इससे देश में बहुत गलत मिसाल कायम हो रही है, इससे न केवल पीड़िता परिवार का, बल्कि पूरे देश की महिलाओं का विश्वास टूटा होगा। महिला अधिकार कार्यकर्ता योगिता भयाना ने कहा,आज हम शांतिपूर्वक हाईकोर्ट आए हैं। हमारी बेटी के साथ हुई नाइंसाफी को वापस लिया जाए। और हमारी याचिका पर सुनवाई हो। अगर न्याय नहीं मिला तो हम प्रदर्शन करेंगे, यह हमारा अधिकार है।

मुख्य सचिवों का पांचवां राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

# 'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' पर कौशल व विकास को गति देने पर होगा विचार मंथन

## प्रधानमंत्री मोदी करेंगे 2 दिनी बैठक की अध्यक्षता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पीएम नरेंद्र मोदी 27 और 28 दिसंबर को दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। यह सम्मेलन राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं पर केंद्रित है और सतत संवाद के माध्यम से केंद्र-राज्य साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम है। पीएमओ के अनुसार सहकारी संघवाद के दृष्टिकोण पर आधारित यह सम्मेलन एक ऐसे मंच के रूप में कार्य करता है, जहां केंद्र और राज्य मिलकर भारत की मानव पूंजी क्षमता को अधिकतम करने और समावेशी, विकास को गति देने के उद्देश्य से एकीकृत रणनीति तैयार करते हैं।

### रोजगार अवसरों के सृजन के लिए रणनीति बनेगी

साझा विकास एजेंडा को अंतिम रूप देने के लिए गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य भारत की जनसंख्या को केवल जनसांख्यिकीय लाभांश के रूप में देखने के बजाए नागरिकों को मानव पूंजी के रूप में स्थापित करना है। शिक्षा प्रणालियों को मजबूत करने, कौशल विकास को आगे बढ़ाने और रोजगार अवसरों के सृजन के लिए ठोस रणनीतियां तैयार की जाएंगी। सम्मेलन का मुख्य विषय 'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' रखा गया है। इसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा अपनाई जा रही सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों और रणनीतियों को साझा किया जाएगा।







डीआरडीओ द्वारा विकसित एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्ल्यूएंडसी) सिस्टम 'नेत्र'

डीएसी सेना के लिए हथियार खरीदने की मंजूरी देने वाली सबसे बड़ी कमेटी है। इसमें तीनों सेनाओं के प्रमुख (थल सेना, वायु सेना और नौसेना), चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) और रक्षा सचिव शामिल होते हैं। तीनों सेनाओं के लिए किसी भी प्रकार के हथियार की खरीद के लिए डीएसी से अनुमति होना जरूरी है

देश की सीमाओं को सुरक्षित करने में बड़ी पहल

# 80,000 करोड़ के रक्षा सौदों को मिल सकती है मंजूरी, अगले हफ्ते होगी बैठक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार देश की सीमाओं को और सुरक्षित बनाने के लिए एक बहुत बड़ा कदम उठाने जा रही है। रक्षा मंत्रालय के डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल (डीएसी), करीब 80,000 करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को मंजूरी दे सकती है। यह बैठक पहले शुक्रवार को होनी थी, लेकिन सूत्रों के मुताबिक अब यह अगले हफ्ते हो सकती है। इस बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। यह बैठक तय करेगी कि भारत आने वाले समय में कौन से आधुनिक हथियार और सैन्य उपकरण खरीदेगा। भारत सरकार की कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा हथियार और तकनीक भारत में ही विकसित की जाए, जिससे घरेलू कंपनियों को बढ़ावा मिले।

*आधुनिक हथियार और सैन्य उपकरणों की खरीद पर होगा फैसला*

## डीएसी की सहमति होना जरूरी

डीएसी सेना के लिए हथियार खरीदने की मंजूरी देने वाली सबसे बड़ी कमेटी है। इसमें तीनों सेनाओं के प्रमुख (थल सेना, वायु सेना और नौसेना), चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) और रक्षा सचिव शामिल होते हैं। तीनों सेनाओं के लिए किसी भी प्रकार के हथियार की खरीद के लिए डीएसी से अनुमति होना जरूरी है। जब तक डीएसी हरी झंडी नहीं देती, तब तक सेना कोई बड़ा हथियार नहीं खरीद सकती।

*आत्मनिर्भर भारत के तहत हथियारों का देश में ही निर्माण करने पर जोर*

## बैठक में एईडब्ल्यू पर जोर

*इस मीटिंग को साल 2025 की सबसे महत्वपूर्ण बैठकों में से एक माना जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से इन चीजों पर चर्चा होगी। पहला, आसमान में 'तीसरी आंख' यानी एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्ल्यूएंडसी) सिस्टम। भारत एम्ब्रेयर विमानों पर आधारित एईडब्ल्यूएंडसी खरीदने की योजना बना रहा है। इसे सरल भाषा में 'आसमान में उड़ने वाला रडार' कहते हैं, जो दुश्मन के विमानों या मिसाइलों को बहुत दूर से ही पहचान लेता है।*

### स्वदेशी 'नेत्र' खरीदेंगे

भारत अपने स्वदेशी 'नेत्र' एईडब्ल्यूएंडसी प्रणाली के उन्नत संस्करणों को खरीदने की तैयारी में है, जिसके लिए दो अलग-अलग परियोजनाएं चल रही हैं। ये प्रणालियां रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित की जा रही हैं, और इन्हें विभिन्न विमान प्लेटफार्मों पर स्थापित किया जाएगा। भारत के अपने 'नेत्रा' रडार सिस्टम को और भी एडवांस बनाने और नए विमानों में फिट करने पर चर्चा होगी।

**नेत्र एमके-1ए:** नेत्र एमके-1ए (एम्ब्रेयर प्लेटफॉर्म पर): भारतीय वायुसेना पहले से संचालित तीन 'नेत्र' प्रणालियों के अलावा, छह अतिरिक्त प्रणाली खरीदने की योजना बना रही है।

## खबर संक्षेप

### 1000 करोड़ के क्लब में शामिल हुई धुरंधर

**मुंबई।** 5 दिसंबर का वो दिन जब सिनेमाघरों में धुरंधर रिलीज हुई तब से अब तक फिल्म की कमाई रुकने का नाम नहीं ले रही है। वहीं हिंदी सिनेमा में कमाई करने वाली फिल्मों के इतिहास में अपना नाम दर्ज करवा रही है। धुरंधर साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है तो वहीं अब 21 दिनों की दुनियाभर में कमाई के साथ 1000 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है।धुरंधर ने इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्में कांतारा चैप्टर 1 और छावा के बॉक्स ऑफिस को धुरंधर ने पछाड़ दिया है।



### मक्का में मस्जिद से खुदकुशी की कोशिश

**नई दिल्ली।** मक्का में मस्जिद अल-हरम में ऊपरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या की कोशिश की। मस्जिद के सिक्योरिटी फोर्स के एक सदस्य ने कोशिश करते हुए इस शख्स की जान बचा ली। हालांकि इसे थोड़ी चोट जरूर लग गई। एक्स पर शेयर किए गए एक बयान में, मक्का क्षेत्र के अमीरात ने कहा कि ग्रैंड मस्जिद की सुरक्षा के लिए स्पेशल फोर्स ने उस आदमी के ऊपरी मंजिल से कूदने की कोशिश करने के तुरंत बाद कार्रवाई की। इसमें यह भी कहा गया कि घायल अधिकारी को फ्रैक्चर हुआ है और लागू नियमों के अनुसार सभी जरूरी कानूनी कदम पूरे कर लिए गए हैं।



जापान की फैक्ट्री में बड़ा हादसा

## शख्स ने धारदार चाकू से भीड़ पर किया हमला, 15 घायल

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

मध्य जापान में शुक्रवार को एक फैक्ट्री में चाकू से किए गए हमले में कई लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह घटना टोक्यो के पश्चिम में शिजुओका प्रांत के मिशिमा शहर स्थित योकोहामा रबड़ कंपनी में हुई। यह कंपनी कारों के लिए टायर बनाती है। एक व्यक्ति ने फैक्ट्री परिसर के अंदर चाकू से हमला किया, जिसमें कम से कम 15 लोग घायल हो गए।

इसी दौरान हमलावर ने स्प्रे जैसा तरल पदार्थ भी इस्तेमाल किया गया। हमलावर द्वारा चाकू से किए गए हमले में 8 लोग तथा 7 अन्य लोग शरीर पर रसायन फेंके जाने से झुलस गए।

फिलहाल घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फुजिसान नांतो फायर डिपार्टमेंट के अधिकारी टोमोहारु सुगियामा ने बताया कि 15 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। सभी घायल पुरुष हैं और उनकी जान को खतरा नहीं है, लेकिन विस्तृत चोटों की जानकारी अभी स्पष्ट नहीं है।


फैक्ट्री परिसर में जांच करते अधिकारी

### राहत और बचाव दल पहुंचा

स्थानीय अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही राहत और बचाव दल मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। हमले के बाद आरोपी को फैक्ट्री परिसर से ही हिरासत में ले लिया गया है। फिलहाल हमलावर की पहचान, हमले के पीछे की वजह और घायलों की हालत को लेकर विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि उसकी उम्र 38 वर्ष बतलाई गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फैक्ट्री कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है।

### कनाडा में भारतीय छात्र की हत्या

**टोरंटो।** कनाडा के यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो के स्कारबोरो परिसर के पास हुई गोलीबारी में भारतीय मूल के 20 वर्षीय छात्र शिवांक अवस्थी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अवस्थी को 23 दिसंबर को हाईलैंड क्रीक ट्रेल और ओल्ड किंग्स्टन रोड इलाके में गोली मारी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोली लगने से घायल हुए भारतीय छात्र को जमीन पर पड़ा हुआ पाया। शिवांक को वहीं पर ही मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही संदिग्ध फरार हो गए थे। टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने बयान में कहा कि इस घातक गोलीबारी की घटना में युवा भारतीय डॉक्टरेट छात्र शिवांक अवस्थी की दुखद मृत्यु पर हम गहरा शोक व्यक्त करते हैं।



ढाका में हिंदुओं की हत्या और अत्याचार पर भारत का सख्त संदेश

# बांग्लादेश पल्ला नहीं झाड़ सकता, न्याय के कठघरे में दोषियों को लाए अंतरिम सरकार

एजेंसी ▶▶ ढाका

*रणधीर जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश में हो रही हिंसा और बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए मौजूदा अंतरिम सरकार जिम्मेदार है। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर हम सतर्क हैं। हम इसे करीबी से निगरानी कर रहे हैं। बांग्लादेश में हिंदू, ईसाई बौद्ध और सिखों की सुरक्षा चिंताजनक है। उनके साथ लगातार हिंसा हो रही है*

बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या और उन पर हो रहे अत्याचारों पर भारत ने बेहद सख्त रुख अपनाया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि बांग्लादेश की सरकार कार्रवाई से पल्ला नहीं झाड़ सकती। हिंदू युवकों की हत्या और कई हिंदू परिवारों के घरों को जलाए जाने के मामले में उसे कदम उठाना होगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोषियों को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार न्याय के कठघरे में लाए। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस सरकार में अब तक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा, आगजनी और अन्य प्रताड़नों से जुड़ी 2900 घटनाएं हुई हैं।

- यूनुस सरकार में अल्पसंख्यकों के साथ हुईं 2900 घटनाएं

भारत के खिलाफ बांग्लादेश में जिन गलत धारणाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है, हमने उनको बार-बार खारिज किया है। वहां हो रही हिंसा और बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए बांग्लादेश की मौजूदा सरकार जिम्मेदार है। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर हम सतर्क हैं। हम इसे करीबी से निगरानी कर रहे हैं।


विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

◆ *भारत के खिलाफ गलत धारणाओं को बढ़ावा दिया जा रहा*

### घटनाओं को नहीं कर सकते नजरअंदाज

*विदेश मंत्रालय ने कहा कि जो घटनाएं अल्पसंख्यकों के साथ और हिंदुओं के साथ हो रही हैं, उसे दूसरा रूप दे दिए जाने से नजरंदाज नहीं किया जा सकता। रणधीर जायसवाल ने कहा कि हाल में एक हिंदू युवक की हत्या हुई, उसकी हम निंदा करते हैं। साथ ही हम उम्मीद करते हैं कि अपराधियों को जल्द कठघरे में लाया जाए। उग्रवादियों द्वारा अल्पसंख्यकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। यह गहरी चिंता का विषय है। अल्पसंख्यकों के साथ जो जुल्म और हिंसा की घटनाएं बांग्लादेश में हो रही हैं, उनको नजरंदाज नहीं किया जा सकता।*

### एच1बी वीजा इंटरव्यू रद्द होने पर चिंता जताई

*भारत ने शुक्रवार को कहा कि उसने बड़ी संख्या में भारतीय आवेदकों के पहले से निर्धारित एच1बी वीजा इंटरव्यू रद्द होने को लेकर अमेरिका के सामने अपनी चिंताएं उठाई हैं और दोनों पक्ष इस मुद्दे पर जुड़े हुए हैं। जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार को कई भारतीय नागरिकों से शिकायतें मिली हैं जो अपने वीजा अपॉइंटमेंट के पुनर्निर्धारण में समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वीजा संबंधी मुद्दे किसी भी देश के संप्रभु क्षेत्र से जुड़े होते हैं।*

### भारत के बिना बांग्लादेश का अस्तित्व नहीं



बांग्लादेश-भारत के बीच बढ़ते तनाव पर पश्चिम एशिया मामलों के रणनीतिक विशेषज्ञ डॉ. वेल अव्वाद ने कहा कि भारत के बिना बांग्लादेश का कोई अस्तित्व नहीं है। वह सर्वाइव भी नहीं कर सकता। उन्होंने आगे कहा कि यह एक ऐसा दौर है, जहां बांग्लादेश में अतिवादी ताकतें आगे दिख रही हैं।

### खुदा बख्श ने दिया इस्तीफा



बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को बड़ा झटका लगा है। होम अफेयर्स स्पेशल असिस्टेंट खुदा बख्श चौधरी ने 24 दिसंबर को इस्तीफा दे दिया है, जिसे राष्ट्रपति ने तुरंत मंजूर कर लिया है। पूर्व पुलिस प्रमुख खुदा बख्श चौधरी को जुलाई में हुए विद्रोह के बाद 10 नवंबर, 2024 को युनूस सरकार में विशेष सहायक नियुक्त किया गया था।

### बांग्लादेशी पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध

पश्चिम बंगाल के होटल व्यवसायियों के एक संघ ने पड़ोसी देश में राजनीतिक उथल-पुथल को देखते हुए सिलीगुड़ी और उसके आसपास के इलाकों में बांग्लादेशियों को आवास प्रदान करना अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। ग्रेटर सिलीगुड़ी होटलियर्स वेलफेयर एसोसिएशन के मुताबिक यह फैसला उन घटनाओं से जुड़ा है जिन्होंने भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव पैदा किया है।

क्रिसमस पर आतंक के खिलाफ एक्शन

## अमेरिकी सेना ने आईएस ठिकानों पर बरसाए गोले, कई आतंकी मारे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने उत्तर-पश्चिम नाइजीरिया में आईएसआईएस के लड़ाकों के खिलाफ हवाई हमला किया है। खास बात रही कि ट्रंप ने यह सूचना देने के लिए क्रिसमस के दिन को चुना। ट्रंप ने गुरुवार को अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि आज रात, कमांडर इन चीफ के तौर पर दिए मेरे निर्देश पर अमेरिका ने उत्तर-पश्चिम नाइजीरिया में आईएसआईएस आतंकवादियों के खिलाफ एक शक्तिशाली और घातक हमला किया। मैंने पहले ही इन आतंकवादियों को चेतावनी दी थी कि अगर उन्होंने ईसाइयों का नरसंहार बंद नहीं किया तो उन्हें इसका अंजाम भुगतना पड़ेगा और आज रात ऐसा ही हुआ। अमेरिकी सेना की अफ्रीका कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हवाई हमला नाइजीरियाई अधिकारियों के अनुरोध पर किया गया था और इसमें 'कई आतंकवादी' मारे गए।



सीसीटीवी फुटेज आया सामने

## अनंतनाग में दिखे लश्कर के दो संदिग्ध आतंकी, सेना चला रही है सर्च ऑपरेशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कश्मीर के अनंतनाग इलाके में लश्कर के लिए काम करने वाले दो संदिग्ध आतंकियों को देखा गया है। लश्कर आतंकवादी मोहम्मद लतीफ भट को एक अन्य पाकिस्तानी लश्कर आतंकी के साथ देखा गया है। लतीफ भट कुलगाम जिले के खेवन का रहने वाला है।

लतीफ नवंबर में लश्कर-ए-तैयबा के शैडो संगठन कश्मीर रिवोल्यूशन आर्मी में शामिल हुआ था। इन दोनों आतंकियों को सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। सेना और पुलिस की कई टीमें फिलहाल दोनों आतंकियों की तलाश में जुटी है। दोनों आतंकियों की तलाश के लिए सेना इलाके में बीते 20 घंटे से तलाशी अभियान चला रही है। सेना इस फुटेज के आधार पर संबंधित इलाकों में लोगों से पूछताछ कर इन आतंकियों को पता लगाने में जुटी है। स्थानीय पुलिस की टीम भी सेना के साथ सर्च ऑपरेशन को आगे बढ़ा रही है।


सीसीटीवी फुटेज में दिखे आतंकी

### डेंजरपोरा और काजीबाग को घेरा

*आतंकी को पैदल चलते हुए देखा गया, जिसके बाद डेंजरपोरा और काजीबाग इलाकों को पूरी तरह घेर लिया गया। आसपास के इलाके में हर घर और गली की बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि किसी भी तरह का खतरा तुरंत खत्म किया जा सके। लतीफ भट कुलगाम का रहने वाला है और वह पहले से ही सक्रिय आतंकियों की सूची में शामिल है। सुरक्षा बलों ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत अफसरों को दें।*

### शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

*ऑपरेशन के दौरान शहर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। हर चौहारा, सड़क और बाज़ार पर सुरक्षाबल तैनात हैं। यह ऑपरेशन राज्य में आतंकवाद के खिलाफ लगातार चल रहे अभियानों का हिस्सा है और किसी भी संभावित खतरे को पहले ही रोकने की कोशिश की जा रही है।*

लाल किला विस्फोट मामला

## अदालत ने दो आरोपियों की एनआईए हिरासत और 10 दिन के लिए बढ़ाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने लाल किला विस्फोट मामले में दो आरोपियों की एनआईए हिरासत शुक्रवार को बढ़ा दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने जांच एजेंसी को आरोपी यासिर अहमद डार से दस और दिनों तक हिरासत में पूछताछ करने की अनुमति दी, जबकि दूसरे आरोपी डॉ. बिलाल नसीर मल्ला से आठ और दिनों तक पूछताछ की जायेगी। मीडियाकर्मियों को कार्यवाही को कवर करने से रोक दिया गया था। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की जांच के अनुसार, उमर-उन-नबी 10 नवंबर को विस्फोटक से भरी कार चला रहा था और वह इस आतंकवादी हमले का कथित षड्यंत्रकारी था। इस घटना में 15 लोगों की मौत हुई थी। एनआईए ने डॉ. मल्ला को 9 दिसंबर को दिल्ली में गिरफ्तार किया था और उसे साजिश का मुख्य आरोपी बताया।



पासपोर्ट धारकों को झटका: नए साल से पहले भारतीय पासपोर्ट हुआ कमजोर

# 85वें स्थान पर खिसकी रैंक, 12वें नंबर पर आया अमेरिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*सिंगापुर लगातार अपनी पहली रैंक बरकरार रखे हुए, हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025 की दुनिया की सूची जारी*

नए साल से पहले भारतीय पासपोर्ट को झटका लगा है। ग्लोबल रैंक में अब भारतीय पासपोर्ट 85वें नंबर पर खिसक गया है। पहले इसकी रैंक 80 थी। भारत के साथ अमेरिका को भी झटका लगा है।

हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025 ने नई सूची जारी की है। इसमें अमेरिकी पासपोर्ट को भी झटका लगा है। अब अमेरिका का पासपोर्ट 12वें नंबर पर पहुंच गया। पहले इसकी रैंक 10 थी। इसे पासपोर्ट धारकों के लिए बुरी खबर माना जा रहा है।


भारतीय पासपोर्ट

### सिंगापुर के नागरिक 193 देशों में यात्रा कर रहे

*सिंगापुर के नागरिक 193 देशों, दक्षिण कोरिया के नागरिक 190 देशों, जापान के नागरिक 189, जर्मनी, इटली, स्पेन और स्विट्जरलैंड के नागरिक 187 देशों में बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं।*

### भारतीय 59 देशों में बिना वीजा के यात्रा कर रहे

दुनिया में भारतीय पासपोर्ट की स्थिति कमजोर हुई है। पिछले साल कर भारत ग्लोबल रैंकिंग में 80वें स्थान पर था। इस साल 5 पायदान गिरकर भारतीय पासपोर्ट 85वें नंबर पर पहुंच गया है। हालांकि सिंगापुर लगातार अपनी पहली रैंक बरकरार रखे हुए है। हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025 की लिस्ट ने दुनियाभर के पासपोर्ट की रैंकिंग जारी की है। भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग गिरने से अब भारतीय नागरिक दुनिया के 56 से 59 देशों में ही बिना वीजा यात्रा कर सकते हैं।

### वीजा नियम हुए सख्त

जानकारों की मानें तो इंडेक्स में भारतीय पासपोर्ट की गिरावट का एक बड़ा कारण दुनिया के कुछ देशों ने वीजा नियम सख्त किए हैं। भारत ने भी अपनी वीजा नीति में बदलाव कर पासपोर्ट को सख्त किया। ग्लोबल रैंकिंग में अमेरिका का पासपोर्ट अब 12वें स्थान पर है। जानकारों ने बताया कि सख्त वीजा नियम, फीस में बढ़ोतरी और अलगाववादी नीतियों ने अमेरिका की पासपोर्ट ताकत को कमजोर किया है।

### संगम पर जाने का 'तप'


**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज में शुक्रवार की सुबह धुंध और अधिक सर्दी में श्रद्धालुओं का संगम जाने का उत्साह कम नहीं हुआ। गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के त्रिवेणी संगम पर नाव से जाते हुए श्रद्धालु।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में लगाई प्रदर्शनीः सीएम डॉ. यादव ने कहा, अटलजी ने राष्ट्र के लिए समर्पित किया अपना पूरा जीवन

## मुख्यमंत्री ने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को नमन कर अर्पित की पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजपा दफ्तर में जमकर जश्न मना कर उन्हें याद किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 101 जन्मोत्सव पर पूरा देश उनके योगदान को याद कर रहा है। बहुत ही सादगी के साथ उन्होंने जीवन जिया है। उन्होंने बाल्यकाल से लेकर अपनी एक पहचान बनाई। राष्ट्र के लिए पूरा जीवन दे दिया। अटलजी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक की भूमिका निभाते रहे। लोकनायक और जननायक की भूमिका में भी अटल को याद किया जाएगा।


पूर्व पीएम अटलजी को नमन करते सीएम डॉ. यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल, मंत्री सारंग और सासंद शर्मा समेत भाजपा पदाधिकारी।

## अटलजी की बात इतिहास में दर्ज हैः खंडेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि अटलजी की कही गई हर बात इतिहास में दर्ज है। आज के दिन हम सब उनको याद कर रहे हैं। वह स्पष्टवादी नेता थे। उनके बताए गए बातों पर हर नागरिक चलेगा। जियो और जीने दो के सिद्धांत को हम लागू कर रहे हैं। पोखरण में परमाणु विस्फोट करके दिखाने वाला मामला हो या फिर पाकिस्तान से दोस्ती बढ़ाने का मामला हो, अटलजी को इन तमाम विषयों के लिए याद किया जाएगा।


प्रदर्शनी में अटलजी की तस्वीरों को देखते सीएम समेत भाजपा पदाधिकारी।

## जिलाध्यक्ष यति, सांसद शर्मा ने अटलजी की जयंती पर नमन कर अर्पित की श्रद्धांजलि

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर भाजपा जिला भोपाल द्वारा शौर्य स्मारक चौराहा, एमपी नगर स्थित अटलजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि अटलजी राष्ट्रसेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतीक थे। उनका संपूर्ण जीवन देश की एकता, अखंडता और विकास को समर्पित रहा। अटलजी के विचार आज भी देश को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपा को महात्मा गांधी से चिढ़ क्योंः पटेल

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पूर्व पंचायत मंत्री कमलेश्वर पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के नाम बदलने को लेकर कहा कि यह केवल नाम बदलने की राजनीति नहीं, बल्कि महात्मा गांधी और भगवान राम दोनों के नाम का राजनीतिक दुरुपयोग है। पटेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पंचायत विभाग में महात्मा गांधी ग्राम सेवा केंद्र शुरू किया था, लेकिन भाजपा सरकार ने उसका नाम बदलकर अटल ई-सेवा केन्द्र कर दिया। कमलेश्वर ने पूछा कि भाजपा को महात्मा गांधी से इतनी चिढ़ क्यों है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, जिसे 2005 में यूपीए सरकार ने लागू किया था, उसका नाम बदलकर जीरामजी कर दिया गया। उन्होंने सरकार को चुनौती देते हुए कहा- आपने जो नाम रखा है, उसका पूरा नाम बताइए। आधा-अधूरा नाम रखकर जनता को गुमराह क्यों किया जा रहा है।

### कांग्रेस ने लिया सरकार बनाने का संकल्प



**भोपाल।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना के निर्देश पर कोलार कांग्रेस कमेटी द्वारा वार्ड 81 के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक कान्हाकुंज कम्युनिटी हॉल में आयोजित की गई। बैठक में नवनियुक्त ब्लॉक कोलार कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता, मंडलम अध्यक्ष, सेक्टर सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर अन्याय के विरोध में लड़ने का निर्णय लेकर वर्ष 2028 में कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प लिया। राहुल सिंह राठौड़ ने बताया कि बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हो रहे अन्याय के विरोध में पूरी ताकत से सरकार के विरोध में लड़ाई लड़ी जाएगी और आमजनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए नगर निगम और जिला प्रशासन के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। आम जनता की समस्याओं का निराकरण करने कोलार कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सभी वार्ड एवं हर बूथ पर जाएंगे। राठौर ने बताया कि शनिवार को वार्ड 82 में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

### नाथ ने 27 लाख किसानों के आंकड़े किए जारी

**भोपाल।** एमपी के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने बुधवार को भोपाल में सहकारी बैंकों की खराब आर्थिक स्थिति को लेकर पूछे गए सवाल पर कमलनाथ सरकार की किसान कर्जमाफी को जिम्मेदार बताया था। सारंग ने कहा था कि 15 महीने की कांग्रेस सरकार में किसानों के ऋण माफी की फर्जी योजना लागू की गई। मंत्री विश्वास के बयान पर पूर्व सीएम कमलनाथ ने कर्जमाफी के जिलेवार आंकड़े शेयर करते हुए पलटवार किया। कमलनाथ ने एक्स पर लिखा कि भाजपा सरकार के मंत्री विश्वास ने मेरी सरकार के दौरान हुई किसान कर्ज माफी को लेकर झूठ बोला है। इसके लिए उन्हें जनता से माफी मांगनी चाहिए। सच्चाई यह है कि कांग्रेस सरकार में मैंने सबसे पहला काम किसानों की कर्जमाफी का किया था। कांग्रेस सरकार ने दो चरणों में 26, 95, 381 किसानों का 11,646.96 करोड़ रुपया का कर्ज माफ किया।

### केंद्र सरकार की ओर से प्रारंभ की जा रही हैं वृहद स्तर पर प्रयोगशालाएं

# विंध्य के किसानों के लिए बनेगा मार्गदर्शक बसामन मामा प्राकृतिक खेती प्रकल्पः शाह

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि बसामन मामा प्राकृतिक खेती प्रकल्प विंध्य के किसानों के लिए मार्गदर्शक बनेगा। रीवा में बसावन मामा गोवंश वन्य विहार के रूप में अनुकरणीय प्रकल्प तैयार किया गया है। यहां गोबर से बने खाद से प्राकृतिक खेती की जा रही है। एक एकड़ में सवा लाख रुपए की आय देने का यह प्रयोग छोटे किसानों को बड़ा लाभ प्रदान करेगा। किसान इस मॉडल को अपनाएंगे तो उनकी आय बढ़ेगी।

राज्य सरकार प्रगतिशील किसानों को इस परंपरागत मॉडल से अवगत कराने के लिए उनका भ्रमण कराए। शाह रीवा में बसामन मामा गो वन्य विहार अभयारण्य में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प का शुभारंभ कर कृषक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केन्द्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री शाह के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश के किसानों की आय को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा समन्वित तरीके से सतत समग्र प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दूध के उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक किया जाएगा। शाह और डॉ. यादव ने हितग्राहियों को हितलाभ एवं संकल्प पत्रों को वितरण किया।

### शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता से किसानों की बढ़ा रहे हैं आय

शाह और डॉ. यादव ने रीवा में कृषक सम्मेलन को किया संबोधित


केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रीवा सेमरिया में कृषक सम्मेलन को संबोधित किया।

### पीपल के पौधे रोपित करने का संकल्प लें: केंद्रीय गृह मंत्री

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि प्रकृति की अनेक प्रकार से सेवा हो सकती है। हमें बसावन मामा की स्मृति में पीपल के पौधे रोपित करने का संकल्प लेना चाहिए। दुनिया से चले जाने के बाद भी यह पीपल वृक्ष लोगों को ऑक्सीजन देता रहेगा। पीपल का वृक्ष लगाना पुण्य कार्य है, जिसमें स्वयं भगवान विष्णु का वास होता है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में प्राकृतिक खेती का बड़ा बाजार है। आर्गेनिक अनाज खाने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है। भूमि परीक्षण से सर्टिफिकेशन, उपज का परीक्षण, बेहतर पैकेजिंग और मार्केटिंग किसानों को उपज का बेहतर मूल्य दिलाएंगी। हम किसानों की आय को बढ़ाने के लिए समुचित प्रयास प्राथमिकता से कर रहे हैं।

### रासायनिक खाद और बढ़ते कीटनाशकों के प्रयोग पर चिंता, प्राकृतिक खेती के लिए किया प्रेरित

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि एक देशी गाय से 21 एकड़ रकबे में प्राकृतिक खेती होती है। किसान ही अन्नदाता है। अन्नदाता को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करने के साथ ही प्रोत्साहित करने के समग्र प्रयास हम सबको समन्वित तरीके से करना है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अनाज के उत्पादन में रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग के कारण कई तरह की बीमारियां बढ़ रही हैं। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि हम सभी प्राकृतिक के संवर्धन में अपना योगदान दें। मैंने स्वयं अपने खेतों में प्राकृतिक खेती को अपनाया है।



### प्राकृतिक खेती के लिए सहभागिता करने का आह्वान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषकों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि बसावन मामा गोवंश वन्य विहार के भ्रमण के दौरान केंद्रीय मंत्री शाह द्वारा 35 साल पहले गुजरात में जैविक खेती संवर्धन के लिए जानकारी मिली। राज्य सरकार इसे आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं रखेगी। केंद्रीय मंत्री शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता से किसानों की आय बढ़ाई जा रही है।

### 9 हजार से अधिक गोमाताओं ने शाह को बुलाया

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि गोशाला की 9 हजार से अधिक गोमाताओं ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह को बुलाया है। गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। गोमाता के गोबर से खाद बनाकर प्राकृतिक खेती की जा सकती है। जब धरती माता और नागरिक स्वस्थ होंगे, तभी भारत आत्मनिर्भर और समृद्ध होगा। वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर रीवा में कृषक और सहकारिता सम्मेलन का आयोजन स्व वाजपेयी के रीवा के प्रति लगाव के लिये सच्ची श्रद्धांजलि है।



### हिंदी विवि का दीक्षांत समारोह में स्नातक 60 स्नातकोत्तर 68 अनुपस्थित 42 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करने की घोषणा


छात्र को उपाधि प्रदान करते राज्यपाल पटेल।

## सत्य बोलना और धर्म पालन के मूल्य ही वास्तविक पूंजी : पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सत्य बोलने और धर्म का पालन करने वाले को जीवन में कोई दिक्कत नहीं होती है। उन्होंने कहा कि यह जीवन मूल्य ही व्यक्ति की वास्तविक पूंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर स्थापित विश्वविद्यालय के विद्यार्थी होने का सौभाग्य मिला है। भावी जीवन में माता-पिता, गुरुजन, समाज और राष्ट्र की सेवा का भाव कम नहीं होने दीजिएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपेक्षा की है कि वे विश्वविद्यालय से प्राप्त संस्कारों और अनुभवों से वंचित वर्गों और पीड़ित मानवता की सेवा का कार्य निरन्तर करते रहेंगे।

पटेल गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेशन सेंटर में आयोजित अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। दीक्षांत अवसर पर स्नातक के 60, स्नातकोत्तर के 68 और अनुपस्थित 42 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में मप्र के प्रवेश एवं शुल्क नियामक समिति के अध्यक्ष रविन्द्र कन्हारे ने कहा कि वह अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व के गुणों से प्रेरणा लें।

### हिन्दी को वैश्विक संवाद का माध्यम माना

हिन्दी विवि के पूर्व कुलपति पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति अध्यक्ष प्रोफेसर मोहनलाल छीपा ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने हिन्दी को केवल साहित्य की भाषा नहीं माना। हिन्दी को ज्ञान-विज्ञान शासन और वैश्विक संवाद का माध्यम माना। हिन्दी विश्वविद्यालय का भी यही उद्देश्य है। उन्होंने विश्वविद्यालय की आवश्यकताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की उपाधि समाज के प्रति दायित्व की घोषणा है। विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि वह ज्ञान को जन भाषा में और जन भाषा को ज्ञान में उतारने को संकल्प बनाएं। कुलगुरु देव आनन्द हिण्डोलिया ने बताया कि विवि भारतीय शिक्षा मूल्यों के साथ हिन्दी के उत्थान के लिए समर्पित है। उन्होंने विद्यार्थियों को दीक्षांत शपथ ग्रहण कराई। आभार प्रदर्शन कुलसचिव शैलेन्द्र कुमार जैन ने किया।

### लगभग 10-12 दिन पहले घर से हुआ था लापता

## गुमशुदा बुजुर्ग का संदिग्ध हालत में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत वैशाली नगर खम्हरिया निवासी 55 वर्षीय चैतराम यादव का शव कुसमुंडा खदान से लगे बरपाली क्षेत्र में मिला है। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग बीते लगभग 10 से 12 दिन से लापता था, परिजन अपने स्तर पर उसकी खोजबीन कर रहे थे।

पुलिस में भी सूचना दी गई थी। इस दौरान कुछ लोगों ने बुजुर्ग का शव बीते शनिवार को कुसमुंडा खदान से लगे खोडरी बरपाली से खदान जाने वाले रास्ते में देखा। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों को भी सूचना दी गई। विकास नगर स्थित अस्पताल के मर्चुरी में रखवाया गया है। प्रथम दृष्टया ठंड से अकड़ कर मौत होना बताया जा रहा है। वहीं, शव देखने से यह आशंका जताई जा रही है कि बुजुर्ग की मौत हाल में ही हुई है। हालांकि जांच उपरांत मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा। वहीं, परिजनों का कहना है कि वे अक्सर इस तरह से कई बार घूमने निकल जाया करते थे।

### संकरी सड़क पर भिड़े थे बाइक और ट्रैक्टर, पुलिस जांच जारी

## सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत, एक गंभीर

भाजपा नेता ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने की बनाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज

दोपहर करीब 3:00 बजे सनवाल क्षेत्र में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद वाड्रफनगर अस्पताल से रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सनवाल के तीन युवक बाइक से डिंडो की ओर से सनवाल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान डिंडो हाई स्कूल के सामने, विमलापुरम-सनवाल मार्ग से आ रहे एक ट्रैक्टर से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटनास्थल पर सड़क के एक ओर रेत व गिट्टी तथा दूसरी ओर धान का पुवाल रखा होने के कारण सड़क संकरी हो गई थी, जिससे यह हादसा हुआ। हादसा इतना भीषण था कि हेलमेट के भी टुकड़े-टुकड़े हो गए थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी समय मार्ग से गुजर रहे भाजपा नेता कृपाल कुशवाहा ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए घायलों को पिकअप वाहन से तत्काल वाड्रफनगर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था बनाई। अस्पताल में चिकित्सकों ने सुखलेश एवं राजनाथ को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल शंख लाल को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है।



### एक का 20 किलो एवं दूसरे का 5 किलो था वजन

## सुरक्षा बलों ने बरामद किए दो आईईडी, कर दिए नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले में माओवादी विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे एरिया डॉमिनेशन ऑपरेशन के दौरान बड़ी साजिश को नाकाम किया गया है। सीआरपीएफ की 214वीं वाहिनी की टीम एफओबी कांडलापर्ती-2 से क्षेत्र में गश्त एवं सर्च ऑपरेशन के लिए निकली थी।

अभियान के दौरान डिमाइनिंग कार्रवाई करते हुए 214वीं वाहिनी की बीडीडी टीम ने 20 किलोग्राम एवं 5 किलोग्राम वजन के दो आईईडी बरामद किए। इसके अतिरिक्त, काले तिरपाल में लिपटे एक कंटेनर से 110 नग सुतली बम (पटाखा) भी जब्त किए गए। बरामद किए गए दोनों आईईडी को बीडीडी टीम द्वारा मौके पर ही सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर नष्ट कर दिया गया।



### ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में मध्यप्रदेश अव्वलः केंद्रीय मंत्री सिंधिया

## मध्यप्रदेश लघु एवं कुटीर उद्योग में बनने जा रहा देश का कॉटेज इंडस्ट्री हब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर गुरुवार को ग्वालियर में आयोजित अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह मध्यप्रदेश के अभ्युदय का समय है। ग्वालियर की धरती से आज प्रदेश के विकास को एक गति मिली है। उन्होंने ग्वालियर आए निवेशकों एवं उद्योगपतियों से कहा कि यह प्रदेश का प्रवेश द्वार है। स्व. अटल जैसे मूर्धन्य राजनेता देने वाले इस शहर ने देश और दुनिया को नई सोच और नए विचार दिए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने समिट में प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि देश में सुरक्षा, राष्ट्रीय एकता और कानून व्यवस्था को वैश्विक स्तर पर सराहना मिली है। नक्सलवाद और आतंकवाद के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि वाजपेयी दूरदृष्टा नेता थे। उनके लिए राजनीति सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि परिवर्तन और राष्ट्र सेवा का साधन थी। उनका जीवन संघर्ष, संवेदनशीलता और सिद्धांतों का अद्भुत संगम रहा है।


प्रदर्शनी का अवलोकन करते केंद्रीय मंत्री शाह, सिंधिया, सीएम डॉ. यादव, विस अध्यक्ष तोमर।

### *औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी: विस अध्यक्ष तोमर*

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि इस अवसर पर जिले की औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन का कार्य संपन्न हो रहा है, जो क्षेत्र के औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। साथ ही ग्वालियर द्वारा वर्ष 1905 से आयोजित होने वाले ऐतिहासिक ग्वालियर मेले का शुभारंभ भी किया गया है, जो स्थानीय परंपरा और आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है। तोमर ने कहा कि आज के दिन अटल म्यूजियम का लोकार्पण होना गौरव की बात है। यह म्यूजियम श्रद्धेय अटल की स्मृतियों, विचारों और सार्वजनिक जीवन की झलक को संजोए हुए हैं।

### *आज का दिन इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा: खंडेलवाल*

वरिष्ठ विधायक एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि आज का दिन क्षेत्र के इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर इस कार्यक्रम का आयोजन अपने आप में विशेष महत्व रखता है।

### आगे की कार्रवाई में जुटी वन विभाग की टीम

## ग्रामीण को हाथी ने कुचला मौके पर हुई दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में कल शाम गाय-भैस चराकर वापस अपने घर लौट रहे अधेड़ ग्रामीण को हाथी ने कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ वन मंडल के अंतर्गत आने वाले बोरो रेंज के खम्हार उत्तर बीट में कल शाम साढ़े 5 बजे के आसपास गाय-भैंस चराकर वापस घर लौट रहे ग्रामीण लोकनाथ यादव 55 साल का एक जंगली हाथी से अचानक सामना हो गया, जिसके बाद हाथी ने ग्रामीण को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद से पूरे गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि बोरो रेंज के खम्हार बीट में 10 हाथियों का दल विचरण कर रहा है।



## स्टाफ नर्स से मारपीट का मामला गरमाया

# सिहोरा सिविल अस्पताल में पूर्व पार्षद की दबंगई




**जबलपुर।** जिले के सिहोरा स्थित सिविल अस्पताल में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक पूर्व पार्षद द्वारा ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स के साथ सरेआम मारपीट और अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया। घटना के बाद से अस्पताल परिसर में तनाव का माहौल है और चिकित्सकीय स्टाफ में भारी आक्रोश व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार, आरोपी महिला की पहचान पूर्व पार्षद सबा खान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह किसी मरीज के संबंध में अस्पताल पहुंची थीं। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनका ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ नर्स से विवाद हो गया। विवाद धीरे-धीरे इतना बढ़ गया कि पूर्व पार्षद ने आपा खोते हुए नर्स के साथ हाथापाई शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आरोपी नर्स पर दबाव बनाकर जबरन इंजेक्शन लगवाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन जब नर्स ने नियमों का हवाला देते हुए ऐसा करने से इनकार किया, तो उनके साथ अभद्रता और मारपीट की गई।

घटना अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल फुटेज में मारपीट और हंगामे की तस्वीरें साफ तौर पर देखी जा सकती हैं। इस घटना ने सरकारी अस्पतालों में कार्यरत महिला कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

घटना से नाराज डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने कहा कि जब जनप्रतिनिधि रह चुके लोग ही इस तरह का हिंसक और असंवेदनशील व्यवहार करेंगे, तो अस्पताल में सुरक्षित और अनुशासित कार्य वातावरण कैसे बना रहेगा। पीड़ित स्टाफ नर्स ने घटना के तुरंत बाद सिहोरा थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस ने शिकायत और वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। वहीं अस्पताल स्टाफ ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपी के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो वे आंदोलन और कार्य बहिष्कार जैसे कदम उठाने को मजबूर होंगे। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## खुले में मेडिकल कचरा फेंकना अपराध : निगमायुक्त

**जबलपुर।** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में संभाग क्रमांक 2 के अंतर्गत कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के संबंध में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि खुले में मेडिकल कचरा फेकना अपराध है। कचरे के सुरक्षित निपटान को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत आज बड़ी कार्रवाई की गई। संभाग क्रमांक 02, कछपुरा क्षेत्र में खुले में दवाइयों का कचरा फेंकने पर ए.एन. ट्रेडर्स के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम को कछपुरा क्षेत्र में भारी मात्रा में दवाइयों का कचरा एक्सपायर्ड दवाएं और मेडिकल वेस्ट खुले में पड़ा मिला। जब टीम ने कचरे की पड़ताल की, तो उसमें ए.एन. ट्रेडर्स के नाम का बिल बरामद हुआ। बिल के आधार पर तत्काल फर्म की पहचान की गई और संचालक की लापरवाही की पुष्टि हुई। नियमों के उल्लंघन और सार्वजनिक स्वास्थ्य को खतरे में डालने के कारण फर्म संचालक के विरुद्ध 5 हजार रूपये का स्पॉट फाइन किया गया, साथ ही सख्त हिदायत दी गई।

## मंत्री राकेश सिंह मदनमहल गुरुद्वारा में वीर बाल दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल

# बलिदान आज भी दे रहा नैतिक मूल्यों पर अडिग रहने की प्रेरणा

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मदनमहल स्थित गुरुद्वारा साहिब में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने सिख इतिहास के अमर अध्याय को स्मरण करते हुए साहस, त्याग और मानवता के मूल्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मिक, महापौर जगत बहादुर अन्नू, प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन, नगर भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर सहित सिख समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों—वीर बालकों—के अद्वितीय साहस और बलिदान का विस्तार से उल्लेख किया। बताया गया कि किस प्रकार अल्पायु में ही उन्होंने मुगल शासकों के अत्याचारों के सामने झुकने से इंकार करते हुए धर्म, सत्य और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग कर दिया। उनका यह बलिदान आज भी समाज को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और नैतिक मूल्यों पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर मंत्री राकेश सिंह ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेककर मत्था टेका और गुरु वाणी कीर्तन का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया। कीर्तन के माध्यम से संगत ने शांति, एकता और सेवा के भाव को आत्मसात किया। कार्यक्रम के अंत में समाज में सौहार्द, भाईचारे और मानव कल्याण की कामना के साथ अरदास की गई।

# जबलपुर के मटर को मिलेगी वैश्विक पहचान

**जबलपुर।** जिले में प्रस्तावित मटर महोत्सव 2026 को सफल और भव्य बनाने के उद्देश्य से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में महोत्सव के आयोजन से जुड़ी रूपरेखा, व्यवस्थाओं और नवाचारों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मटर से तैयार किए जाने वाले पारंपरिक एवं आधुनिक व्यंजनों की प्रतियोगिता आयोजित करने के प्रस्ताव पर विशेष चर्चा हुई। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से स्थानीय रसोई संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही मटर आधारित नए उत्पादों और व्यंजनों को मंच मिलेगा। इससे किसानों, महिला स्व-सहायता समूहों और स्थानीय उद्यमियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। बैठक में मटर महोत्सव के दौरान बायर–सेलर मीट आयोजित करने पर भी सहमति बनी। इस पहल का उद्देश्य किसानों, उत्पादकों, व्यापारियों और बड़े खरीदारों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, जिससे मटर और उससे जुड़े उत्पादों के बेहतर विपणन और मूल्य संवर्धन की संभावनाएं बढ़ सकें। अधिकारियों ने इसे कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करने की दिशा में अहम कदम बताया। बैठक में महोत्सव के प्रचार-प्रसार, स्थल चयन, पर्यटन गतिविधियों से जुड़ाव और स्थानीय उद्योगों की सहभागिता जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। एमपी टूरिज्म के माध्यम से महोत्सव को पर्यटन से जोड़ने और जिले की पहचान को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने पर जोर दिया गया। बैठक में उपसंचालक उद्यान डॉ. नेहा पटेल, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र विनीत रजक, एमपी टूरिज्म से संजय मल्होत्रा, उद्योग एवं व्यापारी संघ के हिमांशु खरे सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

# अब प्रतिदिन प्रत्येक उपार्जन केंद्र के लिये बुक किये जा सकेंगे छह स्लॉट

**जबलपुर।** राज्य शासन ने कलेक्टर जबलपुर राघवेंद्र सिंह द्वारा भेजे गये प्रस्ताव पर सौ क्विंटल से अधिक मात्रा में समर्थन मूल्य धान का विक्रय करने वाले किसानों के लिये स्लॉट बुकिंग की सीमा चार से बढ़ाकर छह कर दी है। अब प्रतिदिन प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर सौ क्विंटल से अधिक वाले किसानों द्वारा छह स्लॉट बुक किये जा सकेंगे। जिला आपूर्ति नियंत्रक प्रमोद कुमार मिश्र के अनुसार शासन द्वारा जारी धान उपार्जन नीति के क्रिन्यावयन के जारी मानक प्रक्रिया में प्रत्येक उपार्जन केन्द्र में प्रतिदिन 100 क्विंटल से अधिक धान विक्रय करने वाले किसानों के चार स्लॉट बुक करने के प्रावधान किये गये थे। इस वजह से बड़े किसानों को अपनी उपज का विक्रय करने में लंबा इंतजार करना पड़ रहा था। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया बड़े किसानों की इस कठिनाई को देखते हुये कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह ने आयुक्त, नागरिक आपूर्ति, खाद्य एवं उपभोक्ता सरंक्षण को स्लॉट बुकिंग की इस सीमा को चार से बढ़ाकर छह करने का प्रस्ताव भेजा था। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि कलेक्टर श्री सिंह के प्रयासों के फलस्वरूप राज्य शासन द्वारा ई-उपार्जन पोर्टल पर संशोधन कर दिया गया है और अब बढ़ी हुई सीमा के अनुसार प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर 100 क्विंटल से अधिक का धान का विक्रय करने वाले किसानों की स्लॉट बुंकिग भी प्रारंभ हो गई है। जिला आपूर्ति नियंत्रक के मुताबिक धान उपार्जन के लिये पंजीयन कराने वाले जिले के 55 हजार 091 किसानों में से अभी तक 46 हजार 105 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किए जा चुके है। पोर्टल के अनुसार अभी 9 जनवरी तक के स्लॉट ओपन हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक प्रमोद कुमार मिश्र ने एक अन्य जानकारी में बताया कि जिले के ऐसे 65 किसानों को चिन्हित कर उपार्जन केंद्रों पर उनकी धान के विक्रय पर रोक लगा दी गई है, जिन्होंने बासमती, पतली धान अथवा धान की कोई अन्य बोई थी और उस धान को कृषि उपज मण्डी समिति जबलपुर, पाटन एवं सिहोरा में डाक नीलामी में धान का विक्रय अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी को कर दिया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को इन प्रकरणों की जाँच निर्देश भी दिये गये हैं।

## *बिना लाइसेंस बिक्री पर छह कारोबारियों को एक लाख रुपये का जुर्माना*

# खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अपर कलेक्टर की कार्रवाई

**जबलपुर।** अपर कलेक्टर न्यायालय ने खाद्य पदार्थों में मिलावट करने और बिना पंजीयन/लाइसेंस के बिक्री करने वाले छह कारोबारियों पर कुल एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। न्यायालय ने चेतावनी दी है कि एक माह के भीतर जुर्माना जमा न होने पर संबंधित प्रतिष्ठानों का लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे के अनुसार, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत छह प्रकरणों में कार्रवाई की गई।

**इसमें शामिल हैं:** तीन पत्ती चौक स्थित केशरवानी समोसा सेंटर – अवमानक समोसा विक्रय, 25,000 रुपये का जुर्माना।

**ब्यौहारबाग स्थित सुरेश किराना – अमानक ब्रेड विक्रय पर ठोंका 20,000 रुपये का जुर्माना।**

सदर बाजार गली नंबर 14 स्थित अशोक किराना – अवमानक हल्दी पाउडर, 15,000 रुपये का जुर्माना। रद्दी चौकी स्थित हनीफ भाई एंड कंपनी – बिना लाइसेंस, 20,000 रुपये का जुर्माना। विजयनगर चौपाटी स्थित नेमा जी इंटरप्राइजेज – बिना पंजीयन, 10,000 रुपये का जुर्माना। स्नेह नगर स्थित पारुल मार्केटिंग एंड एजेंसी – बिना पंजीयन, 10,000 रुपये का जुर्माना।

अपर कलेक्टर न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जुर्माना एक माह के भीतर न चुकाने पर सभी प्रतिष्ठानों का लाइसेंस या पंजीयन निलंबित कर दिया जाएगा।

## आबकारी विभाग की कार्यवाही, 4.50 लाख रुपये की विदेशी मदिरा जब्त

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त संजीव कुमार दुबे के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग ने शुक्रवार को अवैध मदिरा के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की है। विभाग ने गोरखपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शक्ति नगर, सैनिक कॉलोनी में दबिश देकर लगभग 4 लाख 50 हजार रुपये मूल्य की विदेशी मदिरा जब्त की है। नियंत्रण कक्ष प्रभारी परमानन्द कोरचे के नेतृत्व में टीम ने कार्यवाही करते हुए वीरेंद्र राय के आधिपत्य वाले मकान (मकान नं. 48, प्लॉट नं. 520) की तलाशी ली। मौके से ओल्ड मॉन्क, रॉयल स्टैग, ब्लेंडर प्राइड, सिग्नेचर, 8PM एवं मैक ड्वेल्स सहित विभिन्न ब्रांडों की कुल 315 लीटर विदेशी मदिरा बरामद की गई। संबंधित के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## पाटन के पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चोरी

**जबलपुर।** पाटन रोड के उजरोड क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चोरों ने देर रात सेंधमारी कर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मंदिर पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में एकत्र हो गए। धार्मिक स्थल में हुई इस वारदात से समाज में गहरा रोष और चिंता का माहौल है। शुक्रवार सुबह मंदिर खुलने पर श्रद्धालुओं ने देखा कि मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है। अंदर प्रवेश करने पर सामान अस्त-व्यस्त मिला, जिससे चोरी की पुष्टि हुई। सूचना पर पाटन थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। चौकी प्रभारी गोपिंद्र सिंह राजपूत, नुनसर चौकी प्रभारी विपिन तिवारी सहित पुलिस बल ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम ने दानपेटी और आसपास के हिस्सों से साक्ष्य जुटाए। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि चोर मंदिर के पिछले हिस्से से अंदर दाखिल हुए थे। चोर एक चांदी की मूर्ति, तीन छोटी अष्टधातु की मूर्तियां और एक चांदी का छत्र अपने साथ ले गए। इसके अलावा दानपेटी का ताला तोड़ने की कोशिश भी की गई, हालांकि उसमें से कितनी नकदी गई है, इसकी पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की एक विशेष टीम मंदिर और आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार मंदिर के कैमरे कई दिनों से बंद थे, जिससे जांच में पुलिस को अतिरिक्त मशक्कत करनी पड़ रही है। घटना के बाद जैन समाज के लोगों ने मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं और प्रशासन से सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गई धार्मिक धरोहर बरामद की जाएगी।

## रोटरी डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में रोटरी क्लब जबलपुर ने निभाई उल्लेखनीय भूमिका



**जबलपुर।** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. अमित जायसवाल एवं प्रथम महिला रोटे. पल्लवी जायसवाल के नेतृत्व में रायपुर में आयोजित रोटरी डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस "संगम मित्रों का" में रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर संस्करधानी ने महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान दिया। कॉन्फ्रेंस के दौरान रोटरी क्लब संस्करधानी ने रोटरी क्लब जगदलपुर एवं धमतरी के सहयोग से लगभग 1100 रोटेरियन सदस्यों के अग्रिम रजिस्ट्रेशन बैज उपलब्ध कराए, वहीं आयोजन स्थल पर 100 से अधिक ऑन-स्पॉट रजिस्ट्रेशन कर तत्काल बैज प्रदान किए गए, जिससे कार्यक्रम की व्यवस्थाएं सुचारू रहीं। इस संपूर्ण कार्य में क्लब द्वारा टीम अमित को सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया। यह दायित्व क्लब के पूर्व अध्यक्ष रोटे. समर गायकवाड़ के मार्गदर्शन में संस्थापक अध्यक्ष रोटे. अरुण गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष रोटे. अनिल अग्रवाल, रोटे. अंजुल जैन, रोटे. मनीष बजाज, सचिव रोटे. अभिषेक अग्रवाल, रोटे. यश आहूजा सहित सदस्यों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की सफलता में डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रोटे. अजित खंडेलवाल, कॉन्फ्रेंस चेयरमेन रोटे. सलज अग्रवाल सहित डिस्ट्रिक्ट व विभिन्न क्लबों के पदाधिकारियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम की जानकारी पब्लिक इमेज चेयरमेन रोटे. नितिन जैन एवं डिस्ट्रिक्ट मीडिया टीम द्वारा साझा की गई।

# प्रयागराज की तर्ज पर भेड़ाघाट में होगा माघ मास कल्पवास



**जबलपुर।** अखिल भारतीय मां नर्मदा चैतन्य महाप्रभु लोक कल्याण समिति द्वारा लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निवास पर पहुंचकर माघ मास कल्पवास हेतु भावपूर्ण आमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर मंत्री राकेश सिंह ने समिति अध्यक्ष श्याम मनोहर पटेल को आश्वस्त किया कि मां नर्मदा तट पर आयोजित होने वाले इस धार्मिक आयोजन में शासन व सनातन समाज का पूर्ण सहयोग समय-समय पर प्रदान किया जाएगा। सीताराम आश्रम, सरस्वती घाट भेड़ाघाट में प्रयागराज की तर्ज पर माघ मास कल्पवास का 11वां भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन गोलोकवासी धर्म सम्राट योगाचार्य डॉ. शिवशंकर पटेल की प्रेरणा से हो रहा है। कार्यक्रम का नेतृत्व रामदूत हनुमान जी महाराज द्वारा किया जाएगा। कल्पवास के दौरान मां नर्मदा तट पर श्रद्धालु मां नर्मदा महापुराण एवं श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का श्रवण करेंगे। नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट के संस्थापक पं. मनमोहन दुबे ने बताया कि कल्पवासी एक माह तक कठोर नियमों का पालन करते हुए तीन समय स्नान, भूमि पर शयन, जप-तप, यज्ञ, प्रवचन श्रवण एवं एक समय भोजन या फलाहार करेंगे। धार्मिक मान्यता के अनुसार माघ मास में कल्पवास करने से महान पुण्य और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर अध्यक्ष श्याम मनोहर पटेल, उपाध्यक्ष मोहित तिवारी, सचिव सुरेश विश्वकर्मा, सहसचिव दीपक तिवारी सहित अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## कैनल क्लब ऑफ महाकोशल का राष्ट्र स्तरीय मेगा डॉग शो आज से

**जबलपुर।** कैनल क्लब ऑफ महाकोशल द्वारा 27-28 दिसम्बर को राष्ट्र स्तरीय मेगा डॉग शो का आयोजन संस्कारधानी जबलपुर में किया जा रहा है। के.सी.आई. के मापदंडों पर आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में संपूर्ण भारत से श्वान प्रेमी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। अनुमानतः इस वर्ष 25-30 प्रजातियों के 250-300 श्वानों के उपस्थित होने की संभावना है। यह आयोजन इस वर्ष इसलिए भी अनूठा है कि मध्य भारत में ओबेडिएंस शो का आयोजन होने जा रहा है जिसमें मिक्स ब्रीड तथा प्योर ब्रीड दोनों के श्वान हिस्सा ले सकेंगे, तथा उन्हें उनके कार्य तथा अनुशासन के आधार पर अवार्ड दिये जायेंगे। जिसमें नन्हें शिहत्जू से लेकर ग्रेटडेन अपने जौहर दिखायेंगे। इस कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाते हुए इस वर्ष तीन ब्रीड स्पेशलिटी शो (लैब्राडोर, गोल्डन रिट्रीवर तथा डॉबरमैन) का आयोजन कराया जा रहा है, जो शनिवार तथा ऑल ब्रीड रविवार को होंगे। जबकि ओबेडिएंस शो का आयोजन शनिवार को किया जावेगा। आयोजन के मुख्य निर्णायक ग्लेन वर्नन (आस्ट्रेलिया), सुश्री डेनिस एच क्लर्क (न्यूजीलैण्ड), वाग जॉग ली (कोरिया) से होंगे।

# ड्रोन एवं काउंटर-ड्रोन तकनीक पर हुई कार्यशाला




**जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वावधान में शुक्रवार को जबलपुर मिलिट्री स्टेशन स्थित बत्रा ऑडिटोरियम में भविष्य की ड्रोन एवं काउंटर-ड्रोन तकनीक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य आधुनिक ड्रोन तकनीक में हो रहे तीव्र वैश्विक विकास, इसके सैन्य उपयोग, उभरते हवाई खतरों तथा उनसे निपटने के लिए काउंटर-ड्रोन प्रणालियों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी साझा करना था। इस कार्यशाला में लेफ्टिनेंट जनरल पी.एस. शेखावत, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मध्य भारत एरिया के साथ लगभग 50 सैन्य अधिकारी, 70 जेसीओ एवं करीब 500 जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का संचालन रोबुज़ संस्था द्वारा किया गया, जो यूएवी टेक्नोलॉजी, ड्रोन फोरेंसिक, काउंटर-ड्रोन सिस्टम तथा भविष्य के कॉम्बैट एप्लीकेशंस में विशेषज्ञता रखती है। लेक्चर-कम-डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को यूएवी असेंबलिंग, परिचालन उपयोग, ड्रोन फोरेंसिक, पहचान एवं निरीक्षण प्रणाली सहित ड्रोन प्लेटफॉर्म की व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर "भारत के ड्रोन मैन" के नाम से प्रसिद्ध श्री मिलिंद राज ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल शेखावत ने कहा कि इस प्रकार की तकनीकी कार्यशालाएं सुरक्षा बलों की तकनीकी दक्षता, तत्परता एवं जागरूकता बढ़ाने के साथ भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर तैयारी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## खबर संक्षेप

### स्कूटी सवार दो युवतियां हादसे का शिकार, एक की मौत

**कटनी।** स्कूटी सवार दो युवतियां हादसे का शिकार हो गईं, जिसमें एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा जिला न्यायालय के मुख्य गेट के सामने बीती शाम हुआ। हादसे में जिस युवती की मौत हुई उसकी पहचान सोफिया बानो 23 वर्ष निवासी ईश्वरीपुरा वार्ड के रूप में हुई है। वहीं घायल युवती खुशी शुक्ला 20 वर्ष निवासी रंगनाथ थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। घायल का उपचार परिजनों की सहमति से निजी अस्पताल में जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवतियां स्कूटी से जिला न्यायालय गेट के सामने से गुजर रही थीं। इसी दौरान स्पीड ब्रेकर के पास स्कूटी असंतुलित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में सोफिया बानो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि खुशी शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला कांग्रेस ने रेपकांड के आरोपी को मिली जमानत पर जताया विरोध

**कटनी।** उन्नाव बलात्कार कांड के आरोपी और पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली जमानत के खिलाफ जिला महिला कांग्रेस कमेटी, कटनी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। महिला कांग्रेस ने इस फैसले को पीड़िता और समाज के लिए चिंताजनक बताते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत को तत्काल रद्द किया जाए और मामले में कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।न महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि इतने जघन्य अपराध के आरोपी को जमानत मिलना न्याय व्यवस्था पर आम जनता का विश्वास कमजोर करता है। साथ ही, इससे पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा को भी गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। ज्ञापन में कहा गया है कि ऐसे मामलों में सख्त रुख अपनाया जाना चाहिए, ताकि समाज में गलत संदेश न जाए और पीड़ितों को न्याय मिलने का भरोसा बना रहे। महिला कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि वह महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर लगातार आवाज उठाती रहेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करती रहेगी।

### सिद्धचक्र महा मंडल विधान का आयोजन



**कटनी।** कैलवारा झुरही, स्थित चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र में संत शिरोमणी आचार्य गुरूवर विद्यासागरी महाराज के अज्ञानुवर्ती परम शिष्य मुनि पुंगव निर्यापक श्रवण सुधासागर महाराज एवं पदम सागर महाराज के मंग आशीर्वाद से सिद्धचक्र महामण्डल विधान का कार्यक्रम बड़े हर्ष उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जबलपुर से पधारे बालब्रम्हचारी विनोद भैया एवं राकेश भैया के कुशल निर्देशन में मंत्रोच्चान एवं श्रद्धाभक्ति के साथ विश्वशांति महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम में ध्वजारोहणकर्ता श्रीमंत सेठ उत्तमचंद प्रभा जैन, अनुराग जैन, अनुज जैन, महायज्ञ नायक धन्नालाल अंगूरी जैन, इंदौर विधानकर्ता देवकुमार ममता रानी, मैना सुंदरी, राकेश जैन, मनीषा जैन बरया, बंगलौर सौधर्म इन्द्र विवेक कुमार नेहा जैन, अतुल जैन प्रीति जैन-इंदौर, के साथ 151 इन्द्र इन्द्राणियों ने शामिल होकर पुण्य लाभ लिया। चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी के महामंत्री प्रमोद जैन कक्का ने बतलाया कि यह विधान विश्वशांति और आत्म कल्याण की भावना के साथ आयोजित किया जाता है इसलिए समाज जन इस आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा

कलेक्टर ने की स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा

# सख्त हिदायत : स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कोताही पर तय होगी जवाबदेही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। स्वास्थ्य कार्यक्रमों की निगरानी का सुदृढ़ पर्यवेक्षण तंत्र विकसित कर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इनके अमल में कोताही बरतने वालों की जवाबदेही सुनिश्चित कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने यह निर्देश शुक्रवार को स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान दिये। इस दौरान जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं।



कलेक्टर ने गर्भवती माताओं के संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच करने और मैदानी स्तर पर संचालित स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति के लिये अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग को मैदानी स्तर पर बेहतर तालमेल से मातृ एवं शिशु मृत्यु एवं कुपोषण के विरूद्ध प्रभावी पहल करने की हिदायत दी।

कलेक्टर श्री तिवारी ने मातृ स्वास्थ्य के अंतर्गत जिले में मातृ मृत्यु की प्रकरणवार समीक्षा की। उन्होंने गर्भवती माताओ का पंजीयन और उनको दी गई सेवायें, अनमोल पोर्टल एवं यूविन पोर्टल की उपलब्धि, जिले में संचालित डिलीवरी प्वाइंट की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। इसके अलावा कलेक्टर ने स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट तथा पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती हुये कुपोषित बच्चों की संख्या, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम एवं आयुष्मान भारत योजना की भी बिंदुवार गहन समीक्षा की।

बैठक में 15वें वित्त निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुये कलेक्टर श्री तिवारी ने समस्त निर्माण कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सिविल सर्जन को जिला अस्पताल में ड्रेनेज संबंधी समस्त कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थाओं में मानव संसाधन आउटसोर्स स्टाफ से कराया जाये।

कलेक्टर ने प्रसव केन्द्र के रूप में क्रियाशील उपस्वास्थ्य केन्द्रों में दो आउटसोर्स कर्मी से कार्य कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कन्हवारा ब्लॉक का एएनसी पंजीयन कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये बीएमओ को आगामी एक माह के अंदर प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रगति न होने पर वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान पाया गया कि हितग्राही समग्र आईडी उपलब्ध न होने के करण एएनसी पंजीयन कम है। जिस पर कलेक्टर ने समस्त बीएमओ को हितग्राही की सूची बनाकर कार्यालय जिला पंचायत में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने शहरी क्षेत्र में एएनसी पंजीयन को बढ़ाने हेतु प्रतिदिन नर्सिंग होम का डाटा लेना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही सीएमएचओ को निजी नर्सिंग होम की बैठक आयोजित करने की हिदायत दी।

कलेक्टर ने आगामी बैठक में हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का जिला स्तरीय डाटा राज्य स्तरीय डाटा के समतुल्य करने के निर्देश दिये। साथ ही जिला चिकित्सालय कटनी का डाटा विगत वर्ष में हुये प्रसव से अनुपातिक लक्ष्य बनाकर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया।

टीकाकरण कार्यक्रम में जिले की रैंक राज्य स्तर में चौथे स्थान पर आने पर कलेक्टर ने जिला टीकाकरण अधिकारी एवं उनकी टीम को बधाई दी। कलेक्टर ने मिशन मोड में कार्य करते हुये आशा, सीएचओ एवं जीआरएस के माध्यम से शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाये के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने पोषण ट्रैकर पर आंगनवाड़ी केंद्रों की उपस्थिति अनिवार्यतः दर्ज किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से टेक होम राशन एवं पूरक पोषण आहार प्रदाय की समीक्षा की गई।



## सड़क में निर्माण सामग्री रखकर व्यवसाय, दो ट्राली गिट्टी हुई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं आम नागरिकों को आवागमन में हो रही असुविधा से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में निरीक्षण के दौरान संत कवरराम वार्ड में सार्वजनिक मार्ग के किनारे एवं सड़क पर निर्माण सामग्री रखकर व्यवसाय करने तथा गंदगी फैलाने पर संबंधित व्यवसायी घनश्याम राजपाल के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए निर्माण सामग्री दो ट्राली गिट्टी जब्त करने की सख्त कार्यवाही की गई।

अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह बताया कि नगर निगम के अमले द्वारा निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संत कवरराम वार्ड में कुछ व्यवसायियों द्वारा बिना अनुमति मुख्य मार्ग पर गिट्टी एवं अन्य निर्माण सामग्री रखकर व्यवसाय किया जा रहा था, जिससे गंदगी फैलने के साथ ही यातायात बाधित हो रहा था तथा दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। नियमों के उल्लंघन पर नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए दो ट्राली गिट्टी जब्त कर पंचनामा बनाया गया। इस दौरान संबंधित व्यवसायियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण कर अथवा निर्माण सामग्री रखकर व्यवसाय करने पर और भी कठोर कार्यवाही की जाएगी।

नगर निगम प्रशासन ने आम नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे नगर की सुव्यवस्था एवं सुरक्षित यातायात के हित में नियमों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करते हुए नगर की सुगम यातायात व्यवस्था हेतु निगम प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहयोग प्रदान करें।

*फार्मर आईडी नहीं होने से किसानों को होंगे विभिन्न नुकसान*

## ई-विकास प्रणाली से होगा उर्वरक का वितरण, फार्मर आईडी है आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुचारु रूप से उपलब्ध कराने हेतु शासन द्वारा एग्रीस्टैंक योजनांतर्गत फार्मर आईडी (किसान पहचान पत्र) को अनिवार्य किया गया है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर फार्मर आईडी बनाने का कार्य किया जा रहा है। शासन के नियमों के तहत भू-स्वामियों को फार्मर आईडी बनवाना जरूरी है।

अब प्रदेश के सभी जिलों में ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण हेतु 'एग्रीस्टैक' (किसान रजिस्ट्री) डेटा का उपयोग किया जाएगा। इस नई व्यवस्था के तहत, प्रदेश के सभी भूधारी किसानों के लिए विशिष्ट 'फार्मर आईडी' जनरेट करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। शासन का मुख्य उद्देश्य किसान रजिस्ट्री में दर्ज किसानों की जानकारी को उनके भू-अभिलेखों से पूर्णतः लिंक करना है। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि सिस्टम में किसान की भूमि संबंधी समस्त जानकारी उपलब्ध रहे, जिसके आधार पर उर्वरक का सटीक और न्यायोचित वितरण किया जा सके।

फार्मर आईडी न बनवाने पर किसानों को भविष्य में उर्वरक प्राप्त करने और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा। इसी तरह फसल बीमा योजना, कृषि अनुदान, बीज एवं उर्वरक सब्सिडी से किसान वंचित हो जायेंगे।

### बिचौलियो की भूमिका होगी समाप्त

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सभी भूधारी किसानों की फार्मर आईडी जनरेट करने और उनकी सभी भूमियों को लिंक करने की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करें। इस डिजिटल एकीकरण से किसानों को खाद प्राप्त करने में होने वाली असुविधाओं का निराकरण होगा और बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी। किसान रजिस्ट्री और भू-अभिलेखों की इस मैपिंग से कृषि योजनाओं का लाभ सीधे और सही लाभार्थियों तक पहुँचना संभव हो सकेगा।

### यहां बनवा सकते हैं फार्मर आईडी

कृषक अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र (सीएससी), पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय और पटवारी से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज (आधार कार्ड, भूमि अभिलेख, मोबाईल आदि) के साथ अपनी फार्मर आईडी बनवा सकते हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी कृषकों से शीघ्रातिशीघ्र अपनी फार्मर आईडी अनिवार्य रूप से बनवाने एवं अपनी भूमि का एग्रीस्टैक डाटा (फार्मर रजिस्ट्री) लिंक कराने की अपील की है। जिससे उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके और वे जरुरी कृषि संबंधित सेवाओं का उपभोग कर सके।

## समर्थन मूल्य पर 26 किसानों 238 क्विंटल कोदो उपार्जित



रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर अब तक 26 किसानों से 238 .45 क्विंटल कोदो का उपार्जन किया जा चुका है। कोदो का उपार्जन 15 जनवरी तक होगा। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में किसानों की सुविधा के लिए कोदो कुटकी का उपार्जन म.प्र. राज्य वेयर हाउस मझगवां, बड़वारा के उपार्जन केन्द्र पर संगमबीडी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा किया जा रहा है। खरीफ- 2025 में उत्पादित श्रीअन्न कुटकी 3500 रूपये प्रति क्विंटल एवं कोदो 2500 रुपये प्रति क्विंटल के मान से उपार्जन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कृषको को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1000 रुपये प्रति क्विंटल के मान से संबंधित कृषकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदाय किये जायेंगे। श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ़ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी भोपाल से अतुल सिंह एवं सहायक संचालक कृषि द्वय रामनाथ पटेल और मनीष मिश्रा द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया ।जहां पर उपार्जित कोदो की अच्छी क्वालिटी पाई गई। सभी पंजीकृत किसानों से निर्धारित एफएक्यू मानकों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण उपज लेकर ही उपार्जन केंद्र पर आने की अपील की गई है।

## कालेज चलो अभियान के तहत छात्रों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के प्राचार्य डॉ लवकुश सिंह एवं नोडल अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल (क्रीड़ाधिकारी) के निर्देशन में महाविद्यालय के श्रीमती तोषी पटेल, डॉ योगिता अरजरिया, डॉ कल्पना सतनामी, डॉ विमला सिंह, डॉ रचना पाण्डेय ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा, में कक्षा 12 वी में अध्यनरत संकाय के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा अध्ययन हेतु शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश के लिए जानकारी प्रदान की एवं शासन की विभिन्न नई योजनाओं के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य चंदन सिंह एवं जुगल सिंह चौरसिया का विशेष योगदान रहा साथ ही समस्त शिक्षक तथा अध्ययनरत छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। 24/12/2025 को मप्र उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के प्राचार्य डॉ लवकुश सिंह एवं नोडल अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल (क्रीड़ाधिकारी) के निर्देशन में महाविद्यालय की श्रीमती तोषी पटेल, डॉ योगिता अरजरिया, डॉ कल्पना सतनामी, डॉ रचना पाण्डेय द्वारा शारदा मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा, में कक्षा 12 वी में अध्यनरत विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा अध्ययन हेतु शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया एवं महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधायें जैसे पुस्तकालय, प्रयोगशाला नियमित कक्षा अध्यापन, खेल प्रकोष्ठ के बारे में सुचारू रूप से अवगत कराया गया साथ ही शासन की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के प्राचार्य सतीश द्विवेदी एवं हर्ष द्विवेदी का सहयोग रहा। समस्त शिक्षक तथा अध्ययनरत छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

*शासकीय आईटीआई में रोजगार एवं अप्रेन्टिस मेले का हुआ आयोजन*

## 833 युवाओं का प्राथमिक चयन, स्वरोजगार हेतु पांच आवेदकों को 50 लाख से अधिक के ऋण पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा एक छत के नीचे रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को शासकीय आईटीआई कटनी में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिससिप मेले का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री तिवारी ने रोजगार मेला पहुंचकर पंजीयन स्टाल और विभिन्न नामचीन कंपनियों के स्टालों में पहुंचकर कंपनी प्रतिनिधियों और यहां पहुंचे युवाओ से चर्चा किया।



जिला रोजगार अधिकारी श्री डी. के. पासी ने बताया कि मेले में निजी क्षेत्र की 16 कम्पनियों से 1278 रिक्तियां प्राप्त हुई थी। मेले में 875 आवेदकों के द्वारा पंजीयन कराया गया। जिसमें मार्गदर्शन सुमि सिस्टम पीथमपुर द्वारा 83, ग्रोफस्ट ऑर्गेनिक जबलपुर द्वारा 29, प्रधानमंत्री कैशल विकास केन्द्र द्वारा 61, अडानी स्केल डेवलपमेंट कंपनी द्वारा 153, ग्रेड ऑर्गेनिक प्रा. लि. सागर द्वारा 39, सी.पी. ई. टी. भोपाल द्वारा 56, प्रीमियर रिफैक्ट्रीज द्वारा 5, संघान ट्रस्ट द्वारा 108, लवली ऑटोमोबाइल कटनी द्वारा 35, अरविंद लि.मि. गांधी नगर गुजरात द्वारा 23, देहली ऑटो मोबाइल कटनी द्वारा 15, शारदा रिफैक्ट्रीज कटनी द्वारा 8, जयहिंद इंडस्ट्रीज प्रा. लि.मि. द्वारा 22, अशोक लिलेन्ड द्वारा 77, याजाकि विटेनिया द्वारा 60 और स्विस सोलेशन प्रा. लि. सहित कुल 833 आवेदकों का प्राथमिक चयन कम्पनियों द्वारा किया गया।

मेले में दीपक टंडन सोनी द्वारा स्वरोजगार हेतु 5 आवेदकों को कुल 50 लाख 50 हजार रूपये के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। साथ ही युवा संगम मेले में स्वास्थ परिक्षण हेतु मेडीकल टीम द्वारा 56 आवेदकों का मेडिकल परीक्षण किया गया। साथ ही आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला अंत्यावसायी विभाग, पशुपालन विभाग उद्यानिकी विभाग, जिला व्यापार उद्योग कैन्द्र कटनी, द्वारा उपस्थित आवेदकों को स्वरोजगार से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

मेले में आईटीआई प्राचार्य श्री देवेश मिश्रा द्वारा मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार से संबंधित जानकारी प्रदान की गई एवं कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कम्पनी से संबंधित जानकारी प्रदाय की गई।

अटल जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने दिलाया गया संकल्प

## विकास ओर राष्ट्रनिर्माण के लिए समर्पित रहा अटलजी का जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101 जयंती को अटल स्मृति वर्ष के रूप में स्लीमनाबाद में मनाया गया साथ ही अटल स्मृति वर्ष के साथ वीर बाल दिवस भी मनाया गया जिसका विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम स्लीमनाबाद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी रहे। साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, विधायक प्रणय पांडेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, शशांक श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन कर की गईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक प्रणय पांडेय ने अपने




विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सब यहाँ एक ऐसे व्यक्तित्व को याद करने और उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिनका नाम ही अपने आप में एक दृढ़ संकल्प, एक अटूट निष्ठा और एक महान विचार का प्रतीक है।

मध्यप्रदेश सरकार के दो वर्ष प्रगति और विकास के वर्ष पर अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों में मध्य प्रदेश ने प्रगति, पारदर्शिता और प्रदर्शन का एक नया मॉडल स्थापित किया है।उन्होंने ₹विकसित भारत @ 2047₹ के विजन के अनुरूप प्रदेश के लिए तैयार किए गए 8 प्रमुख थीम वाले दृष्टि-पत्र पर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में निवेश, उद्योग और रोजगार को नई गति मिली है, जिससे मध्यप्रदेश देश का 'ग्रोथ इंजन' बन रहा है। सरकार द्वारा महिला कल्याण और लाड़ली बहना जैसी योजनाओं के माध्यम से नारी सशक्तिकरण के संकल्प को साकार करने पर बल दिया है। साथ ही बहोरीबंद विधानसभा मैं अब तक विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने ने वीर बाल दिवस के बारे में बताते हुए कहा यह दिन सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी के दो छोटे साहिबजादों— बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत को समर्पित है।वीर बाल दिवस केवल एक ऐतिहासिक घटना की याद नहीं है, बल्कि यह हम युवाओं के लिए साहस, राष्ट्रवाद और अपने मूल्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा है। दिन हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम भी उनके जैसे निडर बनेंगे और देश की उन्नति में अपना योगदान देंगे।

अटल जी के विचारों को पहुंचाये जन -जन तक -कार्यक्रम को संबोधित करते हुये भाजपा प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के बारे मैं विस्तार से बतलाया। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओ को निर्देश दिए कि अपने अपने बूथों पर एसआईआर के काम को करें। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार साकार कर रही है। अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति एवं वीर बाल दिवस ने सभी कार्यकर्ताओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ता उम्मेद सिंह, जगदेव पटेल, कमलेश नायक, रतन गुप्ता, रवि दुबे, राधेश्याम गोलू तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश नायक, भाजपा जिला मंत्री कमलेश सेन, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, लोकेश ब्यौहार, पीयूष अग्रवाल, अमित पुरी गोस्वामी मौजूद रहे।



## सांसद खेल महोत्सव में शारदा मॉडल स्कूल की छात्राओं ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

विभिन्न खेल गतिविधियों में हमेशा से प्रतोयोगिताओं में शारदा मॉडल हायर सेकेन्ड्री स्कूल बड़वारा की छात्रासों ने अपनी प्रतिभा से शाला एवम परिजनों तथा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का मान बढ़ाया है। गौरतलब है कि बड़वारा में संचालित शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में समय समय पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। सांसद खेल महोत्सव 2025 में गांधी स्टेडियम जिला शहडोल में कटनी जिला के बड़वारा विधानसभा से शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बड़वारा में अध्ययनरत छात्राओं ने रस्साकसी में तृतीय स्थान हासिल की हैं। छात्राओं की इस उपलब्द्धि पर शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं एवम विजेता प्रतिभागी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अगरबत्तियों के लिए नया बीआईसी मानक, सुरक्षा, बाजार को बढ़ावा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व में अगरबत्ती का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक भारत उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक नया गुणवत्ता मानक लेकर आया है जिसके तहत अगरबत्ती निर्माण में कुछ कीटनाशक रसायनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

- कीटनाशक रसायनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया

इस कदम से करीब 8,000 करोड़ रुपये के अगरबत्ती बाजार को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। उपभोक्ता सुरक्षा, घर के अंदर वायु गुणवत्ता, पर्यावरणीय स्थिरता और नियामकीय अनुपालन पर बढ़ते जोर के मद्देनजर अगरबत्तियों के लिए एक अलग से भारतीय मानक 'आईएस 19412:2025' विकसित किया गया है।

## भारत विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक

### ये आवश्यकताएं तय की गई

*इसमें कच्चे माल, जलने की गुणवत्ता, सुगंध प्रदर्शन और रासायनिक मानकों से जुड़ी आवश्यकताएं तय की गई हैं, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और समान गुणवत्ता वाले उत्पाद मिल सकें। मंत्रालय ने कहा, /''इससे उपभोक्ता विश्वास बढ़ेगा, नैतिक और टिकाऊ विनिर्माण पद्धतियों को बढ़ावा मिलेगा, पारंपरिक कारीगरों को समर्थन मिलेगा और वैश्विक बाजारों तक पहुंच बेहतर होगी।/''*

### 150 से अधिक देशों को निर्यात

*लगभग 8,000 करोड़ रुपये वार्षिक आकार वाले भारतीय अगरबत्ती उद्योग से हर साल 1,200 करोड़ रुपये मूल्य की अगरबत्तियों का निर्यात होता है। भारत अमेरिका, मलेशिया, नाइजीरिया, ब्राजील और मेक्सिको सहित 150 से अधिक देशों को अगरबत्तियां निर्यात करता है।*



### निषिद्ध पदार्थों की सूची तय की

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने अगरबत्ती में उपयोग के लिए निषिद्ध पदार्थों की एक सूची भी तय की है। सूची में एलेथ्रिन, पर्मेथ्रिन, साइपरमेथ्रिन, डेल्टामेथ्रिन और फिप्रोनिल जैसे कुछ कीटनाशक रसायन शामिल हैं। इसके अलावा बेंजिल सायनाइड, एथिल एक्रिलेट और डाइफिनाइल एमीन जैसे कृत्रिम सुगंध मध्यवर्ती रसायनों पर भी रोक लगाई गई है।

### वैश्विक प्रतिबंधों को ध्यान में रखा गया

यह मानक कुछ सुगंधित यौगिकों और रसायनों पर वैश्विक स्तर पर लगाए गए प्रतिबंधों को भी ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। नए मानक का अनुपालन करने वाले उत्पाद बीआईएस मानक चिन्ह भी ले सकते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को आत्मविश्वास के साथ सूचित विकल्प चुनने में मदद मिलेगी।

### कई श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया

इन पदार्थों में से कई मानव स्वास्थ्य, घर के अंदर वायु गुणवत्ता और पर्यावरणीय सुरक्षा पर संभावित नकारात्मक प्रभाव के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित हैं। नए गुणवत्ता मानक के तहत अगरबत्तियों को मशीन निर्मित, हाथ से बनी और पारंपरिक मसाला अगरबत्ती की श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

## खबर संक्षेप

### टाइटन बीऑन ब्रांड के बने हीरे के कारोबार में उतरेगी




**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी आभूषण निर्माता कंपनी टाइटन ने शुक्रवार को 'बीऑन' ब्रांड नाम के तहत प्रयोगशाला में बने हीरे के कारोबार में प्रवेश की घोषणा की। कंपनी प्रयोगशाला में बने किफायती हीरे पर ध्यान केंद्रित करते हुए 29 दिसंबर को मुंबई में एक स्टोर खोलेगी। टाटा समूह द्वारा संचालित कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी।

### रुपया 15 पैसे कमजोर होकर 89.86 प्रति डॉलर



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और विदेशी पूंजी की निकासी के दबाव में रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 15 पैसे टूटकर 89.86 के भाव पर बंद हुआ। आयातकों की ओर से डॉलर की मजबूत मांग आने और व्यापार समझौते से जुड़ी अनिश्चितताओं के बीच जोखिम से बचने की प्रवृत्ति ने निवेशक धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक

### भ्रामक विज्ञापनों के लिए 'विजन आईएएस' पर जुर्माना




**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने शैक्षणिक संस्थान 'विजन आईएएस'' पर यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में अपने छात्रों के प्रदर्शन के बारे में भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए 11 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कानूनों के तहत बार-बार अपराध करने पर जुर्माना लगाने का यह पहला मामला है।

### सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की आईपीओ लाने योजना नहीं




**नई दिल्ली।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की फिलहाल भारत में अपने कारोबार को सूचीबद्ध करने की कोई योजना नहीं है। इसके बजाय कंपनी अपने उत्पादों में कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाने में तेजी लाने और सबसे महत्वपूर्ण विकास बाजारों में से एक में बिक्री बढ़ाने के लिए अपनी उपभोक्ता वित्त इकाई का विस्तार करने पर ध्यान देगी।

### सेम्बकॉर्प ने रिन्यू सन ब्राइट का अधिग्रहण किया पूरा




**नई दिल्ली।** ऊर्जा और शहरी समाधान प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज की अनुषंगी कंपनी सेम्बकॉर्प ग्रीन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड ने रीन्यू प्राइवेट लिमिटेड से रीन्यू सन ब्राइट प्राइवेट लिमिटेड में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। रिन्यू सन ब्राइट राजस्थान के पास फतेहगढ़ में 300 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना है।

### कोल इंडिया ने साईराम को नियुक्त किया सीईओ

Coal India Ltd

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक बी साईराम को कंपनी का सीईओ नियुक्त किया है। यह निर्णय शुक्रवार को हुई कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक में लिया गया। सीएमडी और सीईओ की दोहरी भूमिका में साईराम की नियुक्ति कोयला क्षेत्र की इस दिग्गज कंपनी में तेज और प्रभावी प्रबंधन को बढ़ावा देने के केंद्र सरकार के प्रयासों को दर्शाती है।

## स्थापित क्षमता हासिल करने के अंतिम पांच वर्षों में भारत का प्रवेश

# वर्ष 2026 में सरकार का इस्पात उत्पादन बढ़ाने, कच्चे माल की सुरक्षा पर होगा जोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार आने वाले वर्ष में इस्पात उत्पादन बढ़ाने और कच्चे माल की सुरक्षा को प्राथमिकता देती रहेगी, क्योंकि भारत 2030 तक 30 करोड़ टन की स्थापित इस्पात विनिर्माण क्षमता हासिल करने के अंतिम पांच वर्षों में प्रवेश कर चुका है।

क्षमता विस्तार के साथ ही कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को अपनाने, हरित इस्पात क्षमता को बढाने और घरेलू उद्योगों तथा निर्यात बाजारों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष और उच्च-स्तरीय इस्पात के उत्पादन पर जोर बना रहेगा। इस्पात मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।



- भारत को 2030 तक 30 करोड़ टन की स्थापित क्षमता हासिल करना है
- क्षमता विस्तार के साथ कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकी अपनाने पर जोर
- निर्यात करने के लिए उच्च-स्तरीय इस्पात के उत्पादन पर जोर बना रहेगा

### एशियाई बाजार से आयात चिंता का विषय

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा इस्पात उत्पादक है और सरकार की विभिन्न नीतियों के कारण इस्पात की मांग को लगातार समर्थन मिल रहा है। हालांकि उद्योग के सामने चुनौतियां भी हैं, जिनमें बढ़ता आयात, कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताएं शामिल हैं। पहले से लागू सुरक्षा और एंटी-डंपिंग उपायों के बावजूद एशियाई बाजारों से आयात, घरेलू उत्पादकों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

### भारत ने अच्छी प्रगति की : जिंदल

जिंदल स्टील के चेयरमैन और भारतीय इस्पात संघ के अध्यक्ष नवीन जिंदल ने कहा कि भारत ने अच्छी प्रगति की है, लेकिन इसे और तेजी से लागू करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आगे का मार्ग निरंतर मांग सृजन, नीतिगत स्थिरता और साहसिक निवेश की मांग करता है।

### बाधाएं इस क्षेत्र में दबाव बना रही

उद्योग निकाय एसोचैम ने कहा कि सरकार का समर्थन महत्वपूर्ण रहा है, लेकिन कोकिंग कोयले की बढ़ती लागत, ऊंचे लॉजिस्टिक खर्च, रेलवे रेक की सीमित उपलब्धता और अवसंरचना की बाधाएं अब भी इस क्षेत्र पर दबाव बना रही हैं। एसोचैम को नए साल में इस्पात की मांग बढ़ने की उम्मीद है और उसके मुताबिक गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों में आगे ढील दिए जाने की संभावना नहीं है।

### निर्यात पर दूसरे देश प्रतिबंध बढ़ा रहे

उद्योग निकाय ने कहा, ''भारतीय इस्पात निर्यात पर दूसरे देश व्यापार प्रतिबंध बढ़ा रहे हैं। यदि यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते होते हैं, तो कुछ राहत मिल सकती है, जिससे घरेलू उद्योग को समर्थन मिलेगा।''

### 2017 में राष्ट्रीय इस्पात नीति पेश की गई थी

सरकार ने मई 2017 में महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय इस्पात नीति पेश की थी, जिसका लक्ष्य लगभग 10 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ 20 करोड़ टन से अधिक इस्पात निर्माण क्षमता जोड़ना है। शोध फर्म बिगमिंट के अनुसार नवंबर 2025 तक भारत की स्थापित इस्पात विनिर्माण क्षमता 23.5 करोड़ टन थी और वित्त वर्ष 2025-26 तक इसके लगभग इसी स्तर पर बने रहने का अनुमान है।

### नए कोल भंडारों की खोज जारी

'कोकिंग कोयले के नए भंडारों की खोज की जा रही है और आपूर्ति में विविधता लाने के लिए हम संसाधन समृद्ध देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं।'' लौह अयस्क के लिए नीलामी पहले से ही चल रही है और इस्पात निर्माताओं को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## इंडिगो पर 13 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना...

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के संबंध में 13 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। पंजाब के राज्य कर, उत्पाद शुल्क और कराधान विभाग सहायक आयुक्त के कार्यालय ने वित्त वर्ष 2021-22 से संबंधित 13,28,255 रुपये का जुर्माना लगाया है। विभाग ने जुर्माने के साथ-साथ जीएसटी की मांग भी उठाई है। इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, विभाग ने जीसीएटी मांग के साथ जुर्माना भी लगाया है। कंपनी मानती है कि प्राधिकरण द्वारा पारित आदेश त्रुटिपूर्ण है। इसके अलावा कंपनी का मानना है कि उसके पास पर्याप्त सबूत और बाहरी कर सलाहकारों की सलाह के आधार पर मजबूत पक्ष है।

**मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल**
'चयन भवन, मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (ईस्ट)
भोपाल-462011, दूरभाष क्रमांक- 0755-2578801-02

**सूबेदार एवं सब इंस्पेक्टर के रिक्त पदों हेतु भर्ती परीक्षा-2025 के संबंध में आवश्यक सूचना**

म.प्र कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली सूबेदार एवं सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2025 के संबंध में माननीय न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेशों के परिपालन में, केवल न्यायालयीन प्रकरण वाले अभ्यर्थी दिनांक 26.12.2025 से 31.12.2025 तक एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से अपना आवेदन पत्र भर सकते है।
उक्त अभ्यर्थियों का अंतिम परीक्षा माननीय न्यायालय के अधीन रहेगा।
**विज्ञापन क्रमांक-94/2025**
म.प्र. माध्यम/123690/2025 **संचालक**

**M.P. POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER (LD:E&T), NAYAGAON, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)- 482008, PHONE : 0761-2702744, 2702753, FAX No.: 0761-2970119

**TENDER NOTICE**

Sealed tenders are invited for **Supply, installation & commissioning of Server/High-end Desktop PCs, Printer & Laptop** AT SLDC JABALPUR against Tender Specification No. LDET- 08/2025-26 which is due for opening on 16/01/2026. The cost of tender document is Rs.1,180.00. For further details & downloading of tender document, please visit our website **www.mptransco.nic.in, www.mptenders.gov.in, www.sldcmpindia.in**
**//SAVE ELECTRICITY//**
M.P. Madhyam/123682/2025

# कोयला, लिग्नाइट की खदानें खोलने के लिए मंजूरी की प्रक्रिया में बदलाव

- अनुमोदन प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा
- प्रक्रियात्मक दोहराव हटाकर संचालन तेज करने की सुविधा मिलेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सरकार ने शुक्रवार को कहा कि उसने कोयला और लिग्नाइट खदानों को खोलने से संबंधित अनुमोदन प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए नियमों को संशोधित कर दिया है।

कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन संशोधनों से प्रक्रियात्मक दोहराव हटाकर संचालन को तेज करने की सुविधा मिलेगी जबकि नियामकीय निगरानी जारी रहेगी। कोलियरी नियंत्रण नियम, 2004 के नियम-9 के तहत खदान मालिकों को किसी भी खदान या उसकी परत को खोलने से पहले कोयला नियंत्रक संगठन (सीसीओ) की मंजूरी लेनी होती थी। यदि कोई खदान 180 दिन या उससे अधिक समय के लिए बंद रहती थी, तो दोबारा संचालन शुरू करने के लिए भी यह मंजूरी होती थी। अब सरकार ने इस प्रक्रिया में दोहराव को कम करने, कोयला उत्पादन बढ़ाने और अनुमोदन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए नियम-9 को संशोधित कर दिया है। अब खदानों या उनकी परत को खोलने की मंजूरी संबंधित कोयला कंपनी के निदेशक मंडल से ही ली जा सकती है।

मंत्रालय ने कहा, "हालांकि सुरक्षा के तौर पर यह प्रावधान रखा गया है कि संबंधित खदान/ परत को खोलने के लिए निदेशक मंडल केवल तभी मंजूरी देगा जब केंद्रीय/राज्य सरकार और अन्य वैधानिक निकायों की आवश्यक मंजूरी प्राप्त हो। इस बदलाव से खदान संचालन की समय-सीमा में करीब दो महीने तक की कटौती होने की उम्मीद है।

### दक्षता बढ़ाने में मदद मिलेगी

नियमों में यह बदलाव संचालन संबंधी निर्णयों को कंपनी निदेशक मंडल तक स्थानांतरित करता है, जबकि नियामकीय निगरानी और वैधानिक सुरक्षा बनाए रखता है। मंत्रालय ने कहा कि इस संशोधन से दक्षता बढ़ाने, कोयला उत्पादन में तेजी लाने और कोयला नियामकीय ढांचे में विश्वास मजबूत होने की संभावना है।

### *वर्ष 2025 के दौरान घरों की बिक्री 14 प्रतिशत घटी*

**नई दिल्ली।** घरों की कीमतों में उछाल और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में छंटनियां होने से देश के सात प्रमुख शहरों में वर्ष 2025 के दौरान आवासीय संपत्तियों की बिक्री में 14 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। एनारॉक ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म एनारॉक की रिपोर्ट कहती है कि बिक्री घटने के बावजूद घरों की कीमतों में बढ़ोतरी होने से इस साल कुल बिक्री मूल्य छह प्रतिशत बढ़कर छह लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, पुणे, कोलकाता, हैदराबाद और चेन्नई के आवासीय बाजारों में कुल 3,95,625 घरों की बिक्री हुई जबकि 2024 में 4,59,645 इकाइयों की बिक्री हुई थी।

**मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल**
'चयन भवन, मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (ईस्ट)
भोपाल- 462011, दूरभाष क्रमांक- 0755-2578801-02

**प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025**

प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 हेतु आवेदन पत्र 18.07.2025 से 25.08.2025 तक आमंत्रित कर, परीक्षा आयोजित की गई थी। उक्त परीक्षा में मान. उच्च न्यायालय खण्डपीठ, इंदौर में दायर याचिका क्रमांक 42759/2025 दीपक परमार वि. म.प्र. शासन व अन्य में पारित आदेश दिनांक 15.12.2025 के परिपालन में अभ्यर्थियों को प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 के आवेदन पत्र में कण्डिका 7.7 (RCI विशेष शिक्षा संबंधी कॉलम) में निम्नानुसार संशोधन हेतु दिनांक 26.12.2025 से 10.01.2026 तक एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से पोर्टल खोला जा रहा है:-

- **अभ्यर्थी जिनके पास कण्डिका 7.7 (D.El.Ed Special education-RCI विशेष शिक्षा संबंधी) के अंतर्गत दिव्यांग विद्यार्थियों को अध्यापन हेतु प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा उपलब्ध है, तो इस विकल्प में "हाँ" अंकित करें।**
- **अन्य सभी अभ्यर्थी इस विकल्प में "नहीं" अंकित करें।**

समस्त अभ्यर्थी पोर्टल पर उपरोक्त कंडिका 7.7 अनुसार उक्त अवधि में ही आवश्यक संशोधन कर सकते हैं। उक्तानुसार किये गये संशोधन को ही अंतिम मानते हुए परीक्षा संबंधी आगामी कार्यवाही की जाएगी।
**विज्ञापन क्रमांक- 93/2025**
म.प्र. माध्यम/123691/2025 **संचालक**

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
**निविदा सूचना**
N.I.T. NO/PWD/08/PRO No-717 Dated 26/12/2025
निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_467983_1 Date-07/01/2026 | सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन वार्ड अंतर्गत मरही माता मंदिर मैदान में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य। (अध्यक्ष अनुशंसा) | 04 माह 8.35 लाख | 2000/- 8350/- | 19/01/2026 |
| 2 | 2025_UAD_467982_1 Date-07/01/2026 | सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन वार्ड अंतर्गत फकीरचंद अखाडे के अन्दर रंगमंच निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह 4.23 लाख | 2000/- 4235/- | 19/01/2026 |
| 3 | 2025_UAD_467981_1 Date-07/01/2026 | सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन वार्ड अंतर्गत फकीरचंद अखाडा सामुदायिक भवन के पीछे कौशल वंशकार के निवास के समीप रंगमंच निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह 4.32 लाख | 2000/- 4321/- | 19/01/2026 |
| 4 | 2025_UAD_467984_1 Date-07/01/2026 | सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन वार्ड अंतर्गत राजाबाबू डेरी के पास रंगमंच निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह 4.22 लाख | 2000/- 4227/- | 19/01/2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।
**संभागीय यंत्री/कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**नागपुर मंडल में विभिन्न एस&टी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:
**निविदा सूचना क्रमांक:** ST-LoopLineDKU-GJ-PMS-25 दिनांक: 19.12.2025
**कार्य का नाम:** सिग्नल और टेलीकॉम सम्बंधित काम, जिसमें आउटडोर काम के प्रावधान भी शामिल हैं: **(a)** डुमरीखुर्द स्टेशन (PI स्टेशन) पर अतिरिक्त लूप लाइन का प्रावधान और SECR के नागपुर मंडल के परमलकसा और गंगाझारी स्टेशनों पर अतिरिक्त लूप लाइन के प्रावधान के संबंध में मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में संशोधन, बदलाव। **(b)** SECR के नागपुर मंडल के नैनपुर स्टेशन पर HS-SPART साइडिंग के प्रावधान के संबंध में मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में संशोधन, बदलाव।
**निविदा मूल्य:** ₹ 6,30,27,464/-
**बिड सिक्युरिटी:** ₹ 4,65,100/-
**समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने।
**निविदा प्रस्तुति:** बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां दिनांक **12.01.2026** के **15:00** बजे तक जमा कर सकेंगे।
अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
**मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
AIM/53-242
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी**
Website-www.mppwd.gov.in/pwdmp, emall-eepwdsidhi@mp.nic.in
नि.सू क्र. 18/2025-26 सीधी, दिनांक 16.12.2025
// निविदा सूचना //
मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संसोधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र 'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है:-

| क्रं. | टेंडर आई.डी. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रू लाख में) | 1. अमानत राशि 2. नि. प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_PWDRB_468822 | उपसंभाग सीधी अंतरगर्त जमोड़ी सेगरान में रेड क्रॉस अस्पताल भवन निर्माण कार्य वाटर सप्लाई सिनेट्री फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित। लो.नि.वि., भवन एस.ओ.आर. 01.01.24 | 227.30 | 1. 227300 2. 15000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 2. | 2025_PWDRB_468823 | उपसंभाग चुरहट अंतरगर्त ग्राम चकडौर में आयुर्वेदिक औषधालय भवन निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित। आर.ई. एस, एस.ओ.आर. 11.04.2022 | 16.95 | 1. 33900 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 3. | 2025_PWDRB_468825 | उपसंभाग सीधी मुख्यालय सीधी अन्तर्गत जिला न्यायालय भवन में विभिन्न स्थानों पर 04 नग शौचालय एवं अधिवक्ता संघ लायब्रेरी के बगल में स्थित टायलेट का निर्माण कार्य । लो.नि.वि., भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 15.17 | 1. 30340 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. 03 माह वर्षाकाल सहित |
| 4. | 2025_PWDRB_468826 | उपसंभाग चुरहट अन्तर्गत तहसील भवन रामपुर नैकिन में सामान्य महिला पुरुष एवं दिव्यांगजन के लिए टायलेट निर्माण कार्य । लो.नि.वि., भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 5.95 | 1. 11900 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 5. | 2025_PWDRB_468827 | उपसंभाग मझौली अन्तर्गत सिविल न्यायालय मझौली में दिव्यांगजन के लिए टायलेट निर्माण कार्य । लो.नि.वि., भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 1.83 | 1. 3660 2. 1000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 6. | 2025_PWDRB_468830 | उपसंभाग चुरहट अन्तर्गत सिविल न्यायालय चुरहट में दिव्यांगजन के लिए टायलेट निर्माण कार्य । लो.नि.वि., भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 1.89 | 1. 3780 2. 1000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 7. | 2025_PWDRB_468842 | उपसंभाग सीधी अन्तर्गत उकसा हिनौती मार्ग में आर.सी.सी. स्लैब कलवर्ट का निर्माण कार्य । आर.ई.एस. एस.ओ.आर. 11.04.2022 | 16.95 | 1. 33900 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. 03 माह वर्षाकाल सहित |
| | | योग | 286.04 | | |

1. ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 22.12.2025 सुबह 10.00 से 07.01.2026 शाम 6.00 तक है। 2 अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य तकनीकी विड से संबंधित अभिलेख (लिफाफा-अ एवं ब) सरल क्र. 1 हेतु, सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है। 3. उक्त सभी कार्य म.प्र. शासन लो.नि.वि. मंत्रालय भोपाल के आदेश क्र. एफ 53/02/2011/यो/19/524 भोपाल, दिनांक 14.02.2025 के अनुसार एस.ओ.आर. से 20 प्रतिशत से अधिक कम, दर (Rates Below SOR Beyond 20%) डालने पर दोगुनी दर से अतिरिक्त परफारमेन्स गारंटी की राशि जमा करनी होगी, जो कि सिर्फ एफ.डी.आर. के रूप में मान्य होगी। 4. म.प्र. शासन राज्य पत्र दिनांक 09.09.2025 के अनुसार शपथ पत्र रू. 50 के स्थान पर रू. 200.00 के स्टाम्प पर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 5. निविदां से संबंधित सशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेवसाइट के माध्यम से दी जावेगी। 6. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।
(एम.के.परते)
कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.संभाग सीधी (म.प्र)
G-23367/25 " स्वच्छता ही सेवा "

चिंतन

# गंभीर प्रदूषण में साफ हवा, सबका अधिकार

वायु प्रदूषण ने लोगों की समस्या बढ़ा दी है। लोग जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं। इससे महिलाएं, बच्चे, बूढ़े और जवान हर कोई परेशान है। प्रदूषण के कारण कई गंभीर बीमारियां लोगों को घेर रही हैं। अब नया विवाद बढ़ा है एयर प्यूरीफायर पर 18 फीसदी जीएसटी को लेकर। इसे दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है, क्योंकि गंभीर प्रदूषण के समय यह लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बन गया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि जब सरकार शुद्ध हवा उपलब्ध नहीं करवा सकती तो एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी क्यों लगाया जा रहा है। याचिकाकर्ता इसे मेडिकल डिवाइस मानकर जीएसटी घटाकर 5% करने की मांग कर रहे हैं, ताकि आम आदमी इसे खरीद सके, जबकि केंद्र सरकार जीएसटी काउंसिल के अधिकार क्षेत्र का हवाला दे रही है, जिससे साफ हवा के अधिकार और सरकारी जवाबदेही पर बहस छिड़ गई है। वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा है कि अगर आप स्वच्छ हवा नहीं दे सकते, तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी तो कम कर सकते हैं। अदालत ने कहा कि एयर प्यूरीफायर को विलासिता की वस्तु नहीं माना जा सकता है, खासकर जब दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक हो। चूंकि देश के हर नागरिक को स्वच्छ हवा का अधिकार है और एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाने से लोगों को स्वच्छ हवा प्राप्त करने में मदद मिलेगी। दिल्ली-एनसीआर और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक है। एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाने से लोगों को प्रदूषण से बचने में मदद मिलेगी। सरकार को लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए और एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाने के लिए कदम उठाने चाहिए। इससे लोगों को गंभीर प्रदूषण से कुछ राहत मिलेगी। बता दें कि भारत में वायु प्रदूषण का 51% औद्योगिक प्रदूषण, 27% वाहनों से, 17% फसलों को जलाने से और 5% अन्य स्त्रोतों से होता है। वायु प्रदूषण के कारण प्रतिवर्ष 20 लाख भारतीयों की असमय मृत्यु हो जाती है। वहीं, दुनिया की बात करें तो हर साल प्रदूषण से 35 लाख से अधिक लोगों की जान चली जाती है। प्रदूषण इस समय भारत ही नहीं, दुनिया के लिए एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में वायु प्रदूषण कोविड-19 महामारी के बाद सबसे बड़ा स्वास्थ्य संकट बन चुका है। आने वाले सालों में प्रदूषण से लोगों की सेहत और देश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर लंबे समय तक असर पड़ेगा। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल और ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या हर साल और गंभीर होती जाएगी। पिछले 10 सालों में हृदय रोगों में बढ़ोतरी को अक्सर मोटापे से जोड़ा गया, लेकिन इसमें कारों और विमानों से निकलने वाले जहरीले तत्वों की बड़ी भूमिका है। इंग्लैंड स्थित लिवरपूल में कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजिस्ट और भारत सरकार की कोविड-19 एडवाइजरी कमेटी के पूर्व सदस्य मनीष गौतम ने कहा कि वायु प्रदूषण पर सरकार का नया फोकस जरूरी है, लेकिन इसमें काफी देरी हो चुकी है। प्रदूषण को लेकर तमाम देश प्रयास कर रहे हैं, कई बार सम्मेलन भी हो चुके हैं, लेकिन अब तक सभी प्रयास नाकाफी साबित हुए हैं। प्रदूषण एक विनाशकारी समस्या है जो हमारे अस्तित्व को खतरे में डाल रही है। इसे रोकने के लिए सरकार, उद्योग और प्रत्येक नागरिक को मिलकर काम करना होगा। स्वच्छ हवा, पानी और स्वस्थ पृथ्वी हमारी जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित और सुखी जीवन जी सकें।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# एआई का ग्लोबल हब बनता भारत

वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि नए वर्ष 2026 में भारत एआई के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ेगा और भारत में फरवरी 2026 में आयोजित होने वाले एआई इंपैक्ट समिट से भारत का एआई बाजार और ऊंचाई लेगा। हाल ही में प्रकाशित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल आर्टिफिशियल एआई वाइब्रेंसी इंडेक्स में भारत को तीसरी रैंकिंग दी गई है। इस रैंकिंग में पहले स्थान पर अमेरिका और दूसरे स्थान पर चीन है। उम्मीद करें कि देश के तकनीकी और प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थान देश को 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के मद्देनजर नई पीढ़ी को एआई स्किल्स से सुसज्जित करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेंगे।

इन दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर प्रकाशित हो रही वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि नए वर्ष 2026 में भारत एआई के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ेगा और भारत में फरवरी 2026 में आयोजित होने वाले एआई इंपैक्ट समिट से भारत का एआई बाजार और ऊंचाई लेगा। हाल ही में प्रकाशित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल आर्टिफिशियल एआई वाइब्रेंसी इंडेक्स में भारत को तीसरी रैंकिंग दी गई है। इस रैंकिंग में पहले स्थान पर अमेरिका और दूसरे स्थान पर चीन है। 2023 में भारत सातवें स्थान पर था। खास बात यह है कि इस रैंकिंग में भारत को यूके और दक्षिण कोरिया जैसे उच्च तकनीकी वाले देशों से आगे रखा जाना इस बात का प्रतीक है कि भारत एआई के क्षेत्र में नई उभरती हुई शक्ति और एआई का ग्लोबल हब हुए दिखाई दे रहा है।

गौरतलब है कि 10 दिसंबर को विश्व प्रसिद्ध अमेरिका की दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी एमेजोन ने 2030 तक भारत में एआई को लेकर 35 अरब डॉलर के नए निवेश करने का ऐलान किया है। इसके एक दिन पहले 9 दिसंबर को माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में 17.5 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया था। ये कंपनी द्वारा पूरे एशिया में अभी तक का सबसे बड़ा निवेश होगा। इनके अलावा पिछले दो महीनों में गूगल और टीपीजी ने भी भारत में 16 अरब डॉलर निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अमेरिका की वैश्विक वैकल्पिक परिसंपत्ति प्रबंधक कंपनी ब्रुकफील्ड ऐसेट मैनेजमेंट ने मुंबई के पवई में एशिया का सबसे बड़ा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) बनाने पर एक अरब डॉलर का निवेश किए जाने का ऐलान किया है।

एआई को लेकर नई निवेश प्रतिबद्धताओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब एआई की बात आती है तब दुनिया भारत को लेकर आशावादी है। भारत के युवा ऐसे एआई निवेश का फायदा उठाकर नवाचार करेंगे और एआई की शक्ति का उपयोग आर्थिक और सामाजिक विकास में करेंगे। इस समय भारत में एआई पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से विस्तार कर रहा है। फॉर्च्यून बिजनेस इनसाइट्स के मुताबिक भारत में एआई का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। जहां वर्ष 2025 में भारत का एआई बाजार 13.05 अरब डॉलर मूल्य की ऊंचाई पर रहा है, वहीं यह बाजार आकार 2032 में 130.63 अरब डॉलर मूल्य का अनुमानित है। भारत में प्रौद्योगिकी और एआई पारिस्थितिकी तंत्र में 60 लाख से अधिक लोग कार्यरत हैं। देश में 1,800 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र हैं, जिनमें 500 से अधिक एआई पर केंद्रित हैं। भारत में लगभग 1.8 लाख स्टार्टअप हैं, और पिछले वर्ष शुरू किए गए नए स्टार्टअप में से लगभग 89 फीसदी ने अपने उत्पादों या सेवाओं में एआई का उपयोग किया है। एआई अपनाने वाले अग्रणी क्षेत्रों में औद्योगिक और ऑटोमोटिव, उपभोक्ता वस्तुएं और खुदरा क्षेत्र, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं तथा बीमा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र शामिल हैं। ये सभी मिलकर एआई के कुल मूल्य में लगभग 60 प्रतिशत का योगदान करते हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि दुनिया का 16 फ़ीसदी एआई टैलेंट भारत के पास है और भारत अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है। भारत में अभी 6 लाख से अधिक एआई प्रोफेशनल्स हैं। इनकी संख्या वर्ष 2027 तक तेजी से बढ़कर 12.5 लाख पर पहुंच



जाने की उम्मीद है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि गूगल की एआई अवसर एजेंडा नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समय भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, तकनीकी प्रतिभा और जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के चलते भारत एआई से लाभान्वित होने की बेहतर स्थिति में है। भारत में एआई प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने से उत्पादकता में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। अब उद्योग, कृषि, स्वास्थ्य, सर्विस सेक्टर तथा अन्य क्षेत्रों में एआई के अधिक उपयोग से भारत को 2030 तक 33.8 लाख करोड़ का आर्थिक लाभ हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई के प्रति एक व्यापक और जिम्मेदार दृष्टिकोण भारत में महत्वपूर्ण आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति को संभव बना सकता है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत जैसे-जैसे रणनीतिक रूप से एआई के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे भारत की नई पीढ़ी एआई कामों में लगातार अपना योगदान बढ़ा रही है। 26 दिसंबर को ओपन एआई के सीईओ सैम आल्ट मैन ने कहा कि कहा कि अब ऊंचे वेतन वाली नई नौकरियां सिर्फ एआई पेशेवरों को मिलते हुए दिखाई देंगी। उनके मुताबिक एआई के लिए दुनिया में भारत दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। गुगल के सीईओ सुंदर पिचाई के मुताबिक भारत एआई के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। माइक्रोसाफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के मुताबिक भारत की गणित में दक्ष नई पीढ़ी के लिए एआई के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने राष्ट्रीय, श्रम शक्ति नीति 2025 के मसौदे के तहत स्वीकार किया है कि भारत का श्रम बाजार ढांचागत बदलाव से गुजर रहा है और अब एआई और नए कौशल विकास पर जोर देना जरूरी है। नीति आयोग की रिपोर्ट रोडमैप फॉर जॉब क्रिएशन इन द एआई इकोनॉमी 2025 के मुताबिक एआई के बढ़ते प्रभाव से जहां 2031 तक बड़ी संख्या में पारंपारिक नौकरियां खत्म हो सकती हैं, वहीं एआई से जुड़ी करीब 40 लाख नई नौकरियां निर्मित होते हुए दिखाई देंगी। जहां भारत की नई पीढ़ी के लिए देश में एआई से जुड़ी नौकरियाँ बढ़ रही हैं, वहीं एआई स्किल्स से प्रशिक्षित भारतीय युवाओं के लिए विदेशों में भी मौके बढ़ रहे हैं। निश्चित रूप से देश की नई पीढ़ी के लिए एआई आधारित नौकरियों के बढ़ते अवसरों के बीच नई पीढ़ी को एआई पेशेवर के रूप में सुसज्जित करने की बड़ी चुनौती भी सामने खड़ी हुई है।

अगर इस परिप्रेक्ष्य में तुरंत कदम नहीं उठाए गए, तो भारत न केवल दूसरे देशों से एआई प्रतिभा के क्षेत्र में पीछे हो जाएगा, बल्कि एआई से होने वाले बहुआयामी विकास में भी पिछड़ जाएगा। ऐसे में हमें देश की नई पीढ़ी को एआई स्किल्स से सुसज्जित करने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। यह सराहनीय कदम है कि शिक्षा मंत्रालय ने नई पीढ़ी को प्रारंभिक स्तर से ही भविष्य की तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जोड़े जाने के मद्देनजर आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से देशभर के सभी स्कूलों में तीसरी कक्षा से ही एआई पढ़ाने का फैसला किया है। साथ ही माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि हैदराबाद स्थित उसका 'इंडिया साउथ सेंट्रल क्लाउड रीजन' साल 2026 के मध्य में शुरू हो जाएगा, जिसका कुल आकार लगभग दो ईडन गार्डन स्टेडियम के बराबर है। उम्मीद करें कि स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी इंडेक्स में आगामी वर्ष में भारत तीसरी रैंकिंग से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा। देश के तकनीकी और प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थान देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के मद्देनजर नई पीढ़ी को एआई स्किल्स से सुसज्जित करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेंगे।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मिर्जा गालिब
श्वेता गोयल



# कलम का जादूगर, जो वक्त की बेड़ियों में न बंध सका

दिल्ली की पुरानी गलियों में आज भी अगर ध्यान से सुना जाए तो कहीं न कहीं एक ठहरी हुई उदासी, एक बगावती मुस्कान और एक गहरी दार्शनिक आहट सुनाई देती है। यह आहट मिर्जा गालिब की है। 27 दिसंबर 1797 को आगरा के काला महल में जन्मे मिर्जा असदउल्लाह बेग खान, जिन्हें दुनिया 'गालिब' के नाम से जानती है, केवल एक शायर नहीं थे बल्कि अपने समय की विडंबनाओं, मनुष्य की टूटन, प्रेम की असफलताओं और जीवन की तल्ख सच्चाइयों के सबसे प्रखर गवाह थे। उनकी शायरी पढ़ते हुए ऐसा लगता है, मानो शब्द नहीं बल्कि अनुभव बोल रहे हों; मानो हर शेर के पीछे कोई टूटी हुई उम्मीद, कोई अधूरी मोहब्बत या कोई असह्य सच खड़ा हो। गालिब की जिंदगी स्वयं एक लंबी गजल थी, कभी उसमें दुख झलकता था, कभी संघर्ष की कहानी सुनाई देती थी। बचपन में ही पिता का साया उठ जाना, फिर कम उम्र में विवाह, संतान-सुख का अभाव और आर्थिक असुरक्षा, इन सबने उनके व्यक्तित्व को भीतर तक झकझोर दिया। सात संतानें हुई लेकिन नियति ने एक को भी उनके पास नहीं छोड़ा। यह निजी त्रासदी कभी दर्द बनकर, कभी दर्शन बनकर उनकी शायरी में बार-बार लौटती है। गालिब का दुख रोना नहीं बनता, वह सवाल बनता है जिंदगी से, खुदा से और खुद से भी। भाषा के स्तर पर गालिब का प्रयोग अपने आप में क्रांतिकारी था। वे मूलतः फारसी के शायर थे और फारसी को ही श्रेष्ठ मानते थे लेकिन उर्दू में उन्होंने जो



रचा, उसने उर्दू को नई ऊंचाइयां दी। उनकी उर्दू में फारसी की गहराई है, दर्शन की जटिलता है और अनुभूति की तीव्रता है। यही कारण है कि उनकी शायरी पहली नजर में कठिन लगती है लेकिन जैसे-जैसे पाठक उसमें उतरता है, वह अपनी ही जिंदगी के सवालों से रूबरू होने लगता है। गालिब किसी आसान दिलासा के शायर नहीं हैं बल्कि वे सोचने पर मजबूर करते हैं। दिल्ली गालिब की रचनात्मक आत्मा का सबसे बड़ा मंच रही। किशोरावस्था में ही वे दिल्ली आ गए थे और यहीं उनकी शायरी ने आकार लिया। मुगल दरबार में उनकी मौजूदगी केवल एक दरबारी शायर की नहीं थी बल्कि एक स्वतंत्र चेतना की थी। आखिरी मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर स्वयं शायर थे और गालिब की प्रतिभा को पहचानते थे। दरबार में उन्हें सम्मान मिला, खिताब मिले लेकिन गालिब का स्वभाव किसी भी सत्ता के आगे पूरी तरह झुकने का नहीं था। वे अपनी शर्तों पर जीने वाले फनकार थे, थोड़े बेपरवाह, थोड़े विद्रोही और पूरी तरह ईमानदार। 1857 का विद्रोह गालिब की जिंदगी में निर्णायक मोड़ लेकर आया। दिल्ली उजड़ गई, मुगल साम्राज्य का अंत हो गया और गालिब की आर्थिक रीढ़ भी टूट गई। जो पेंशन और संरक्षण उन्हें दरबार से मिलता था, वह एक झटके में खत्म हो गया। यह दौर उनकी जिंदगी का सबसे कठिन समय था लेकिन इसी समय उनकी शायरी में वह तीखापन आया, जिसने उन्हें 'आम आदमी का शायर' बना दिया। भूख, तंगी और अपमान के बीच लिखे गए उनके शेर किसी व्यक्तिगत पीड़ा तक सीमित नहीं रहे बल्कि वे पूरे समाज की टूटन का बयान बन गए। गालिब का व्यक्तित्व जितना जटिल था, उतना ही मानवीय भी। शराब और जुए की आदतें, जेल जाना, आर्थिक बदहाली, ये सब उनकी छवि के ऐसे पहलू हैं, जिन्हें अक्सर नैतिकता के चश्मे से देखा गया। लेकिन गालिब को समझने के लिए उस नैतिकता से बाहर आना पड़ता है। वे अपने दोषों को छिपाते नहीं थे बल्कि उन्हें स्वीकार करते थे। यही स्वीकार्यता उन्हें आधुनिक बनाती है। गालिब की शायरी प्रेम की भी है लेकिन वह पारंपरिक इश्क नहीं है। उनके यहाँ मोहब्बत आदर्श नहीं, अनुभव है जिसमें चाहत है, धोखा है, तड़प है और आत्म-संघर्ष भी है। उनका प्रेम ईश्वर तक पहुंचता है, फिर उससे सवाल करता है और अंततः मनुष्य की सीमाओं पर आकर ठहर जाता है। इसीलिए गालिब आज के युवा को भी उतने ही अपने लगते हैं, जितने अपने समय में थे। 1954 में बनी फिल्म मिर्जा गालिब ने उनके जीवन और संघर्ष को परदे पर उतारा, जिसे राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। बाद में 1988 में गुलजार द्वारा निर्मित टीवी शृंखला मिर्जा गालिब ने उनकी शायरी और व्यक्तित्व को घर-घर पहुंचा दिया। इन प्रस्तुतियों ने यह साबित किया कि गालिब किसी एक युग के नहीं हैं बल्कि वे हर युग में नए अर्थों के साथ लौटते हैं। गालिब आज भी इसलिए जिंदा हैं क्योंकि उन्होंने मनुष्य को उसके पूरे सच के साथ देखा, बिना सजावट, बिना झूठे दिलासे के और यही गालिब की अमरता है।

(लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## भक्ति करने से चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है



संकलित
दर्शन

इस विशाल ब्रह्मांड में, एक कालनिरपेक्ष और असीमित ऊर्जा सृष्टि के प्रत्येक पक्ष में प्रकट होती है। ये समय, स्थान, आरंभ-अंत से परे है। अक्सर हम उन लोगों पर दया भाव रखते हैं, जो हमसे अधिक युवा हैं या हम उन्हें कम ज्ञान वाला समझते हैं। इसी प्रकार हम बुजुर्गों द्वारा दिए गए ज्ञान को पुराना और अज्ञान से भरा हुआ मान लेते हैं। लेकिन, हमें ये बात समझने की आवश्यकता है कि दिव्यता बुद्धिमत्ता, आयु या स्वभाव पर ध्यान दिए बिना, सबके हृदय में वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति में शिव तत्व का संज्ञान लेने से हमारे भीतर एक समरसता उत्पन्न हो जाती है, जो हमें शिव से एकाकार करती है। पुराने समय के ऋषियों और ज्ञानियों ने हर एक चीज को शिव का ही अंश माना। शिव सर्वव्याप्त हैं। यही वेदों का सार है। वेदांत दूसरी ओर भूला देने और ज्ञान की सीमाओं के परे जाने को भी दर्शाते हैं। वह उसके बारे में भी बताते हैं, जो द्वैत से परे है, अच्छे और बुरे से परे है। वेदांत अद्वैत की वास्तविकता का भी उद्घाटन करते हैं, जो अस्तित्व के मूल में छिपा हुआ है। ईश्वर के सर्वव्याप्त होने की धारणा पर बहुत पुराने समय से प्रश्न उठते आए हैं। यदि ईश्वर सचमुच में सर्वव्याप्त हैं, तो शैतान कहां रहता है। शताब्दियों से धर्मशास्त्रियों ने इस असमंजस पर गुत्थम-गुत्था की है। यदि ईश्वर सर्वव्याप्त हैं, तो कोई शक्ति उन्हें चुनौती कैसे दे सकती है? उत्तर इस समझ में है कि हर एक चीज में ईश्वर है, शैतान में भी। वेदांत दर्शन ने द्वैत की सीमाओं को पार किया और अद्वैत के सत्य को बताया, जो अच्छे और बुरे से परे है।

## गुरु की सीख से बड़ी से बड़ी मुश्किलें होती हैं दूर



संकलित
प्रेरणा

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

## बर्फबारी का मजा



**शोपियां।** जम्मू और कश्मीर के शोपियां में शुक्रवार को इस मौसम की ताजा बर्फबारी हुई। बर्फबारी के बाद, शोपियां जिले को पुंछ-राजौरी से जोड़ने वाली बर्फ से ढकी मुगल रोड का एक नजारा। स्थानीय नागरिक बर्फबारी का मजा लेते हुए।

## आज की पाती

### मुंबई की सियासत में बदलाव

कट्टर हिंदुत्ववादी और मराठी अस्मिता के प्रखर प्रतीक बाला साहेब ठाकरे के जाने के बाद जिस शिवसेना की राजनीति बिखराव, टूट और आपसी संघर्ष की मिसाल बन गई थी, वही राजनीति अब एक बार फिर एकता के सूत्र में बंधती दिखाई दे रही है। वर्षों तक एक-दूसरे के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रहे उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने 'बंटेंगे तो बिखरेंगे' की सोच के साथ आगामी महानगरपालिका चुनाव एक साथ लड़ने का निश्चय कर महाराष्ट्र की राजनीति में नया अध्याय खोल दिया है। यह फैसला सिर्फ एक चुनावी समझौता नहीं, बल्कि बाला साहेब की विरासत को फिर से जीवित करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। बाला साहेब ठाकरे के जीवित रहते शिवसेना एक मजबूत कैडर आधारित पार्टी थी, जिसकी जड़ें मुंबई से लेकर महाराष्ट्र के कोने-कोने तक फैली थीं।

-**कांतिलाल मांडोत**, सूरत

## ट्रेंड

### पराक्रम को नमन



वीर बाल दिवस गुरु गोबिंद सिंह के अमर साहिबजादों के अद्वितीय साहस और अपूर्व त्याग का राष्ट्रीय स्मरण है, जिन्होंने अन्याय के सामने झुकने के बजाय स्वाभिमान और सत्य का मार्ग चुना। उनके अतुलनीय त्याग और पराक्रम को नमन।

**- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### वीर बाल दिवस



वीर बाल दिवस साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान, माता गुजरी के साहस और गुरु गोविंद सिंह के शाश्वत मूल्यों को नमन करता है। उनकी विरासत हमें मूल्य-प्रेरित बच्चों के पालन-पोषण के प्रति प्रेरित करती है।

**- अन्नपूर्णा देवी, महिला विकास मंत्री**

### विनम्र श्रद्धांजलि



पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। अपने दूरदर्शी नेतृत्व से उन्होंने भारत को आर्थिक रूप से सशक्त किया। देश के वंचितों और गरीबों के लिए उनके ऐतिहासिक प्रयासों और साहसिक निर्णयों ने भारत को विश्व मंच पर एक नई पहचान दिलाई।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### जयंती पर नमन



शहीद सरदार उधम सिंह की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। मातृभूमि की अस्मिता, गौरव और स्वाभिमान की रक्षा के लिए उनका अद्वितीय साहस, अटूट संकल्प और बलिदान भारतीय इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में सदैव अंकित रहेगा।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

## करंट अफेयर

### पाक में अब भी रह रहे 20 लाख अफगान शरणार्थी

पाकिस्तान से वर्ष 2025 में 10 लाख से अधिक लोगों के स्वदेश लौटने के बावजूद वहां अब भी 20 लाख से ज्यादा अफगान शरणार्थी रह रहे हैं। 'डॉन' समाचार पत्र ने संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के आंकड़ों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। 'डॉन' समाचार पत्र ने एजेंसी के आंकड़ों के हवाले से बताया कि केवल नवंबर महीने में ही 1,71,055 अफगान नागरिक अपने देश लौटे, जिनमें से 37,899 को चमन, तोरखम और बाराबचा सीमाओं के जरिये निर्वासित किया गया। इसी महीने यूएनएचसीआर के प्रत्यावर्तन केंद्रों के माध्यम से 31,500 से अधिक 'प्रूफ ऑफ रजिस्ट्रेशन' (पीओआर) कार्डधारकों को भी अफगानिस्तान भेजा गया। नवंबर में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर बढ़े तनाव के कारण मानवीय सहायता कार्यों में बाधा आई और सीमा पार आवाजाही प्रतिबंधित रही। इसके चलते संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों को चमन सीमा क्षेत्र से अस्थायी रूप से हटना पड़ा। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में 'अवैध विदेशी प्रत्यावर्तन योजना' (आईएफआरपी) के तीसरे चरण के कड़े कार्यान्वयन के बावजूद, यूएनएचसीआर और उसके सहयोगियों ने आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित कीं। इनमें महिलाओं, लड़कियों और बच्चों के लिए सुरक्षित स्थानों की बहाली के साथ-साथ कानूनी और मानसिक स्वास्थ्य सहायता जारी रखना शामिल है।



## ऑफ बीट

### तैराकी के बाद कान से पानी कैसे निकाला जा सकता है

तैराकी गर्मियों के दिनों की सबसे मजेदार गतिविधियों में से एक है। लेकिन पानी से बाहर आने पर शरीर सूख जाने के बावजूद आप को यह लग सकता है कि कान में पानी रह गया है। ऐसी स्थिति में कान भरा-भरा या बंद सा महसूस हो सकता है, आवाजें धीमी या दबी-दबी सुनाई दे सकती हैं, और कभी-कभी गुड़गुड़ाहट या सरसराहट जैसी आवाजें भी सुनाई देती हैं। आम तौर पर पानी खुद-ब-खुद निकल जाता है। आप सोचते होंगे कि कान की नली सीधी होती है, लेकिन ऐसा नहीं है। यह दो जगह मुड़ी होती है, और कुछ लोगों की कान नली स्वाभाविक रूप से अन्य लोगों के मुकाबले अधिक पतली होती है। कान की नली के अंदर बाल और 'वैक्स' सुरक्षा के लिए मौजूद होते हैं। अपने कान के निचले हिस्से (ईयरलोब) को हल्के-से ऊपर-नीचे खींचें और जिस कान में पानी भरा है, उसे अपने कंधे की ओर झुका लें। इससे कान की नली सीधी हो जाती है और गुरुत्वाकर्षण बल के कारण पानी बाहर निकलने लगता है। करवट लेकर लेटें : एक तौलिये पर कुछ मिनटों के लिए उसी साइड करवट लेकर लेटें, जिस कान में पानी है, फिर दूसरी करवट पलट जाएं। यहां भी गुरुत्वाकर्षण पानी निकालने में मदद करता है। गर्मियों में धूप और तौलिये की गर्मी कान के अंदर के पानी को और जल्दी सुखाने में मदद करती है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## बनवार उप तहसील मुख्यालय पर बन रहे आरोग्य केंद्र का मामला

# आरोग्य केंद्र निर्माण में घटिया कांक्रीट ईंटों का इस्तेमाल, जिम्मेदारों की निगरानी पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

बनवार उप तहसील मुख्यालय में लगभग 43 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन आरोग्य केंद्र भवन में उपयोग की जा रही सीमेंट-रेत-कंक्रीट से बनी ईंटों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस शासकीय भवन का निर्माण लोक निर्माण विभाग (PIU) की एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है, लेकिन मौके पर प्रयुक्त निर्माण सामग्री की स्थिति निर्धारित मानकों की अनदेखी की ओर इशारा कर रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण में लगाई जा रही कंक्रीट ईंटें केवल 4 से 5 फीट की ऊंचाई से समतल सतह पर गिरने पर ही टूट जाती हैं, जबकि मानक गुणवत्ता वाली सीमेंट ईंटों में न टूटने और न ही दरार आने की क्षमता होनी चाहिए। ईंटों का इस तरह टूटना उनकी कमजोर कंप्रेसिव स्ट्रेंथ को दर्शाता है, जो किसी भी शासकीय भवन के लिए गंभीर चिंता का विषय माना जा रहा है। निर्माण स्थल पर ईंटों को खुले में रखा गया है, जहां हैंडपंप के पानी के संपर्क में आने से ईंटें झरती और घुलती नजर आ रही हैं। इससे यह आशंका और गहरी हो जाती है कि ईंटों के निर्माण में सीमेंट का अनुपात कम और रेत अथवा स्टोन डस्ट की मात्रा अधिक रखी गई है, जो कंक्रीट ईंट निर्माण के तकनीकी मानकों के विपरीत है।

निर्माण विशेषज्ञों का कहना है कि सीमेंट-रेत-कंक्रीट ईंटों को आईएस मानकों के अनुरूप मिश्रण अनुपात, पर्याप्त दबाव और निर्धारित अवधि तक क्योरिंग के साथ तैयार किया जाना आवश्यक होता है। यदि इन प्रक्रियाओं में लापरवाही की जाती है, तो भवन की संरचनात्मक मजबूती प्रभावित होती है और भविष्य में यह मरीजों, स्वास्थ्य कर्मियों और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। चूंकि आरोग्य केंद्र भवन का निर्माण लोक निर्माण विभाग (PIU) के अंतर्गत किया जा रहा है, इसलिए गुणवत्ता नियंत्रण, सामग्री परीक्षण और तकनीकी निरीक्षण की जिम्मेदारी भी विभाग पर ही आती है। इसके बावजूद घटिया ईंटों के उपयोग को लेकर उठे सवालों पर अब तक विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे निगरानी और जवाबदेही पर संदेह बना हुआ है।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग (PIU) की एसडीओ सीमा जी का कहना है कि आयुष भवन में उपयोग की जा रही सीमेंट-कंक्रीट ईंटों का अप्रूवल प्रमाण पत्र ठेकेदार द्वारा विभाग में जमा कराया गया है, जिसके बाद ही ईंटों के उपयोग की अनुमति दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके बावजूद वे स्वयं कार्यस्थल पर जाकर ईंटों की गुणवत्ता की जांच करेंगी और यदि कहीं घटिया ईंटों का उपयोग पाया जाता है, तो उन्हें तत्काल हटवाया जाएगा। एसडीओ ने यह भी बताया कि इस संबंध में उन्होंने ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दे दिए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते निर्माण सामग्री की तकनीकी और प्रयोगशाला जांच नहीं कराई गई, तो यह भवन भविष्य में जोखिमपूर्ण साबित हो सकता है। लोगों ने मांग की है कि निर्माण में उपयोग हो रही सीमेंट-रेत-कंक्रीट ईंटों की गुणवत्ता की स्वतंत्र जांच कराई जाए और मानकों पर खरा न उतरने वाली सामग्री को हटाकर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अब यह देखना होगा कि लोक निर्माण विभाग (PIU) इन गंभीर आरोपों को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या आरोग्य केंद्र भवन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए समय रहते प्रभावी कदम उठाए जाते हैं या नहीं।

# बालिका छात्रावास में टीआई ने सुनीं छात्राओं की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में रहकर एम एलबी स्कूल में पढ़ने वाली विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं को स्कूल आने जाने में होने वाली कुछ समस्याओं की जानकारी लगने पर नगर निरीक्षक सुधीर कुमार बेगी ने हॉस्टल पहुंचकर उनसे बातचीत की। गुरुवार की शाम हॉस्टल पहुंचे टी आई बेगी ने परिसर के अंदर पहुंचते ही पहले तो उन्हें अपने चिर परिचित अंदाज में विस्तार से अंग्रेजी पढ़ाई उसके बाद उन्होंने लड़कियों से दुर्गा का रूप रखकर किसी भी गलत काम का विरोध करने का साहस दिखाने की बात कही उन्होंने कहा कि पुलिस पर हमेशा विश्वास रखना आपके पुकारते ही हम तुरंत उपस्थित होने का वादा करते हैं लेकिन पढ़ाई पूरी होने तक केवल और केवल पढ़ाई का उद्देश्य लेकर चलना उन्होंने अपने बचपन की कमजोर परिस्थितियों का उदाहरण बालिकाओं के समक्ष देते हुए कहा कि सफलता प्राप्ति के लिए बहुत संघर्ष एवं त्याग करना पड़ता है यदि विद्यार्थी जीवन में त्याग एवं संघर्ष करना सीख लिया तो ऊंचे पदों पर पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता अपनी बात समाप्त करने के बाद उन्होंने बालिकाओं के रास्ते में होने वाली समस्याएं सुनी और उनके उचित निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान वार्डन रश्मि सोनी के अलावा स्टॉफ कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

## एनएसएस विशेष शिविर संपन्न



**दमोह।** मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल दमोह का सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर ग्राम पथरिया खुर्द, ग्राम पंचायत अथाई में 20 दिसंबर से 26 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया गया। शिविर के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य रमेश व्यास, रिटायर्ड प्राचार्य प्रदीप अग्रवाल, उपयंत्री असलम खान, समाजसेवी आरिफ खान, हाशिम खान सहित सरपंच, उपसरपंच, सचिव एवं विद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने शिविर की सफलता हेतु शुभकामनाएं दीं। शिविर के दौरान आयोजित बौद्धिक परिचर्चा में जिला संघटक राष्ट्रीय सेवा योजना जितेन्द्र चौधरी, मंगल सिंह, पी.के. ढाका, भारत विकास परिषद के सदस्य डी.पी. अहीरवाल, संदीप श्रीवास्तव, प्रमेन्द्र जैन, मनोज विश्वकर्मा एवं अरविन्द खरे ने अनुशासन, पर्यावरण एवं साक्षरता विषय पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में पानी सोखता निर्माण, स्कूल परिसर एवं पंचायत भवन की सफाई, नालियों की सफाई, साक्षरता रैली, पर्यावरण रैली एवं ग्राम संपर्क जैसे विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन सत्र में रिटायर्ड प्राचार्य पारस जैन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पी.के. जैन ने जीवन में अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं प्रदीप अग्रवाल ने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में सभी अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप कुमार खरे ने किया तथा आभार प्रदर्शन डी.पी. तिवारी ने किया। शिविर को सफल बनाने में मिशन स्कूल प्राचार्य अजय मसीह, मिशन स्कूल स्टॉफ एवं मिडिल स्कूल अथाई के शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

## तुलसी पूजन दिवस आश्रम में मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

संत श्री आशारामजी आश्रम दमोह में बड़ी श्रद्धा-भाव से मनाया गया तुलसी पूजन दिवस जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं, पुरुषों सभी लोगों ने तुलसी माता का का पूजन किया जिसमें, तिलक, जल, पुष्प, अक्षत, चुनरी आदि अर्पण कर आरती व परिक्रमा कर नृत्य उत्सव के साथ मनाया सर्वहितकारी सद्गुणों की खान तुलसी पूजन दिवस। यह पर्व संत श्री आशाराम जी बापू द्वारा 2014 में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य भारतीय संस्कृति को सशक्त बनाना और तुलसी के औषधीय और आध्यात्मिक महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था। आज तक भारत का मार्गदर्शन हमारे ऋषि-मुनियों, संत महापुरुषों ने किया है और भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए 25 दिसम्बर तुलसी पूजन दिवस (2014) से व 14 फरवरी मातृ-पितृ पूजन दिवस (2006) से शुरू करने की प्रेरणा पूज्य संत श्री आशारामजी बापू जी ने दी थी ये दोनों कार्यक्रम आज एक विशाल रूप ले चुके है जो भारत के साथ विदेशों में भी मनाये जाने लगे है ऐसे दिव्य आध्यात्मिक, संस्कृति रक्षा व विश्वकल्याण के कार्यक्रम की सभी लोग सराहना कर रहे है सभी का कहना है कि ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए।

## विद्युत कंपनी की कार्रवाई, बकायादारों पर कसा शिकंजा



**तेंदूखेड़ा।** तेजगढ़ विद्युत कंपनी के अंतर्गत ग्राम हरई सिंगौरगढ़ में राजस्व वसूली एवं विद्युत चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान उपभोक्ता मथुरा प्रसाद पिता देवी प्रसाद विश्वकर्मा, निवासी दमोह रोड, के विरुद्ध विद्युत देयक की बकाया राशि 20,247 पाई गई। जांच के दौरान उपभोक्ता के परिसर से वेल्डिंग एवं पंचर की दुकान में उपयोग किया जा रहा एक कंप्रेसर जप्त करने की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त, ग्राम में घर-घर जाकर बकायादार उपभोक्ताओं से राजस्व वसूली हेतु संपर्क किया गया। अभियान के अंतर्गत बड़े बकायादार लगभग 15 नंबर में उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन, जो विद्युत पोल से जुड़े हुए थे, विच्छेदन की कार्यवाही की गई। इन उपभोक्ताओं पर कुल बकाया राशि लगभग 1.25 लाख पाई गई। विद्युत कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे समय पर अपने विद्युत देयकों का भुगतान करें, अन्यथा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान जेई शिव दयाल अहिरवार, खज्जी सिह संदीप कुमार, प्रेम सिंह लोधी उपस्थित है।

## वीर बाल दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

नगर के सी.एम.राइज विद्यालय में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया जहां छात्र-छात्राओं द्वारा वीर बालकों की कहानी लेखन , चित्रकला प्रतियोगिता में लगभग 40 बच्चों ने भाग लिया। जहां प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जाग्रति चौरसिया द्वितीय स्थान पर वेदिका सोनी तृतीय स्थान पर प्रिंस नायक रहे। कार्यक्रम में विधायक उमादेवी खटीक, रमन खत्री पूर्व जिला महामंत्री , अरविन्द उपाध्याय, सौरभ नेमा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष, सुधा सेन ,प्रिंसदीप खटीक , गगनदीप पाल, शैलेष पटेल की उपस्थित रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रमन खत्री ने बच्चों को भारतीय इतिहास में मुगलों के साम्राज्य के समय गुरु तेगबहादुर सिंह, गुरु गोविंद सिंह एवं उनको बच्चों की धर्म के लिए की गई शहादत के विषय में जानकारी दी। वहीं विधायक ने बच्चों द्वारा उकेरी कलाकृतियों का अवलोकन कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया साथ ही विद्यालय की छात्राओं में मोनिका उपाध्याय सौम्या दुबे, वैष्णवी प्यासी द्वारा अपने विचार रखे गये। कार्यक्रम का संचालन पी.एन.खेमरिया एवं शिवा भटेले ने किया अंत में संस्था प्राचार्य डा. अशोक अग्रवाल द्वारा आभार व्यक्त किया।

## पर्यावरण संरक्षण हेतु नालसा ने किया जागरूकता शिविर



तेंदूखेड़ा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली द्वारा शीत ऋतु के दौरान पर्यावरण प्रदूषण, विशेषकर वायु गुणवत्ता में निरंतर हो रही गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए प्रोजेक्ट टुडे स्क्वायर टुमारो "**Protect Today, Secure Tomorrow**" थीम पर पैन इंडिया पर्यावरण विधिक साक्षरता एवं सामुदायिक संरक्षण अभियान प्रारंभ किया गया है। उक्त अभियान के अनुपालन में तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी के मार्गदर्शन में आरूस स्कूल, तेंदूखेड़ा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी देकर आमजन एवं विद्यार्थियों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तेंदूखेड़ा पूजित कमल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य शश कपिल गोटिया, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शिविर का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। तत्पश्चात न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा मुख्य संबोधन दिया गया, जिसमें उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण एवं अपशिष्ट पदार्थों के कुप्रबंधन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रत्येक नागरिक की भूमिका एवं विधिक उत्तरदायित्वों के संबंध में भी विस्तार से बताया गया। यह शिविर नालसा के निर्देशानुसार चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा भावी पीढ़ी को सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण हेतु सामूहिक संकल्प के साथ किया गया।

## सोन कुत्तों के हमले से घायल बछड़ा गांव में घुसा, समय पर इलाज से बची जान

**तेंदूखेड़ा।** रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व, नौरादेही अभ्यारण अंतर्गत रेंज ऑफिस सर्रा के पीछे नाले के समीप एक हिंसक वन्यजीव सोन कुत्ता (धोल) के झुंड द्वारा एक बछड़े पर हमला किए जाने की घटना सामने आई है। सोन कुत्तों के झुंड ने बछड़े के नाक, कान एवं पूंछ को खा लिया, जिससे बछड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी प्रकार जान बचाकर बछड़ा गांव की ओर घुस आया, किंतु उसकी स्थिति अत्यंत नाजुक थी और आंतें बाहर निकल आई थीं। घटना की



सूचना तत्काल वन्यजीव हेल्पलाइन 1962 पर दी गई, जिसके उपरांत एम्बुलेंस की सहायता से घायल बछड़े का उपचार किया गया। उपचार में डॉ. अक्षय सोलकी, डॉ. आलोक परसर एवं स्थानीय चिकित्सक डॉ. देवी पटेल द्वारा त्वरित चिकित्सा प्रदान की गई। इस दौरान गौ रक्षक अमन जैन, अभिषेक पटेल, अभिषेक सोनी एवं आदित्य पटेल की सक्रिय भूमिका रही, जिनके सहयोग से इलाज निरंतर जारी रखा गया। गौ रक्षकों द्वारा 1962 एम्बुलेंस सेवा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। स्थानीय निवासी मानसीग यादव ने बताया कि सोन कुत्ता झुंड बनाकर शिकार करता है और शिकार को अधिक समय तक जीवित रखने की प्रवृत्ति रखता है। बताया गया कि सोन कुत्ता तब तक शिकार करता रहता है, जब तक शिकार जीवित एवं गर्म रहता है, मृत होने के बाद उसे छोड़ देता है। साथ ही क्षेत्र में फैली लैंटाना विदेशी जंगली खरपतवार में छिपकर शिकार करना इनके लिए आसान हो जाता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में खतरा बढ़ रहा है। घटना से क्षेत्र के ग्रामीणों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने एवं लैंटाना जैसी खरपतवार की सफाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव किया जा सके।

## मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ ने दिया धरना

**दमोह।** म.प्र.लघुवेतन कर्म.संघ के प्रांतीय आवाह्न पर कर्मचारीयो की 15 सूत्रीय मांगो के संबंध मे दमोह जिले में कलेक्टेड परिसर में सांकेतिक धरना दिया गया। धरने में जिलाअध्यक्ष प्रमोद अहिरवार द्वारा बताया गया कि आज हमनें सांकेतिक धरना देकर शासन को जगाने का काम किया धरना-प्रदर्शन में संघ के पदाधिकारीयो में जिला सचिव अभिषेक सिंह राजपूत, सह सचिव सदन कटारया, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र अहिरवाल, संयुक्त सचिव राकेश प्रजापति, मुन्ना लाल रैकवार, राजकुमार अहिरवार, अयाज खान, रिंकु जाटव, गणेश गोंड, वीरेंद्र विश्वकर्मा, डोमन अहिरवार, प्यारेलाल सौर, प्रेम लाल अहिरवार, वृंदावन मेहरा एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।




# वीर साहिबजादे भारत के अदम्य साहस, शौर्य और वीरता की हैं पराकाष्ठाः श्याम शिवहरे

### वीर बाल दिवस की नई परंपरा ने साहिबजादों की प्रेरणाओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाया है – डॉ. गुरमीत सिंह




हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

वीर बाल दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए, दमोह मुख्यालय में पी.जी. कॉलेज सभागार, दमोह , पथरिया में माधवराव सप्रे महाविद्यालय सहित तीन मंडलों में, हटा में सीएम राइस स्कूल सहित चार मंडलों में एवं तेंदूखेड़ा, तेजगढ़ मंडलों सहित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2022 में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की गई थी, जिसके बाद से प्रतिवर्ष देशभर में प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पीजी कॉलेज दमोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय प्रचारक डॉ. गुरमीत सिंह, विशिष्ट अतिथि सिख समाज अध्यक्ष बलवीर सिंह सलूजा, भाजपा जिला महामंत्री अरुण तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन मंचासीन रहे। हटा में पूर्व जिला महामंत्री रमन खत्री, पथरिया में नवजागृति विद्यालय शिक्षक गुरूदर्शन सिंह मुख्य वक्ता रहें। पीजी कॉलेज दमोह में मुख्य अतिथि श्याम शिवहरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज देश वीर बाल दिवस मना रहा है और हम उन वीर साहिबजादों को स्मरण कर रहे हैं, जो भारत के गौरव हैं। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादे अदम्य साहस, शौर्य और वीरता की पराकाष्ठा हैं। अल्पायु में ही उन्होंने क्रूर मुगल सल्तनत के सामने चट्टान की तरह खड़े होकर मजहबी कट्टरता और आतंक के वजूद को चुनौती दी। यह संघर्ष भारत के मूल विचारों, सत्य और असत्य के बीच का संघर्ष था, जिसमें एक ओर गुरु गोविंद सिंह जी और दूसरी ओर औरंगजेब की हुकूमत थी। मुख्य वक्ता डॉ. गुरमीत सिंह ने कहा कि साहिबजादे भले ही आयु में छोटे थे, लेकिन उनके हौसले अडिग थे। औरंगजेब की क्रूरता उनके संकल्प को नहीं डिगा सकी। चारों साहिबजादों ने अत्याचार के सामने झुकने से इंकार कर दिया और देशवासियों को अमर प्रेरणा दी। उन्होंने साहिबजादा अजीत सिंह जी के ऐतिहासिक शब्दों का स्मरण कराते हुए कहा कि ऐसा गौरवशाली अतीत जिस राष्ट्र को मिला हो, वह हर चुनौती का सामना कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि बीते वर्षों में वीर बाल दिवस की नई परंपरा ने साहिबजादों की प्रेरणाओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाया है और साहसी, प्रतिभावान बच्चों के निर्माण के लिए एक सशक्त मंच प्रदान किया है। कार्यक्रम की प्रस्तावना युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी महेंद्र राठौर ने रखी। आभार प्रकट युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन ने किया तथा संचालन सह प्रभारी शिवेंद्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम में समाजसेवी रवि अमूलानी, बलविंदर गांधी, गुरुदर्शन सिंह, इंदरजीत सिंह अरोरा, परमजीत सिंह आनंद, कैप्टन बाधवा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता की गरिमामय उपस्थिति रही।

## प्रयास पर्यावरण संस्था ने आयोजित की क्विज प्रतियोगिता



**दमोह।** प्रयास पर्यावरण संस्था ने अपने शालेय जागरूकता अभियान के अन्तर्गत इस वर्ष का प्रथम कार्यक्रम नगर के प्राचीन कन्या विद्यालय जैन पुत्री शाला में आयोजित किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों के बीच एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता प्रदान की। क्विज के पूर्व बच्चों को शाकाहार से संबंधित रुचिकर कहानी सुनाई गई और भोजन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। क्विज में 10 विजयी वच्चों को आकर्षक पुरुस्कार दिए गये तथा शेष बच्चों को भी इनाम देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में प्रयास संस्था से पारस कुमार जैन, डॉ. एल. सी. जैन, संतोष कुमार जैन हीरापुर, एम. एल. जैन एवं जैन पुत्री शाला समिति से अध्यक्ष मनोज जैन मंटू और कोषाध्यक्ष राजेश सिंघई ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी।



## गुरू गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों की शहादत को नमन किया

**जबलपुर।** भगत सिंह युवा विचार मंच के सचिव डिम्पी बिन्द्रा ने बताया कि देश और धर्म पर अपना सर्वोच्च न्योछावर करने वाले साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादे अजीत सिंह, जुझार सिंह, जैरावर सिंह, फतह सिंह ने हँसते-हँसते अपने धर्म पर कायम रहते हुए अपनी कुर्बानियाँ इस वतन के लिए दी, शहीदी दिवस के चलते शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह विचार मंच ने आज उनको याद करते हुए, उनकी शहादत को नमन के साथ गुरु के चरणों में अरदास करते हुए याद किया। इस कार्यक्रम में तजिंदर सिंह टीटू, डिम्पी बिन्द्रा, काके आनंद, जसपाल सिंह चड्ढा, प्रिंस सलूजा, लोड्डू सबरवाल, बल्ले पाजी, किंगी पाजी, रबजोत सिंह बिन्द्रा, नवजीत सिंह गिल, कलसी जी, रब्बी ठाकुर, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# कलश यात्रा के साथ 7 दिवसीय शिव महापुराण कथा प्रारम्भ

**जबलपुर।** शिवशक्ति सेवा समिति और शांतम प्रज्ञा आश्रम के अध्यक्ष मुकेश कुमार सेन ने बताया कि गोहलपुर अग्रवाल लॉन में शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है, शिव महापुराण कथा के पूर्व शिव भक्तों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई, इस अवसर पर 251 मातृशक्तियों द्वारा पारम्परिक वेश एवं कलश धारण कर बस्ती नं.2 दुर्गा मंदिर से आयोजन स्थल अग्रवाल लॉन तक शोभायात्रा निकाली गई। कथा के प्रथम दिवस आचार्य पं. दिनेश गर्ग ने कहा कि श्री शिव महापुराण कथा के श्रवण मात्र से पापों का नाश होता है। शिव कथा सुनने से व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आता है और कथा सुनने से मोक्ष प्राप्त होता है। प्रातः आचार्यों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रों द्वारा भगवान शिव का आह्वान किया गया। साथ ही यजमानों को संकल्प दिलाया गया। आचार्य दिनेश गर्ग ने शिव महापुराण कथा सुनाते हुए बताया कि 'शिवमहापुराण' एक प्रमुख तथा सुप्रसिद्ध पुराण है, जिसमें परात्मपर परब्रह्म परमेश्वर के 'शिव' (कल्याणकारी) स्वरूप का तात्विक विवेचन, रहस्य, महिमा एवं उपासना का सुविस्तृत वर्णन है। भगवान शिव मात्र पौराणिक देवता ही नहीं, अपितु वे पंचदेवों में प्रधान, अनादि सिद्ध परमेश्वर हैं एवं निगमागम आदि सभी शास्त्रों में महिमामण्डित महादेव हैं। वेदों ने इस परमतत्व को अव्यक्त, अजन्मा, सबका कारण, विश्वपंच का सृष्टा, पालक एवं संहारक कहकर उनका गुणगान किया है। भगवान शिव के इस पुराण को सुनने से मनुष्य सब पापों से मुक्त हो जाता है तथा इस जीवन में बड़े-बड़े उत्कृष्ट भोगों का उपभोग करके अन्त में शिवलोक को प्राप्त कर लेता है। इस अवसर पर गणेश पटेल, रूपेश पिंटू पटेल, विवेक राम सोनकर, नवीन पटेल, सुनील पटेल, प्रदीप मिश्रा, अभिलाष सोनी, नीलेश सोनी, आयुष पटेल, प्रवीण नामदेव, अभिषेक कोरी सहित अन्य की उपस्थिति रही।

# सड़कें सिर्फ आवागमन का साधन नहीं, वरन् खोलती हैं प्रगति के द्वारः मंत्री राकेश सिंह




**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मझौली जनपद के विभिन्न ग्रामों में लगभग 14.50 करोड़ रुपये की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इन कार्यों के अंतर्गत क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण किया जाएगा, जिससे ग्रामीण इलाकों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और विकास को नई गति मिलेगी। भूमिपूजन किए गए कार्यों में 1.70 करोड़ रुपये की लागत से 2.1 किलोमीटर लंबा सिमरिया से बरगवां मार्ग, 5.56 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 5 किलोमीटर लंबा घानाकला से मुरैठ मार्ग, 1 करोड़ रुपये की लागत से भीटाखुर्द से लमकना मार्ग, 1.70 करोड़ रुपये की लागत से सर्रा से सुरैया मार्ग तथा 4.54 करोड़ रुपये की लागत से लमकना से पटोरी वाया सगोनी मार्ग शामिल हैं।

सिमरिया, लमकना और पटोरी में आयोजित सभाओं को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन के कारण प्रदेश में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि पाटन विधानसभा में मात्र दो वर्षों के भीतर 325 करोड़ रुपये के विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं, जो अब तक का रिकॉर्ड है। इससे पहले कभी इतनी बड़ी राशि एक साथ विकास कार्यों के लिए स्वीकृत नहीं हुई थी।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि सड़के केवल आवागमन का साधन नहीं हैं, बल्कि वे शिक्षा को घर-घर पहुंचाने, रोजगार के अवसर सृजित करने, क्षेत्र में समृद्धि लाने और गांवों को देश व प्रदेश की मुख्यधारा से जोड़ने का माध्यम हैं। उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन सभी सड़कें सेंट्रल रिफाइनरी बिटुमिन से बनाई जा रही हैं, जिससे उनकी गुणवत्ता बेहतर होगी और 7 से 8 वर्षों तक मरम्मत की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यदि कहीं सड़क खराब होती है, तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होगी।

सांसद आशीष दुबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विकासवादी सोच को रेखांकित करते हुए कहा कि सही जनप्रतिनिधि चुनने से विकास कार्य तेजी से होते हैं और पिछड़ापन दूर होता है। क्षेत्रीय विधायक अजय विस्नोई ने कहा कि अब गांव-गांव पक्की सड़कों और सभी आवश्यक सुविधाओं का विस्तार हो चुका है। सरकार निरंतर नए विकास कार्य कर रही है और जनता की भावना के अनुरूप आगे भी कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, अभय सिंह, सुभाष तिवारी रानू सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## हाईवे के ब्लैक स्पॉट पर नहीं हो रहे सुधार, बढ़ रहे सड़क हादसे



**सिहोरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर जबलपुर से सिहोरा के बीच चिह्नित ब्लैक स्पॉट्स पर अब तक प्रभावी सुधार न होने से सड़क हादसों में लगातार वृद्धि हो रही है। हादसों में आए दिन निर्दोष लोगों की जान जा रही है, लेकिन एनएचआई व प्रशासन की ओर से ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। डायवर्जन नियमों के पालन न होने से स्थिति और गंभीर बनी हुई है। विशेष रूप से सिहोरा बायपास तिराहा दुर्घटनाओं का बड़ा केंद्र बना हुआ है। यहां ओवरब्रिज प्रस्तावित होने के बावजूद वर्षों बाद भी निर्माण नहीं हो सका, जिससे नगर की ओर आने-जाने वाले वाहन सीधे हाईवे पर आ जाते हैं और हादसे होते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि राजस्व व नगरीय प्रशासन की लापरवाही से बायपास के दोनों ओर अवैध कॉलोनियां और निर्माण हो रहे हैं, जिससे यातायात दबाव बढ़ रहा है। वहीं सड़क किनारे अतिक्रमण, गुमटियां और बहुमंजिला इमारतें भी दुर्घटनाओं का कारण बन रही हैं। नागरिकों ने मांग की है कि सिहोरा नगर प्रवेश स्थल पर शीघ्र ओवरब्रिज का निर्माण कर ब्लैक स्पॉट पर हो रही दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जाए।

## धान उपार्जन की समस्यायों से कलेक्टर को भारत कृषक समाज ने कराया अवगत

**महाकौशल म.प्र. के अध्यक्ष इंजी. केके अग्रवाल ने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह को लिखा पत्र**

**जबलपुर।** भारत कृषक समाज महाकौशल म.प्र. के अध्यक्ष इंजी. केके अग्रवाल ने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह को पत्र लिखकर धान उपार्जन की मैंदानी स्थिति व किसानों की समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा है की कलेक्टर के सख्त आदेश के बावजूद अभी भी केंद्रों में पल्लेदारी के नाम पर 20 /- प्रति कुंटल एवं अन्य खर्चो के नाम पर 20 से 30/- इस तरह कुल 40 से 50/- तक किसानों को देना पड़ रहा है। प्रत्येक केंद्र पर प्रति कुंटल 1 से 2 किलो की अधिक तुलाई भी की जा रही है।... यह शिकायत भी प्राप्त हुई है की कई जगह किसानों से 1/- प्रति बेग, खाली बारदाने के लिए देने के लिए कहा जा रहा हैं । समिति वालो का कहना है की उन्हे भी बिना पैसे के बारदाने गोदाम से प्राप्त नही होते। छोटे किसानों को बारदाना प्राप्त करने में बहुत जद्दोजहद करनी पड़ती है। आसानी से प्राप्त नहीं होते। बारदाने की कमी का रोना रोया जाता है। इससे समय पर तोल नही हो पाती। व्यापारियों व बड़े तथा प्रभावशील किसानों के माल की तुलाई में कोई दिक्कत नहीं आती, उनका कैसा भी माल हो सब तुल जाता है, छोटे किसान जिनकी संख्या 85 % से भी अधिक है, को ज्यादा परेशान झेलनी पड़ती है, उनका उत्पाद रिजेक्ट कर दिया जाता है। किसान वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत नहीं कर पाता, वह डरता है, क्योंकि उसे बाद में ना ना प्रकार से सताया व प्रताड़ति किया जाता है।...वह लिखित में या कोई प्रमाण भी उपलब्ध कराने से डरता है। शिकायत करने वाले का नाम उजागर होने पर उसकी व उसके परिवार की कैसी व क्या दशा होगी शायद कलेक्टर कल्पना कर पाएँ । जब कलेक्टर दौरे पर जाते हैं तब किसान उनके सामने कुछ बोलने में इसलिए भी डरता है। वर्तमान में केंद्र की एक दिन की कुल खरीद सीमा व एक किसान से अधिकतम 100 कुंटल खरीद की सीमा एवं स्लॉट बुकिंग तथा शॉफ्ट वेयर व सर्वर की समस्या के चलते किसानो को बहुत दिक्कत हो रही है। सिकमी वालो के सत्यापन अभी तक नहीं हो पाए हैं। ऐसे किसान चिंतित हैं की उनका क्या होगा।.. खरीद केंद्रों में पल्लेदारी व किसी प्रकार की राशि किसानों को देय नही है, प्रति कुंटल खरीद के वजन की मात्रा, खरीद के दिशा निर्देशों, नोडल व वरिष्ठ अधिकारियों के सम्पर्क नंबर, शिकायत व सहयोग हेतु नंबर आदि के फ्लेक्स/बोर्ड भी प्रत्येक केंद्र पर स्थापित करवाने निर्देश थे, परन्तु कही बोर्ड नहीं लग पाए हैं।



## पुनर्गठन आयोग की रिपोर्ट के बाद ही होगा सिहोरा जिले पर निर्णयः सीएम

**सिहोरा।** लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक संतोष बरकड़े के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर सिहोरा को जिला बनाए जाने का मुद्दा उठाया। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य में जिला एवं संभाग पुनर्गठन आयोग का गठन किया गया है, जिसकी रिपोर्ट लगभग एक वर्ष बाद आएगी। उसी के आधार पर नए जिलों व संभागों के गठन पर निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सिहोरा को जिला बनाए जाने से संबंधित दावा पुनर्गठन आयोग को भेजा जाएगा और रिपोर्ट आने के बाद इस पर न्यायसंगत निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जबलपुर को मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में विकसित करने की योजना में सिहोरा को शामिल करने पर भी विचार किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सिहोरा में आमरण अन्न सत्याग्रह कर रहे प्रमोद साहू से फोन पर बात कर स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए सत्याग्रह समाप्त करने का अनुरोध किया। बैठक में विधायक संतोष बरकड़े सहित आंदोलन समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के बाद समिति ने आगे की रणनीति पर सिहोरा में समीक्षा बैठक करने की बात कही।

## ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को कंबल वितरण



**पाटन।** जन सहयोग से अहिंसा अक्षर फाउंडेशन (नवांकुर संस्था) के तत्वावधान में संचालक शिवराज सिंह चौहान के माध्यम से नगर कटंगी स्थित श्री शिव मंदिर, मंदिर बाड़ा में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर के जरूरतमंदों एवं दिव्यांग (नेत्रहीन) नागरिकों को कंबल वितरित किए गए, जबकि जो उपस्थित नहीं हो सके, उन्हें कार्यकर्ताओं के माध्यम से कंबल पहुंचाए गए। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अमिताभ साहू, उपाध्यक्ष कमलेश ताम्रकार, विधायक प्रतिनिधि स्वप्निल अग्रवाल, पार्षद ज्योति जैन, सुजान सिंह, डॉ. राजेश सिंह, संदीप बजाज, आरएसएस विस्तारक पुष्पराज सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी स्नेहा मिश्रा, विकासखंड समन्वयक नूपुर खरे, शिक्षक सुरेंद्र झरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार, अधिवक्ता, करणी सेना पदाधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## महाराज खेत सिंह खंगार जू देव जयंती पर निकली विशाल शौर्य शोभायात्रा



**मझौली।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराज खेत सिंह खंगार जू देव की जयंती पर विशाल शौर्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा सुबह 10 बजे पडरिया धाम मझौली से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए भगवान विष्णु वाराह मंदिर पहुंचेगी। वहां ध्वजारोहण कर पूजा-अर्चना के पश्चात यात्रा गजानन माता मंदिर पडरिया धाम सुनवानी पहुंचेगी। कार्यक्रम में संतजनों एवं गणमान्य नागरिकों के उद्बोधन होंगे तथा प्रसाद वितरण किया जाएगा। गजानन माता सेवा समिति ने समस्त भक्तजनों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## रेत अवैध उत्खनन समेत अनेक मांगों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस सिहोरा ने सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के अध्यक्ष बिहारी पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रेत और आयरन ओर के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने, गांवों में अवैध शराब बिक्री बंद कराने, शहर में



बिगड़ती कानून व्यवस्था पर अंकुश लगाने और खितौला बाजार में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि किसानों की धान खरीदी में हो रही अवैध वसूली बंद की जाए, सिहोरा और खितौला में ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था की जाए, नेशनल हाईवे पर खुली शराब दुकानों को बंद किया जाए और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ओवरब्रिज का निर्माण किया जाए। प्रतिनिधिमंडल में राजेश चौबे, प्रकाश कुररिया, अमोल चौरसिया, लाल बहादुर पाठक, गोपीकृष्ण उरमलिया, विपिन जायसवाल, गुड्डू विश्वकर्मा, आलोक पांडे, राजेश पटेल सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि 15 दिन के भीतर मांगों का समाधान नहीं होने पर कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

## सत्कर्म ही मोक्ष का आधार, बाबाताल में देवी भागवत कथा



**सिहोरा।** स्थानीय बाबाताल स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। व्यासपीठ से पंडित इंद्रमणि त्रिपाठी ने अपनी ओजस्वी वाणी से विभिन्न पौराणिक प्रसंगों का वर्णन कर उपस्थित जनसमूह को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार वृत्तासुर ने अपनी शक्ति से देवलोक में खलबली मचा दी थी और अंततः धर्म की स्थापना के लिए उसका वध अनिवार्य हुआ। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि जब-जब अधर्म बढ़ता है, तब-तब दैवीय शक्तियां उसका अंत कर लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती हैं। उन्होंने 'त्रिविध कर्म' (संचित, प्रारब्ध और आगामी) के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने समझाया कि मनुष्य को अपने कर्मों के प्रति सचेत रहना चाहिए, क्योंकि कर्मफल से कोई भी अछूता नहीं रहता। तथा देवी भागवत के अनुसार सत्कर्म ही मोक्ष का आधार हैं।

**श्री नरेश चौबे**- रतन नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री नरेश चौबे (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई पटेल**- बापू नगर रांझी निवासी श्री रतन लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई पटेल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश शर्मा**- अधारताल स्थित पांडे गैस एजेंसी के पास निवासी श्री सुरेश शर्मा (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम दयाल मिश्रा**- रामनगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री राम दयाल मिश्रा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मीना बाई कोरी**- भानतलैया खेरमाई वार्ड निवासी श्री रोहिणी प्रसाद कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती मीना बाई कोरी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश प्रसाद पासी**- राजीव गांधी नगर कटंगा निवासी श्री रमेश प्रसाद पासी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम लाल कुशवाहा**- सिद्धबाबा कुशवाहा समाज स्कूल के पास निवासी श्री श्याम लाल कुशवाहा (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती बिन्नो बाई रजक**- रतन कॉलोनी गोरखपुर निवासी श्री सुंदर लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती बिन्नो बाई रजक (97) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती स्नेहलता पांडे**- अशोक नगर अधारताल निवासी श्री कृष्ण कुमार पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती स्नेहलता पांडे (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती दुर्गा बाई पांडे**- कंचनपुर अधारताल निवासी श्री विष्णुकांत पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा बाई पांडे (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रोहित बदलानी**- झामनदास चौक के पास द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री लखमीचंद बदलानी के पुत्र श्री रोहित बदलानी (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई पटेल**- गोरखपुर शारदा टाकीज के पीछे निवासी श्री रूप लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई पटेल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय नायडू**- इंद्रा नगर बिलपुरा निवासी श्री विजय नायडू (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लाली देवी वर्मा**- ग्राम पाली पटना बिहार निवासी श्री मनोज कुमार वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती लाली देवी वर्मा (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुमा दुबे**- कमनिया गेट के पास बड़ा फुहारा निवासी श्री आदित्य प्रसाद दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुमा दुबे (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



## *यश नर्सरी हा.से. के छात्र समर्थ तिवारी ने बैडमिंटन सिंगल में प्रथम स्थान हासिल किया*

**जबलपुर।** यश नर्सरी हायर सेकेण्डरी स्कूल जबलपुर की प्राचार्य सोनल तिवारी ने बताया कि कक्षा 12वीं के छात्र समर्थ तिवारी ने सांसद खेल महोत्सव की राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा बैडमिंटन सिंगल में प्रथम स्थान हासिल किया। समर्थ ने इससे पूर्व भी अनेक राज्य, राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतिस्पर्धा जीती है। जबलपुर सांसद आशीष दुबे सहित विद्यालय परिवार समर्थ तिवारी की इस उपलब्धि पर गौरवान्वित है। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## सुशासन दिवस पर अटल जी के राष्ट्र योगदान पर हुई प्रेरक चर्चा




**पनागर।** सुशासन दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था काशी ग्राम विकास समिति, महगवां द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला सुधाकर कॉलोनी में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती श्रद्धा व गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में शाला प्रभारी राजकिशोर अवस्थी, शिक्षक कृष्ण कुमार यादव एवं समिति अध्यक्ष सुनील यादव ने अटल जी के छायाचित्र पर तिलक-वंदन कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर विनीता साहू, शिवम पटेल, उमेश यादव, कोमल पटेल सहित अन्य वक्ताओं ने अटल जी के प्रेरक विचारों, दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी ने सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्रीय एकता और विकास को नई दिशा दी, जिनके विचार आज भी जनसेवा और पारदर्शिता के लिए मार्गदर्शक हैं।

## सांसद खेल महोत्सव में सिहोरा कालेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सिहोरा।** आयोजित सांसद खेल महोत्सव में शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र शिवा पांडे ने कुश्ती प्रतियोगिता में तृतीय,छात्रा सरस्वती कुर्मी , सिमी जैन,निकिता वंशकार ने बैडमिंटन मे तृतीय निकिता वंशकार ने लंबी कुंद मे द्वितीय, इसी तरह पुरुष वर्ग में आशु चौधरी और हिमांशु साहू तथा महिला वर्ग में सुभप्रिया तिवारी ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय अंतर विश्वविद्यालय योगासन प्रतियोगिता जो चेन्नई के वेल्स विश्वविद्यालय मे आयोजित की छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## 50 वंचित लड़कियों को बनाया सशक्त

# सावनसुखा ग्रुप ने कोलकाता में वंचित लड़कियों के लिए कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन

**कोलकाता।** सावनसुखा ज्वैलर्स ने सावनसुखा इंस्टीट्यूट के सहयोग से क्रिसमस की भावना को एक सुविचारित आभूषण निर्माण कार्यशाला के माध्यम से कोलकाता की 50 वंचित लड़कियों को सशक्त बनाकर मनाया।



कार्यशाला का संचालन सावनसुखा इंस्टीट्यूट के छात्रों और शिक्षकों द्वारा किया गया, जिन्होंने लड़कियों को हस्तनिर्मित कंगन बनाने की प्रक्रिया में मार्गदर्शन दिया। इस व्यावहारिक अनुभव ने उन्हें आभूषण शिल्प कौशल की बुनियादी बातों से परिचित कराया और साथ ही रचनात्मकता, आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित किया। क्रिसमस के हार्दिक उपहार के रूप में सिद्धार्थ सावनसुखा (सावनसुखा ज्वैलर्स के प्रबंध निदेशक और सावनसुख इंस्टीट्यूट के संस्थापक) ने प्रत्येक लड़की को उनके द्वारा बनाया गया कंगन और कई अन्य उपहार भेंट किए, जिससे यह उत्सव आनंदमय और अर्थपूर्ण बन गया।

15 वर्ष पूर्व स्थापित सावनसुखा संस्थान, आभूषण निर्माण और डिजाइन के क्षेत्र में कुशल पेशेवरों को तैयार करने की दृष्टि से स्थापित किया गया था। इस मिशन के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए, संस्थान का मानना है कि कौशल विकास सशक्तिकरण के सबसे शक्तिशाली साधनों में से एक है। सावनसुखा ज्वैलर्स के प्रबंध निदेशक और सावनसुखा संस्थान के संस्थापक सिद्धार्थ सावनसुखा ने कहा, "हमारा उद्देश्य संस्थान की विरासत को कक्षाओं से आगे ले जाना है—युवा प्रतिभाओं के साथ ज्ञान और शिल्प कौशल साझा करना, जो सही मार्गदर्शन से भविष्य में राष्ट्र का गौरव बन सकते हैं।" यह क्रिसमस उत्सव सामाजिक उत्तरदायित्व, शिक्षा और जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं के पोषण के प्रति सावनसुखा ज्वैलर्स की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जहां से वास्तविक परिवर्तन की शुरुआत होती है।

## सरकार की 2047 तक विश्वस्तरीय बैंक बनाने की इच्छा

# 2026 में सरकारी बैंकों के एकीकरण को मिलेगी गति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में एकीकरण की प्रक्रिया आने वाले वर्ष में तेज हो सकती है, क्योंकि सरकार ने 2047 तक 'विकसित भारत' के अपने लक्ष्य के तहत देश में अधिक बड़े और विश्वस्तरीय बैंक बनाने की इच्छा जताई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले महीने कहा था कि भारत को कई बड़े, विश्वस्तरीय बैंकों की जरूरत है और इस दिशा में काम पहले ही शुरू हो चुका है।

> ■ भारत को कई बड़े विश्वस्तरीय बैंकों की जरूरत है

उन्होंने कहा था कि सरकार ने इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ चर्चा शुरू कर दी है, जिससे सार्वजनिक क्षेत्र में एकीकरण के स्पष्ट संकेत मिले हैं। इस समय देश में 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक हैं।




**जीएसटी कटौती का लाभ बीमा क्षेत्र को मिला**
बीमा क्षेत्र की बात करें तो इस साल संसद में सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानून संशोधन) विधेयक, 2025 पारित हुआ, जिससे इस क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का रास्ता साफ हुआ।

***निजी बैंकिंग क्षेत्र में विदेशी पूंजी का प्रवाह बड़ा :*** *दूसरी ओर, निजी बैंकिंग क्षेत्र में विदेशी पूंजी का बड़ा प्रवाह देखने को मिला। जापान की सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन ने मई में यस बैंक में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी 13,483 करोड़ रुपये में हासिल करने का फैसला किया था। यह सौदा सितंबर में पूरा हुआ।*

**दुनिया के शीर्ष 50 बैंकों में भारत का सिर्फ एसबीआई शामिल**
*परिसंपत्तियों के आधार पर दुनिया के शीर्ष 50 बैंकों में देश से सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक ही शामिल है। परिसंपत्तियों के आधार पर एसबीआई वैश्विक स्तर पर 43वें स्थान पर है। इसके बाद निजी क्षेत्र का एचडीएफसी बैंक 73वें स्थान पर है। सरकार पहले ही दो चरणों में बैंकों का एकीकरण कर चुकी है, जिससे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की संख्या 27 से घटकर 12 रह गई।*

### देना व विजया बैंक का बैंक ऑफ बड़ौदा में किया गया विलय

इसके तहत यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया और ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स का पंजाब नेशनल बैंक में विलय किया गया। सिंडिकेट बैंक का केनरा बैंक में विलय हुआ, इलाहाबाद बैंक को इंडियन बैंक में मिलाया गया, तथा आंध्रा बैंक और कॉरपोरेशन बैंक को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में शामिल किया गया। इससे पहले देना बैंक और विजया बैंक का बैंक ऑफ बड़ौदा में विलय किया गया था।

## रिपोर्ट के अनुसार 30 सितंबर तक इसमें 16 फीसदी की वृद्धि

# छोटे उद्योगों को दिया गया कर्ज 46 लाख करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

छोटे उद्योगों पर बकाया कुल कर्ज बढ़कर 46 लाख करोड़ रुपये हो गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 30 सितंबर तक इसमें 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सीआरआईएफ हाई मार्क - सिडबी की रिपोर्ट में कहा गया कि सक्रिय ऋण खातों की संख्या 11.8 प्रतिशत बढ़कर 7.3 करोड़ हो गई है।



नीतिगत समर्थन और एमएसएमई (छोटे एवं मझोले उद्यम) के लिए सरकार की विभिन्न ऋण योजनाओं ने इस गति को बनाए रखने में मदद की है। रिपोर्ट में कहा गया कि विभिन्न श्रेणियों में पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। ऐसे में 91 से 180 दिनों तक की देरी वाले ऋण सितंबर 2025 तक घटकर लगभग 1.4 प्रतिशत रह गए, जो सितंबर 2023 में 1.7 प्रतिशत थे। उद्यमों का जोखिम प्रोफाइल लगातार कम बना हुआ है। एकल स्वामित्व वाले कारोबारों में भी स्थिर सुधार देखा गया है और सितंबर 2023 से सितंबर 2025 के बीच बहुत कम और कम जोखिम वाले उधारकर्ताओं की हिस्सेदारी बढ़ी है। रिपोर्ट में कहा गया कि एकल स्वामित्व वाले कारोबार का कुल कर्ज में अधिक हिस्सा है।

### 12 फीसदी उद्यम पहली बार ऋण ले रहे थे

कुल कर्ज का लगभग 80 प्रतिशत और उधारकर्ताओं का करीब 90 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं का है। सितंबर 2025 तक 23.3 प्रतिशत उधारकर्ता नए थे और 12 प्रतिशत पहली बार उद्यम ऋण ले रहे थे। उद्यमों के मामले में कार्यशील पूंजी ऋण का दबदबा बना हुआ है और यह कुल बकाया कर्ज का लगभग 57 प्रतिशत हिस्सा है।

## आरटीओ ने डीलरों की ली बैठक

# बिना ट्रेड सर्टिफिकेट के पुराने वाहन बेचे तो होगी कारोबारियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में सेकंड हैंड वाहनों के क्रय-विक्रय से जुड़े कारोबारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। परिवहन आयुक्त के निर्देशों के तहत बुलाई गई,इस बैठक में स्पष्ट किया गया कि अब पुराने वाहनों का कारोबार करने वाले व्यवसायियों को ट्रेड सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य होगा। इस दौरान आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि वाहन पोर्टल पर ट्रेड सर्टिफिकेट प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है। इस प्रमाण पत्र के जरिए वाहन खरीदने और बेचने की प्रक्रिया न केवल आसान होगी, बल्कि इससे पूरा लेन-देन पारदर्शी और नियमों के दायरे में रहेगा। बैठक में केवल ट्रेड सर्टिफिकेट ही नहीं, बल्कि वाहनों की सुरक्षा से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। व्यवसायियों को निर्देशित किया गया कि वे आम जनता को अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित करें और इसमें सहयोग प्रदान करें। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में चल रहे सेकंड हैंड गाड़ियों के कारोबार को सुव्यवस्थित करना और यह सुनिश्चित करना था कि सभी डीलर परिवहन नियमों का सख्ती से पालन करें।




# बोर्ड परीक्षा ड्यूटी अब टाल नहीं सकेंगे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं से जुड़े शिक्षक और मंडल कर्मचारी अब परीक्षा कार्य से इंकार नहीं कर सकेंगे। राज्य सरकार ने बोर्ड परीक्षा से संबंधित सेवाओं को आवश्यक सेवा घोषित कर दिया है। इस संबंध में गृह विभाग ने आदेश जारी कर एस्मा लागू किया गया है। आदेश के मुताबिक मप्र अत्यावश्यक सेवाएं संधारण तथा विवाद निवारण अधिनियम (एस्मा) के तहत यह निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत बोर्ड परीक्षाओं से जुड़े सभी कार्य परीक्षा संचालन, पर्यवेक्षण, उत्तरपुस्तिकाओं का प्रबंधन, मूल्यांकन सहित अन्य जिम्मेदारियां अनिवार्य होंगी। सरकार ने यह व्यवस्था 1 फरवरी से 30 अप्रैल 2026 तक लागू की है। इस दौरान मंडल से संबद्ध शिक्षक व कर्मचारी परीक्षा ड्यूटी से बच नहीं सकेंगे। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि एस्मा के बाद कार्य में बाधा डालना या ड्यूटी से मना करना कानून के उल्लंघन की श्रेणी में आएगा।

## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहें हैं।

**वृष** — कारोबार से आय में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव ये परेशान हो सकते हैं। खर्चों की अधिकता एवं आय में कमी से चिन्तित रहेंगे।

**मिथुन** — कारोबार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार में सुधार होगा। भाग-दौड़ की अधिकता रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**सिंह** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी आ सकती है। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। खर्च की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में कमी एवं खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में प्रसन्नता के भाव रहेंगे।

**वृश्चिक** — कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा।

**मकर** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु परिवार में सामन्जस्य बनाये रखने के प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मीन** — परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

# चांदी की कीमतें रिकार्ड हाई पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत शुक्रवार को 9,350 रुपये बढ़कर 2,36,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को चांदी की कीमत 2,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी।

पिछले चार कारोबारी सत्रों में चांदी की कीमत 32,250 रुपये यानी 15.8 प्रतिशत बढ़ी है। यह 19 दिसंबर को 2,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम थी। इस साल चांदी की कीमत 31 दिसंबर, 2024 को 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी और तब से इसमें 1,46,650 रुपये यानी 163.5 प्रतिशत की तेजी आई है। इस बीच, सोने की कीमतों ने स्थानीय सराफा बाजार में अपनी तेजी बरकरार रखी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,42,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। यह पिछले कारोबारी सत्र में 1,40,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

इस साल अब तक, सोने की कीमतों में 31 दिसंबर, 2024 को दर्ज 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम से 63,350 रुपये यानी 80.24 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन भी कीमती धातुओं की तेजी जारी रही, जिसमें सोना और चांदी एक बार फिर नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गए।''




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म. प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 20/मु.अ.(सेतु परिक्षेत्र )/वर्ष 2025-26 — **निविदा सूचना** — भोपाल, दिनांक 19/12/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख | ई.एम.डी राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB _469495_1 | मुरैना | पुल कार्य | मुरैना जिले में कटेलापुरा से दोहाटी मार्ग पर बरगंवा के पास क्वारी नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य। | द्वितीय | 1851.28 | केवल ऑन-लाईन |
| 2 | 2025_PWDRB _469550_1 | मुरैना | पुल कार्य | मुरैना जिले में ग्राम पंचायत चौकी पलिखिनी के बीच पुल कार्य क्वारी नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य। | द्वितीय | 1774.67 | केवल ऑन-लाईन |
| 3 | 2025_PWDRB _469551_1 | शिवपुरी | पुल कार्य | शिवपुरी जिले में मिहावरा व दोनी के बीच सिंध नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य। | द्वितीय | 1768.45 | केवल ऑन-लाईन |
| 4 | 2025_PWDRB _469496_1 | मुरैना | पुल कार्य | मुरैना जिले में ग्राम पंचायत देवरी नगावनी के बीच पुल कार्य कुवारी नदी पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य | द्वितीय | 1586.15 | केवल ऑन-लाईन |
| 5 | 2025_PWDRB _469497_1 | भिण्ड | पुल कार्य | भिण्ड जिले के अंतर्गत बबेडी से नदरौली अकोडा मे पुल कार्य वैशली नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य। | द्वितीय | 1239.66 | केवल ऑन-लाईन |
| 6 | 2025_PWDRB _469498_1 | बालाघाट | पुल कार्य | बालाघाट जिले के अंतर्गत खोंगाटोला से मुरझड मार्ग में पुल कार्य सरार्टी नदी पर पहुँच मार्ग सहित उच्च जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य | प्रथम | 939.88 | केवल ऑन-लाईन |
| 7 | 2025_PWDRB _469499_1 | सिवनी | पुल कार्य | सिवनी जिले के अंतर्गत ग्राम भाटमतरा से पांडीवारा पुल कार्य मार्ग में वैनगंगा नदी पर पहुँचमार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य | प्रथम | 860.44 | केवल ऑन-लाईन |
| 8 | 2025_PWDRB _469500_1 | सागर | पुल कार्य | सागर जिले के एस.एच.-14 से पडरिया मार्ग के कि.मी. पुल कार्य 2/8 में सिलार नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण सुरक्षा कार्य सहित। | प्रथम | 676.23 | केवल ऑन-लाईन |
| 9 | 2025_PWDRB _469501_1 | बालाघाट | पुल कार्य | बालाघाट जिले अंतर्गत निम्देवाडा से केशलवाडा तिवडी पुल कार्य मार्ग में नरसिंहा नाले पर पहुँच मार्ग सहित उच्च जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य | प्रथम | 507.70 | केवल ऑन-लाईन |
| 10 | 2025_PWDRB _469502_1 | भोपाल | पुल कार्य | भोपाल जिले में भोपाल कोलार डेम के कि.मी. 11/4 में पुल कार्य केरवा नदी पर पहुँचमार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य | तृतीय | 501.56 | केवल ऑन-लाईन |
| | | | | कुल योग | | 11706.02 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 09/01/2026 ( 17:30 बजे निर्धारित। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G-23410/25

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल

## शब्द पहेली - 6090



**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

**शब्द पहेली -6089 का हल**



## सूडोकु बवाल - 6100

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- ■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- ■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु बवाल - 6099 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |



# राम गोपाल वर्मा ने धुरंधर की तारीफों के बांधे पुल

**मुंबई।** फिल्म निर्माता और निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने एक बार फिर से निर्देशक आदित्य धर और उनकी इस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' की तारीफों के पुल बांधे। अपनी 10वीं पोस्ट में वर्मा ने आदित्य की तुलना दिग्गज अमेरिकी फिल्म निर्माता फ्रांसिस फोर्ड कोपोला के काम से की। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'कोपोला से आदित्य धर तक- एक निर्देशक का विकास सिर्फ पहले आए निर्देशकों से सीखकर नहीं होता, बल्कि बाद में आने वाले निर्देशकों से भी होता है। इसी तरह, आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' से मुझे कुछ नई बातें सीखने को मिलीं।' राम गोपाल वर्मा ने आगे कोपाला की तारीफ में लिखा, 'कोपोला से मैंने गहरा और रहस्यमय ड्रामा सीखा, जिसे मैंने सत्या, कंपनी, सरकार जैसी अपनी फिल्मों में इस्तेमाल करने की कोशिश की। लेकिन, धुरंधर दिखाता है कि यह तरीका बड़े स्तर पर और ज्यादा प्रभावी हो सकता है। ऐसे सीन लिखना, जहां दर्शक समझने से पहले ही सब कुछ महसूस कर लें, यह एक नया तरीका है। राम गोपाल वर्मा ने आगे लिखा, 'मैं मुख्यधारा के भारतीय निर्देशकों में से पहला था, जिसने हीरो को ज्यादा बढ़ा चढ़ाकर दिखाने से मना किया।



लाइफ Style

# जान्हवी
## मॉब लिंचिंग पर फूटा गुस्सा

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दीपू चंद्र दास की मॉब लिंचिंग का जिक्र करते हुए इसे 'कत्लेआम' करार दिया। जान्हवी कपूर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह इस मुद्दे पर जानकारी लें, सवाल उठाएं और सांप्रदायिक भेदभाव का विरोध करें।

जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अंग्रेजी में पोस्ट किया। उसमें लिखा, 'दीपू चंद्र दास... यह कत्लेआम है और यह कोई अकेली घटना नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अगर इन सबके बाद भी गुस्सा नहीं आता तो यह गलत और दोहरा व्यवहार है जो सबके लिए खतरनाक है। उन्होंने लिखा, 'बांग्लादेश में जो हो रहा है, वह देखकर अगर आपको गुस्सा नहीं आ रहा तो यह दोहरा व्यवहार है, जो हम सबको खत्म कर देगा। हम दुनिया के दूसरे कोने में किसी घटना पर दुख जताते हैं। हम दूर की घटनाओं पर रोते हैं, लेकिन अपने भाई-बहनों को जलते देखते रहते हैं।' जान्हवी ने स्पष्ट रूप से सांप्रदायिक कट्टरपंथ की निंदा की और अपनी बात रखते हुए आगे लिखा, 'किसी भी तरह का सांप्रदायिक भेदभाव और कट्टरपंथ, चाहे हम पीड़ित हों या आरोपी, हमें अपनी इंसानियत भूलने से पहले इसकी बुराई करनी चाहिए। हम मोहरे हैं जो मानते हैं कि हम एक अनदेखी लाइन के दोनों तरफ हैं। इसे पहचानें और खुद को जानकारी से लैस करें ताकि आप उन बेगुनाह लोगों के लिए खड़े हो सकें जो इस सांप्रदायिकता में अपनी जिंदगी खोते जा रहे हैं और इससे डरे हुए हैं।' बता दें कि बांग्लादेश में 27 साल के हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ ने कथित ईशनिंदा के आरोप में बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी और शव को आग लगा दी थी।

हॉलीवुड मसाला



# सौतेली मां पेगी डिकैप्रियो पहनती हैं पगड़ी

**लॉस एंजिल्स।** 'टाइटैनिक' एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो का भारत से भी एक गहरा कनेक्शन है। लियोनार्डो डिकैप्रियो ने अपने एक इंटरव्यू में अपने परिवार के बारे में बात की थी और बताया था कि उनकी सौतेली मां सिख हैं। मेरे पिता हिप्पी काउंटर कल्चर से आते हैं और उनका पालन-पोषण सैन फ्रांसिस्को और लॉस एंजिल्स में हुआ। वे 70 के दशक के लॉस एंजिल्स में अंडरग्राउंड आर्ट मूवमेंट से जुड़े कई लोगों के साथ समय बिताते थे।' उनकी सौतेली मां, पेगी डिकैप्रियो अमृतधारी सिख हैं। पेगी डिकैप्रियो पगड़ी पहनती हैं और अक्सर पारंपरिक भारतीय कपड़ों में नजर आती हैं। खबरों के मुताबिक, उन्होंने कई साल पहले इस सम्प्रदाय को अपनाया था, लेकिन पगड़ी पहनना उन्होंने कुछ ही साल पहले शुरू किया।



# 'अवतार 3' बनी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली विदेशी फिल्म

**मुंबई।** जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' भारत में इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इसने यह कामयाबी सिर्फ सात दिनों में हासिल की है। 'अवतार 3' ने हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' के लाइफटाइम इंडिया कलेक्शन को पीछे छोड़कर इस साल विदेशी फिल्मों में पहला स्थान प्राप्त कर लिया है। 'अवतारः फायर एंड ऐश' ने अब तक 111.07 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। वहीं, इस साल रिलीज हुई ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' ने भारत के बॉक्स ऑफिस पर कुल 105.07 करोड़ रुपए कमाए थे। 'अवतार 3' से पहले कमाई के मामले में 'एफ1' टॉप पर थी। 'अवतार' फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 19 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। बताया जाता है कि इन दिनों सिनेमाघरों में फिल्म 'धुरंधर' चल रही है, जिसकी वजह से 'अवतार 3' को कम दर्शक मिल रहे हैं। 'धुरंधर' की लहर के बावजूद उम्मीद है कि 'अवतार 3' की कमाई दूसरे हफ्ते में 200 करोड़ रुपए के करीब पहुंच सकती है।



# समांथा ने शेयर की भूत शुद्धि विवाह की तस्वीरें

**नई दिल्ली।** साउथ की स्टार समांथा रुथ प्रभु की फैन फॉलोइंग बहुत तगड़ी है। फैंस उन्हें बहुत पसंद करते हैं और उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में सब जानना चाहते हैं। समांथा के लिए साल 2025 बहुत खास रहा है। अपने प्रोडक्शन हाउस से लेकर शादी करने तक समांथा की लाइफ में इस साल बहुत कुछ हुआ है। समांथा ने सोशल मीडिया पर अपनी लाइफ की 15 खास तस्वीरें शेयर की हैं। जिसे देखकर हर कोई अंदाजा लगा रहा है कि ये साल समांथा के लिए कितना खास रहा है। समांथा ने क्रिसमस की शादी को अपने बिजी साल की फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में सामंथा की शादी की अनदेखी तस्वीरें हैं। जिसमें वो दुल्हन के जोड़े में पति राज के साथ बैठी नजर आ रही हैं। एक में शरारती चेहरा बना रही हैं। समांथा की मेहंदी से लेकर क्रिसमस तक की झलक उनकी फोटोज में देखने को मिली है।



# दायरा की शूटिंग पूरी अगले साल होगी रिलीज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार की नई क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दायरा' की शूटिंग को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। जिसे खुद इस फिल्म के एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'दायरा' की निर्देशक मेघना गुलजार और अभिनेत्री करीना कपूर खान सहित एक खास तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर इसलिए खास है ,क्योंकि यह 'दायरा' के सेट से है। पृथ्वीराज ने इस शानदार तस्वीर को शेयर किया और कैप्शन में लिखा, दायरा की शूटिंग पूरी हो चुकी है। सेट की कहानी जल्द ही दुनिया भर के दर्शकों के लिए 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित फिल्म 'दायरा' की शूटिंग अब खत्म हो चुकी है। जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियोज द्वारा निर्मित यह फिल्म अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है।

टीवी मसाला



# टीआरपी रेटिंग में पहले नंबर पर क्योंकि..2 और अनुपमा

**नई दिल्ली।** 50वें हफ्ते की टीआरपी को देखकर फैंस जरूर सरप्राइज हो जाएंगे। इस लिस्ट में इस बार नंबर पर एक ही शो है, लेकिन रेटिंग के मामले में दो टीवी शोज बराबर पर हैं। इस बार पहले नंबर पर दो शोज हैं- 'अनुपमा' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2'। वैसे देखा जाए तो ये दोनों ही शोज दर्शकों के पसंदीदा टीवी सीरियल्स में से टॉप पर रहते हैं। 50वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को नंबर वन और 'अनुपमा' को दूसरा स्थान मिला है। लेकिन, रेटिंग के मामले में दोनों को 2.0 की रेटिंग मिली है। इस बार तीसरे नंबर पर टीवी सीरियल 'तुम से तुम तक' ने अपनी जगह बना ली है। इस बार 'तुम से तुम तक' को 1.9 की रेंटिंग मिली है। वहीं, इससे पहले 49वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह सीरियल पांचवें स्थान पर था। लेकिन, रेटिंग के मामले में दोनों हफ्ते बराबर हैं। इस बार चौथे नंबर पर टीवी शो 'वसुधा' ने अपनी जगह बना ली है। इस सीरियल को 1.9 की रेटिंग मिली है। जबकि पिछली बार 49वें हफ्ते की लिस्ट में 'वसुधा' सीरियल टॉप पांच की लिस्ट में शामिल ही नहीं था। इस बार पांचवे स्थान पर टीवी सीरियल 'गंगा मां की बेटियां' को जगह मिली है। इस सीरियल को इस बार 1.8 की रेटिंग मिली है। यह सीरियल भी 'वसुधा' की तरह पिछली टीआरपी रेटिंग लिस्ट में शामिल नहीं था।

## डिसऑर्डर से जूझ रही हैं नेहा

**नई दिल्ली।** सिंगर और एक्स बिग बॉस कंटेस्टेंट नेहा भसीन ने बताया था कि उन्होंने 2003 में अपना कॅरियर शुरू किया था और 2007 से ही उन्हें फैट बर्नर दिए जाने लगे थे, बिना यह सोचे कि उस कम उम्र में उन पर क्या प्रभाव पड़ेगा। वहीं, नेहा ने साल 2024 में खुलासा किया था कि वह अभी प्रीमेंस्ट्रुअल डिस्फोरिक डिसऑर्डर से जूझ रही हैं। वह टीनएज से इसका सामना कर रही हैं। नेहा भसीन के कॅरियर और स्ट्रगल की बात करें, तो 42 वर्षीय सिंगर एक परफॉर्मर भी हैं और खुद ही अपने गाने भी लिखती हैं। वह 9 साल की उम्र से गाने गा रही हैं और कई म्यूजिक वीडियोज कर चुकी हैं। हालांकि, 20 साल की उम्र में नेहा भसीन ने सुसाइड की कोशिश की थी। उन्होंने इसकी वजह भी बताई थी। नेहा भसीन ने भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में बताया था कि जब वजन 50 किलो था, तो भी उन्हें बॉडीशेम किया गया था। टीवी की स्क्रीन पर उनके पेट पर घेरा बनाकर दिखाया गया था कि उनका फैट बहुत ज्यादा है, तो इसलिए उनका म्यूजिक वीडियो रिलीज नहीं किया जा सकता।



# भारत में कई हॉलीवुड सेलेब्स ने चलाया अपना जादू

**मुंबई।** साल 2025 में भारत में कई बड़े इवेंट्स देखने को मिले। म्यूजिक कॉन्सर्ट हुए, महाकुंभ जैसा भव्य आयोजन हुआ। इन मौकों पर कई हॉलीवुड सेलेब्स भी चर्चा का विषय बने। भारतीय दर्शकों के बीच इंडियन सिनेमा से जुड़े एक्टर्स, सिंगर को लेकर जितना क्रेज है, उतना ही क्रेज हॉलीवुड सेलेब्स को लेकर भी देखा जाता है। साल 2025 में कई हॉलीवुड सेलेब्स अलग-अलग वजहों से भारत आए। कुछ सेलेब्स की तो काफी चर्चा रही।

### उदयपुर की शादी में जेनिफर ने किया परफॉर्म

हॉलीवुड की मशहूर सिंगर जेनिफर लोपेज को हाल ही में भारत में देखा गया। वह एक अमेरिकी अरबपति की बेटी (नेत्रा मंटेना) की शादी में परफॉर्म करने लिए उदयपुर आई थीं। उनकी डांस, सिंगिंग परफॉर्मेंस सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुईं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस परफॉर्मेंस के लिए जेनिफर लोपेज ने लगभग 18 करोड़ रुपए चार्ज किए थे।



### एड शीरन ने अरिजीत संग गाया सफायर सॉन्ग

*ब्रिटिश सिंगर एड शीरन इस साल दो बार भारत में चर्चा में रहे। साल की शुरुआत में उन्होंने 'मैथमेटिक्स टूर' नाम का म्यूजिक कॉन्सर्ट किया। इस म्यूजिक कॉन्सर्ट को खूब पसंद किया गया। वहीं, इसी साल एड शीरन ने एक गाना सफायर लॉन्च किया, इसमें अरिजीत सिंह ने उनके साथ गाना गया। इंग्लिश गाने में अरिजीत ने पंजाबी और हिंदी में गाना गाया था। गाने में शाहरुख खान भी दिखे। साथ ही इस गाने में भारत की शानदार झलक भी सिंगर एड शीरन ने दिखाई।*

### एकॉन ने किया म्यूजिक टूर, सिंगर संग हुई बदसलूकी

शाहरुख खान की फिल्म 'रा-वन' में 'छम्मक छल्लो' गाना गाकर भारतीय दर्शकों के बीच पॉपुलर हुए थे अमेरिकी सिंगर एकॉन। नवंबर महीने में उन्होंने 'इंडिया टूर 2025' नाम का म्यूजिक कॉन्सर्ट किया। उनके कई गाने भारतीयों को पसंद है, इसमें स्मैक दैट और लोनली जैसे गाने सबसे ज्यादा पॉपुलर रहे हैं। एकॉन ने दिल्ली, बेंगलुरू और मुंबई में परफॉर्म किया। लेकिन, बेंगलुरू में हुए कॉन्सर्ट के दौरान इस सिंगर के साथ बदसलूकी भी हुई। कुछ लोगों ने उनकी पैंट खींची, इससे वह असहज हो गए।

# गर्लफ्रेंड गौरी के साथ नए साल के वेकेशन पर निकले आमिर

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार आमिर खान अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट, भतीजे इमरान खान और परिवार के बाकी सदस्यों के साथ आज मुंबई एयरपोर्ट पर दिखाई दिए। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आमिर परिवार समेत नए साल की छुट्टियां मनाने मुंबई एयरपोर्ट से रवाना हुए। इस वीडियो में आमिर खान इमरान खान के साथ नजर आ रहे हैं। इमरान ने एयरपोर्ट में एंट्री से पहले चाचा के साथ फोटो खिंचवाईं। आमिर कैजुअल कपड़ों में दिखाई दिए। उन्होंने पफ जैकेट पहनी हुई है, जिससे लग रहा था कि परिवार किसी ठंडी जगह (हिल स्टेशन) जा रहा है।



### दादासाहेब फाल्के की बायोपिक पर चल रहा काम

*गौरी स्प्रैट अपने बेटे के साथ एयरपोर्ट पर आमिर के साथ दिखाई दीं। आमिर की दोनों पूर्व पत्नियां रीना दत्ता और किरण राव से अच्छे संबंध हैं। रीना से शादी 1986 से 2002 तक चली। वे बचपन के दोस्त थे। रीना से उनके दो बच्चे हैं- जुनैद खान और इरा खान। किरण राव से 2005 में शादी हुई और 2021 में अलग हो गए। किरण से उनका बेटा आजाद है। आमिर की आने वाली फिल्मों में सनी देओल वाली 'लाहोर 1947' का निर्माण शामिल है। कथित तौर पर '3 इडियट्स' का सीक्वल भी बन सकता है। साथ ही दादासाहेब फाल्के की बायोपिक पर काम चल रहा है।*

## किसी के तथ्यों पर सवाल उठे, किसी पर समुदाय को लेकर हुए विरोध

# इस साल इन फिल्मों पर रहा विवाद, जमकर हुआ हंगामा

एजेंसी ⏭ मुंबई

सिनेमा के लिहाज से साल 2025 काफी खास रहा है। बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में रिलीज हुईं। रोमांटिक ड्रामा से लेकर ऐतिहासिक और एक्शन तक, अलग-अलग तरह की फिल्मों का जादू दर्शकों पर चला। मगर, कुछ फिल्में ऐसी भी रहीं, जिन्हें लेकर विवाद हुए। कुछ पर तो रिलीज से पहले जमकर हंगामा हुआ। किसी के तथ्यों पर सवाल उठे, किसी पर समुदाय को लेकर विरोध हुए।

### छावा

विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। यह 14 फरवरी 2025 को रिलीज हुई। इस फिल्म की खूब तारीफ हुई। मगर जब इसका ट्रेलर रिलीज हुआ था तो कुछ सीन के विरोध में कई जगह विरोध प्रदर्शन हुए। खासकर संभाजी महाराज के डांस सीन दर्शकों को पसंद नहीं आए, जिनमें निर्माताओं को बदलाव करने पड़े।

### उदयपुर फाइल्स

फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' इस साल अगस्त में रिलीज हुई। यह फिल्म कथित तौर पर साल 2022 की कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित थी। इसे लेकर काफी विवाद हुए। इस फिल्म पर फरत फैलाने और एक समुदाय विशेष को गलत दिखाने जैसे आरोप लगे। इसकी रिलीज पर दिल्ली हाईकोर्ट ने रोक लगाई, लेकिन कानूनी लड़ाई के बाद रिलीज हुई। सेंसर बोर्ड ने इसके कई सीन्स हटाए थे।



### द ताज स्टोरी

परेश रावल अभिनीत इस फिल्म ने इस साल अक्तूबर में सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। इसकी रिलीज से पहले इसे लेकर खूब विरोध प्रदर्शन हुए। इसके तथ्यों पर सवाल उठाए गए। फिल्म पर आरोप लगे कि इसमें गलत जानकारी फैलाकर समाज में तनाव पैदा कर सकती है। इसके खिलाफ कोर्ट में कई याचिकाएं दायर हुई थीं।

### द बंगाल फाइल्स

विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर खूब विवाद हुए। इस फिल्म के ट्रेलर रिलीज के दौरान तो जमकर हंगामा हुआ था। यह फिल्म 05 सितंबर 2025 को रिलीज हुई। यह 1946 की हिंसा पर आधारित है। इसे लेकर मेकर्स पर पॉलिटिकल एजेंडा फैलाने के आरोप लगे। पश्चिम बंगाल में इसकी रिलीज पर रोक लगी और कई जगह विरोध प्रदर्शन हुए।




### इमरजेंसी

इस साल 17 जनवरी को कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज हुई। इसमें अभिनेत्री और भाजपा सांसद पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की भूमिका में दिखीं। उनकी इस फिल्म पर काफी विवाद हुआ। इस फिल्म के निर्देशन की कमान खुद कंगना ने संभाली। यह फिल्म 1975 में लगे आपातकाल पर आधारित थी। फिल्म पर ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर दिखाने के आरोप लगे। सिख संगठनों ने समुदाय की गलत छवि दिखाने का दावा किया। जनवरी में आने से पहले 'इमरजेंसी' की रिलीज कई बार टली थी।

### जाट

अभिनेता सनी देओल और रणदीप हुड्डा की 'जाट' इस साल अप्रैल में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के एक चर्च सीन को लेकर ईसाई समुदाय ने नाराजगी जाहिर की थी। फिल्म पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा। शिकायत दर्ज हुई और विरोध के बाद मेकर्स ने विवादित सीन हटा दिया।

### फुले

इस फिल्म में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा लीड रोल में नजर आए। फिल्म 25 अप्रैल को थिएटर्स में लगी थी। ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले की बायोपिक में ब्राह्मण समुदाय को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगा। कई जगह ब्राह्मण संगठनों ने विरोध किया। इस फिल्म की रिलीज टली और सेंसर बोर्ड ने कई कट्स लगाए। इसके बाद रिलीज को हरी झंडी मिली।

# एशेज : बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन विकेटों का पतझड़, ऑस्ट्रेलिया के बाद इंग्लिश टीम धराशायी

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

आस्ट्रेलियाई टीम 152 रन पर आउट हो गई लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड पर पहली पारी में 42 रन की बढ़त बना ली और चौथे एशेज टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को रिकॉर्ड 20 विकेट गिरे। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 'बॉक्सिंग डे' टेस्ट के लिए रिकॉर्ड 94199 दर्शक पहुंचे थे जबकि पिछला रिकॉर्ड 93013 का था, जो आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 2015 विश्व कप फाइनल के दौरान दर्ज किया गया था।

आस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के चार रन बनाए थे और उसके पास अब 46 रन की बढ़त है। जोश टंग ने 45 रन देकर पांच विकेट लिए और टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड ने मेजबान टीम को सस्ते में आउट कर दिया। जवाब में इंग्लैंड की टीम 29.5 ओवर में 110 रन पर आउट हो गई। माइकल नेसेर ने 45 रन देकर चार विकेट लिए। आस्ट्रेलिया ने पहले तीन टेस्ट जीतकर श्रृंखला 11 दिन के भीतर ही अपने नाम कर ली है।

## मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर पहुंचे रिकॉर्ड 94199 दर्शक

### आस्ट्रेलिया ने पहले छह ओवर में बनाए 27 रन

आस्ट्रेलिया ने पहले छह ओवर में 27 रन बनाए। इसके बाद ट्रेविस हेड (12) को गुस एटकिंसन ने सस्ते में आउट किया। टंग ने जेक वेदराल्ड (10) को पवेलियन भेजा और उनका अगला शिकार मार्नस लाबुशेन (छह) बने, जो पहली स्लिप में कैच देकर लौटे। आस्ट्रेलिया के तीन विकेट 34 रन पर गिर गए थे।कप्तान स्टीव स्मिथ को टंग ने जब आउट किया तब स्कोर 51 रन था। अनुभवी उस्मान ख्वाजा 29 रन बनाकर एटकिंसन की गेंद पर आउट हुए। उस समय स्कोर पांच विकेट पर 89 रन था और दो रन बाद एलेक्स कैरी ने गली में कैच थमा दिया। नेसेर (35) और कैमरन ग्रीन (17) ने 52 रन की साझेदारी की लेकिन ग्रीन के रन आउट होने पर यह साझेदारी टूट गई। टंग ने नेसेर और स्कॉट बोलैंड (0) को अपने 12वें ओवर की पहली दो गेंदों पर आउट किया।



### स्मिथ ने द्रविड़ को छोड़ा पीछे

स्मिथ ने पहली पारी में इंग्लैंड के बल्लेबाज जैक क्रॉली और बेन स्टोक्स का कैच लपका और वो अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए। इससे पहले इस मामले में दूसरे नंबर पर राहुल द्रविड़ थे, लेकिन वो अब तीसरे नंबर पर खिसक गए। टेस्ट क्रिकेट में स्मिथ के नाम पर अब कुल 212 कैच हो गए जबकि द्रविड़ ने कुल 210 कैच लिए थे। टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच लेने का रिकॉर्ड जो रूट के नाम पर दर्ज है, जिन्होंने 214 कैच लिए थे।

### इंग्लैंड ने आठ रन पर गंवाए 3 विकेट

जवाब में इंग्लैंड ने पांचवें ओवर में तीन विकेट आठ रन पर गंवा दिए थे। जैक क्रॉली (पांच), जैकब बेथेल (दो) और बेन डकेट (दो) जल्दी आउट हो गए। जो रूट खाता भी नहीं खोल सके। हैरी ब्रूक ने 34 गेंद में 41 रन बनाए और पांचवें विकेट के लिए बेन स्टोक्स के साथ 50 रन जोड़े। बोलैंड ने ब्रूक, जैमी स्मिथ (दो) और विल जैक्स (पांच) को लगातार तीन गेंदों पर आउट किया। स्टोक्स 16 रन बनाकर स्लिप में कैच देकर लौटे।

### 116 साल बाद पहले दिन 20 विकेट गिरे

एशेज में 116 साल बाद पहले दिन 20 विकेट गिरे। इससे पहले 1909 में ओल्ड ट्रैफर्ड में ऐसा हुआ था। छठी बार एशेज टेस्ट सीरीज में पहले दिन 20 से उससे ज्यादा विकेट गिरे। मेलबर्न में चौथी बार पहले दिन 20 या उससे विकेट गिरे। इंग्लैंड के लिए पहली पारी में हैरी ब्रूक ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट में 3468 गेंदों पर 3000 रन पूरे किए।

### गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड टूटा

ब्रूक टेस्ट में गेंद के हिसाब से सबसे 3000 रन पूरा करने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने एडम गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने इसके लिए 3610 गेंद लिए। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोश टंग ने भी इतिहास रचा। टंग 21वीं सदी में मेलबर्न में टेस्ट मैच में पांच विकेट लेने वाले पहले इंग्लैंड के गेंदबाज बन गए हैं। डैरेन गॉफ और डीन हेडली ने आखिरी बार ऐसा किया था। तब 1998 में इंग्लैंड ने 12 रन से जीत हासिल की थी।

## खबर संक्षेप



### टी20 विश्व कप पर कमिंस की नजरें

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस की नजरें अब अगले साल फरवरी में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप पर लगी हैं। कमिंस जून-जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे पर लगी कमर की चोट के कारण पहले दो एशेज टेस्ट से बाहर थे लेकिन एडीलेड में तीसरे मैच में वापसी करके छह विकेट लिए। आस्ट्रेलिया ने पहले तीनों टेस्ट जीत लिए हैं लिहाजा कमिंस को आखिरी दो मैचों से बाहर रखने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा,' बेहतर लग रहा है। कुछ सप्ताह पहले ही कमर की चोट से उबरा हूं तो लगातार दो टेस्ट खेलना जोखिमभरा होता। अब टी20 विश्व कप से पहले कुछ आराम करूंगा।' आस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप में पहला मैच 11 फरवरी को कोलंबो में आयरलैंड से खेलना है ।

### अय्यर को एकादश में जगह मिलना मुश्किल : कुंबले

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मिनी नीलामी में वेंकटेश अय्यर के लिए सात करोड़ रुपए खर्च किए लेकिन पूर्व कप्तान अनिल



कुंबले का मानना है कि इस आकर्षक टी20 लीग के शुरुआती चरण में इस तेज गेंदबाजी हरफनमौला को एकादश में जगह मिलना मुश्किल होगा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने इस महीने की शुरुआत में नीलामी में अय्यर की पूर्व टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को पीछे छोड़कर इस खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ा था। फ्रेंचाइजी ने 16 दिसंबर को अबू धाबी में हुई नीलामी में अय्यर, जैकब डफी और मंगेश यादव समेत कई खिलाड़ियों को खरीदकर अपनी टीम को और मजबूत किया। कुंबले ने कहा, 'वेंकटेश अय्यर के लिए शुरुआती एकादश में जगह बनाना मुश्किल होगा।

### मुंबई सिटी ने हिस्सेदारी संस्थापक साझेदारों को बेची

**नई दिल्ली।** मुंबई सिटी एफसी ने पुष्टि की कि क्लब में बहुसंख्यक हिस्सेदारी रखने वाले सिटी फुटबॉल ग्रुप ने आईएसएल (इंडियन सुपर लीग) के भविष्य को लेकर अनिश्चितता के मद्देनजर अपनी पूरी हिस्सेदारी फ्रेंचाइजी के संस्थापक साझेदारों को बेच दी है। सिटी फुटबॉल ग्रुप के पास इंग्लिश प्रीमियर लीग की बड़ी टीम मैनचेस्टर सिटी सहित विश्व स्तर पर कई शीर्ष क्लबों का स्वामित्व है। मुंबई स्थित आईएसएल टीम का पूर्ण स्वामित्व अब संस्थापक साझेदारों, बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर और व्यवसायी बिमल पारेख को वापस मिल जाएगा।

## विजय हजारे ट्रॉफी : विराट ने गुजरात के खिलाफ खेली 77 रन की पारी

# कोहली ने 29 गेंदों में लगाया अर्धशतक, खेली लगातार छठी बार 50 रन से ज्यादा की पारी

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

विराट कोहली इस समय जबरदस्त फॉर्म में चल रहे हैं। इस समय वह दिल्ली के लिए विजय हजारे ट्रॉफी खेल रहे हैं। पिछले मैच में आंध्र प्रदेश के खिलाफ 131 रन की पारी खेलकर इस टूर्नामेंट में वापसी करने वाले कोहली ने शुक्रवार को गुजरात के खिलाफ 61 गेंदों में 77 रन ठोक दिए। इस दौरान उन्होंने 13 चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने 29 गेंदों में अर्धशतक लगाया। हालांकि वह शतक से चूक गए, मगर उनकी पारी ने लड़खड़ाती दिल्ली की पारी को संभाल लिया।

कोहली पिछले तीन महीने से खतरनाक फॉर्म में हैं। टीम इंडिया और घरेलू टीम दोनों के लिए उनका बल्ला खूब चल रहा है। कोहली की पिछली छह पारियों की बात करें तो उन्होंने कुल 584 रन ठोक दिए हैं। 25 अक्टूबर से 26 दिसंबर के बीच वह ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खलिाफ चार इंटरनेशनल वनडे मैच खेले, जबकि दो मैच वह दिल्ली के लिए खेले। पिछले छह मैचों में उन्होंने तीन शतक लगाए। उनका स्कोर 74*, 135, 102, 65*, 131 और 77 है। दिल्ली ने गुजरात को 7 रन से हरा दिया।

### विराट ने छह मैचों में बनाए 584 रन



### कोहली बने नंबर 1

विराट कोहली अपनी इस 77 रन की पारी के बाद भारत की तरफ से लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे ज्यादा की औसत से रन बनाने वाले बैटर बन गए। कोहली ने अब तक लिस्ट ए क्रिकेट में 343 मैचों में 16,130 रन 57.60 की औसत के साथ बनाए हैं और उन्होंने चेतेश्वर पुजारा को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 130 लिस्ट ए मैचों में 57.01 की औसत से 5759 रन बनाए थे।

### रिंकू सिंह 56 गेंदों में ठोकी सेंचुरी

राजकोट। रिंकू सिंह का विजय हजारे ट्रॉफी में धूम धड़ाका जारी है। चंडीगढ़ के खिलाफ शुक्रवार को उन्होंने खूब रन उड़ाए। राजकोट में उत्तर प्रदेश के कप्तान ने चंडीगढ़ के खलिाफ 60 गेंदों में नॉटआउट 106 रन बनाए। उन्होंने 56 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। रिंकू ने चंडीगढ़ के गेंदबाजों को काफी परेशान किया। नंबर 5 पर बैटिंग करते हुए उत्तर प्रदेश के कप्तान ने 11 चौके और चार छक्के लगाए और अपनी टीम को 50 ओवर में 4 विकेट पर 367 रन तक पहुंचाया। अभिषेक गोस्वामी के जल्दी आउट होने के बाद आर्यन जुयाल (118 गेंदों पर 134 रन) और ध्रुव जुरेल (57 गेंदों पर 67 रन) ने दूसरे विकेट के लिए संभलकर बैटिंग की और 96 रन की पार्टनरशिप करके पारी को संभाला। जुरेल 57 गेंदों में 67 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद जुयाल ने पारी को आगे बढ़ाया और समीर रिजवी के साथ तीसरे विकेट के लिए 71 रन जोड़े. रिजवी 46 गेंदों में 32 रन बनाकर पवेलियन लौटे।





### रोहित गोल्डन डक पर आउट

रोहित शर्मा विजय हजारे ट्रॉफी के दूसरे राउंड के मैच में फ्लॉप रहे। वह गोल्डन डक पर आउट हो गए। मुंबई की टीम शुक्रवार को जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में उत्तराखंड के खलिाफ एलीट ग्रुप सी के दूसरे राउंड के मैच के लिए मैदान पर उतरी। जहां उत्तराखंड ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बैटिंग के लिए बुलाया। एक बार फिर रोहित की आतिशी बल्लेबाजी को देखने के लिए हजारों की संख्या में फैंस स्टेडियम पहुंचे, मगर इस मुकाबले में रोहित ने फैंस को निराश कर दिया और जीरो पर आउट हो गए और इसी के साथ स्टेडियम भी खाली होने लगा। इस मैच में यह उनकी पहली गेंद थी और उसी पर वह अपना विकेट गंवा बैठे। मुंबई को पहले ही ओवर की आखरिी गेंद पर पहला झटका लग गया। बोरा ने पूर्व भारतीय कप्तान को जगमोहन नागरकोटी के हाथों कैच आउट करा दिया। वह पुल शॉट की कोशशि कर रहे थे। नागरकोटी ने इसके बाद रघुवंशी को बोल्ड करके मुंबई को छठे ओवर में 22 रन पर दूसरा झटका दिया।

## कैच लेने की कोशिश में गिरे रघुवंशी, लगी सिर पर चोट



**जयपुर।** मुंबई के सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी को उत्तराखंड के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मैच के दौरान एक मुश्किल कैच लेने की कोशिश में कंधे, गर्दन और सिर में चोट लगने (कनकशन) के बाद अस्पताल ले जाया गया। यह घटना पारी के 30वें ओवर में हुई, जिसमें ऑफ स्पिनर तनुष कोटियान गेंदबाजी कर रहे थे। दाएं हाथ के बल्लेबाज सौरभ रावत ने स्लॉग-स्वीप खेलने की कोशिश की और डीप मिडविकेट पर खड़े रघुवंशी कैच पकड़ने के लिए तेजी से दौड़ते हुए आगे बढ़े। उन्होंने एक हाथ से गेंद को लपकने का प्रयास किया लेकिन यह सफल नहीं रहा और वह गिर पड़े, जिससे उनके कंधे में चोट लगी और उनका सिर जमीन से टकरा गया। इससे उन्हें कनकशन (सिर में चोट लगना) हो गया। रघुवंशी कुछ सेकेंड के लिए घुटनों के बल बैठे रहे लेकिन फिर जमीन पर लेट गए। इसके बाद मुंबई के फिजियो मैदान पर पहुंचे। रघुवंशी अपने पैरों पर खड़े नहीं हो पा रहे थे तो स्ट्रेचर मंगवाया गया और बाहर खड़ी 'एम्बुलेंस' उन्हें पास के एसडीएमएच अस्पताल ले गई। उनके जरूरी स्कैन करवाए जाएंगे और उन्हें निगरानी में रखा जाएगा।

## बीबीएलः मेलबर्न स्टार्स ने सिडनी सिक्सर्स को सात विकेट से हराया, हार्पर ने ठोका शतक

एजेंसी ▶▶| सिडनी

बिग बैश लीग में खेले गए मुकाबले में मेलबर्न स्टार्स ने सिडनी सिक्सर्स को 7 विकेट से हरा दिया। मेलबर्न ने सिडनी के दिए 145 रन के लक्ष्य को 3 विकेट के नुकसान पर 15 गेंद पहले हासिल कर लिया। मेलबर्न के लिए सलामी बल्लेबाज सैम हार्पर ने रोमांचक शतकीय पारी खेली।

मेलबर्न स्टार्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सिडनी सिक्सर्स की शुरुआत खराब रही थी। पारी की शुरुआत करने आए बाबर आजम 7 गेंद पर 2 रन बनाकर आउट हो गए। बाद के



बल्लेबाज भी शुरुआत को बड़ी पारी में बदल पाने में कामयाब नहीं रहे। बाबर के साथ पारी की शुरुआत करने आए डेनियल हग्स के 42 गेंद पर 8 चौकों और 1 छक्के की मदद से 60 रनों की पारी की बदौलत सिडनी सिक्सर्स ने अपने सभी विकेट खोकर 20 ओवर में 144 रन बनाए।

### मेलबर्न स्टार्स की शुरुआत रही कमजोर

145 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेलबर्न स्टार्स की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही थी और जोए क्लार्क बिना खाता खोले आउट हो गए, लेकिन दूसरे सलामी बल्लेबाज सैम हार्पर ने बेहतरीन शतक लगाया और टीम को 7 विकेट से जीत दिलाई। विकेटकीपर बल्लेबाज सैम ने 60 गेंद पर 6 छक्कों और 12 चौकों की मदद से 110 रन की नाबाद पारी खेली। उनके साथ टॉम करन 2 रन बनाकर नाबाद रहे।

## हॉकी टीम का अगला साल व्यस्त, होंगे 3 बडे टूर्नामेंट

*नई दिल्ली। भारत के अनुभवी खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह की नजरें हॉकी इंडिया लीग में अच्छा प्रदर्शन करके आगामी व्यस्त सत्र से पहले अपने कौशल को*



*निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने पर लगी हैं। भारतीय टीम का अगला साल काफी व्यस्त है, जिसमें एफआईएच प्रो लीग, विश्व कप और एशियाई खेल होने हैं। हॉकी इंडिया लीग तीन जनवरी से शुरू होगी और व्यस्त सत्र से पहले खिलाड़ियों के लिए लय में आने का सुनहरा मौका है। जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब के लिए खेलने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि लीग का स्तर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों जैसा है और इससे खिलाड़ियों को फॉर्म पाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा ,' हॉकी लीग भारतीय टीम के सदस्यों के लिए सही समय पर हो रही है।*

## एचआईएल संचालन परिषद टीम के कप्तान बने मिडफील्डर हार्दिक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार मिडफील्डर हार्दिक सिंह को 3 जनवरी से चेन्नई में शुरू हो रही पुरुष हॉकी इंडिया लीग में एचआईएल संचालन परिषद टीम का कप्तान बनाया गया है। एचआईएल संचालन परिषद का पहला मैच 5 जनवरी को एसजी पाइपर्स से होना है। हार्दिक ने कहा,' मैं इस मौके के लिए शुक्रगुजार हूं। कप्तानी करना रोमांचक अनुभव होगा और हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है।

हमें उम्मीद है कि इस सत्र में प्रदर्शन शानदार होगा।' इस टीम में ललित उपाध्याय, सैम वार्ड, सुरेंदर कुमार और केन रसेल जैसे दिग्गज भी हैं। इनके अलावा जूनियर विश्व कप में कांस्य जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे गुरजोत सिंह, मनमीत सिंह और टी प्रियव्रत भी टीम में हैं। यूपी रुद्रास के पीछे हटने के बाद 2026 सत्र के लिए एचआईएल संचालन परिषद टीम बनाई गई ताकि खिलाड़ियों को नुकसान नहीं हो।

# भारतीय हॉकी का साल मुश्किलों भरा, महिला टीम अपेक्षाओं पर नहीं उतरी खरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले साल ओलंपिक कांस्य झोली में डालने के बाद 2025 भारतीय हॉकी के लिए कुछ खास नहीं रहा हालांकि पुरुष टीम ने लगभग एक दशक बाद एशिया कप जीता लेकिन महिला टीम के प्रदर्शन में निरंतर गिरावट चिंता का सबब बनी हुई है। भारतीय हॉकी का यह शताब्दी वर्ष भी है लेकिन आठ बार की ओलंपिक चैंपियन टीम के लिए वर्ष 2025 में कुछ भी असाधारण नहीं रहा। इस वर्ष भारतीय हॉकी की सबसे बड़ी उपलब्धि पुरुष टीम की राजगीर में एशिया कप में जीती, जहां आठ साल बाद खिताब जीतकर उसने अगले साल 14 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले एफआईएच विश्व कप का टिकट कटाया। भारतीय टीम ने एक बार फिर उपमहाद्वीप में दबदबा बनाया और सबसे अच्छी बात यह रही कि 15 गोल दागे जबकि सिर्फ दो गंवाए। फाइनल में भारत ने गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराया, जिसमें दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह और अमित रोहिदास ने गोल किए।

## यादें 2025 : आठ साल बाद एफआईएच विश्व कप का टिकट कटाया



### युवा टीम ने जीता रजत पदक

अजलन शाह कप में भारत की युवा टीम ने रजत पदक जीता। छह साल बाद टूर्नामेंट खेल रही भारतीय टीम फाइनल में दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम से एक गोल से हारी। लेकिन नए कप्तान डिफेंडर संजय के साथ युवा टीम गई थी, जिसमें हरमनप्रीत और मनप्रीत जैसे सीनियर नहीं थे। पुरुष जूनियर टीम ने इस महीने चेन्नई में जूनियर हॉकी विश्व कप में नौ साल बाद कांस्य पदक जीता। कांस्य के मुकाबले में अर्जेंटीना से दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए भारत ने 4-2 से जीत दर्ज की। भारत की नजरें अब अगले साल विश्व कप के अलावा जापान में एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में सीधे जगह बनाने पर लगी होंगी।

### एफआईएच प्रो लीग में प्रदर्शन निराशाजनक

एफआईएच प्रो लीग में प्रदर्शन निराशाजनक रहा। हरमनप्रीत सिंह की टीम नौ टीमों में आठवें स्थान पर रही और नीचे खिसकने से बाल-बाल बची। घरेलू चरण में भुवनेश्वर में पांच मैच जीतने के बाद यूरोपीय चरण में लगातार सात मैच गंवाए।

### महिला टीम का प्रदर्शन लगातार खराब

दूसरी ओर टोकियो ओलंपिक 2021 में चौथे स्थान पर रहने के बाद महिला टीम का प्रदर्शन लगातार खराब हुआ है और पिछले साल टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। इस साल भी कहानी कमोबेश वही रही। प्रो लीग में टीम दो जीत और 11 हार (लगातार आठ) के बाद आखिरी स्थान पर रही और दूसरे दर्जे की स्पर्धा एफआईएच नेशंस कप में खिसक गई। अब यह टूर्नामेंट जीतकर ही टीम 2026-27 में एफआईएच प्रो लीग में लौट सकेगी। वहीं सितंबर में एशिया कप फाइनल में चीन से 1-4 से हारकर अगले साल विश्व कप में भी सीधे जगह नहीं बना सकी।

### विश्व कप में 10वें स्थान पर रही जूनियर महिला टीम



जूनियर महिला टीम सैंटियागो में विश्व कप में दसवें स्थान पर रही। जूनियर टीम के एक कोचिंग स्टाफ पर भी यौन कदाचार के आरोप लगे, जिसे बाद में हॉकी इंडिया ने आंतरिक जांच के बाद क्लीन चिट दे दी। इस पृष्ठभूमि में भारतीय महिला टीम की राह आसान नहीं दिख रही । तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर ले जाने वाले कोच शोर्ड मारिन की वापसी लगभग तय है लेकिन उनके सामने पहली चुनौती मार्च में भारत में होने वाला विश्व कप क्वालीफायर जीतकर खोया आत्मविश्वास लौटाने और ड्रेसिंग रूम का विश्वास जीतने की होगी ।




## कृषि विश्वविद्यालय में यूडीसी और प्यून गिरफ्तार

# नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का आरोप

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जेएनकेवीवी) में नौकरी दिलाने के नाम पर 22 वर्षीय युवती के साथ कथित दुष्कर्म का गंभीर और सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि विश्वविद्यालय में पदस्थ एक बाबू (यूडीसी) और एक प्यून ने युवती को संविदा नौकरी का लालच देकर विश्वविद्यालय परिसर में बुलाया और फिर बंद कमरे में उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत पर आधारताल थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार तिलवारा क्षेत्र की रहने वाली 22 वर्षीय युवती को करीब 20 दिन पहले सोशल मीडिया के माध्यम से जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में संविदा आधार पर नौकरी निकलने की जानकारी मिली थी। नौकरी की पुष्टि के लिए युवती ने विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दिए गए संपर्क नंबर तलाशे, जहां उसे कुलगुरु कार्यालय का टेलीफोन नंबर मिला।

युवती ने जब इस नंबर पर कॉल किया तो फोन विश्वविद्यालय में पदस्थ अपर डिवीजन क्लर्क दुर्गाशंकर सिंगरहा (58 वर्ष) ने उठाया। युवती ने नौकरी के संबंध में जानकारी मांगी, जिस पर आरोपी ने वैकेंसी होने की बात कही



और उसे सभी जरूरी दस्तावेज लेकर विश्वविद्यालय आने को कहा।

अगले दिन युवती अपने शैक्षणिक और अन्य दस्तावेज लेकर विश्वविद्यालय पहुंची, जहां उसकी मुलाकात दुर्गाशंकर से हुई। आरोपी ने आवेदन और दस्तावेज देखकर युवती को भरोसा दिलाया कि वह कुलगुरु से बात करके उसकी नौकरी लगवा सकता है। इसके बाद आरोपी लगातार युवती से संपर्क में रहा और एक-दो बार शहर में भी दोनों की मुलाकात हुई। हर बार आरोपी यही कहता रहा कि नौकरी की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही इंटरव्यू बुलाया जाएगा।

### 25 दिसंबर को कैंपस बुलाकर रची साजिश

पीड़िता के अनुसार 25 दिसंबर की दोपहर दुर्गाशंकर ने उसे फोन कर विश्वविद्यालय बुलाया और कहा कि उसकी बात ऊपर तक हो गई है तथा इंटरव्यू जल्द होने वाला है। आरोपी की बातों पर भरोसा कर युवती शाम को विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषि नगर कॉलोनी पहुंची। यहां दुर्गाशंकर ने युवती को कॉल कर विश्वविद्यालय में पदस्थ प्यून मुकेश सेन के घर आने को कहा। युवती जब वहां पहुंची तो कुछ देर बातचीत के बाद मुकेश सेन अचानक बाहर चला गया और कमरे का दरवाजा बंद कर दिया।

### बंद कमरे में जबरन दुष्कर्म का आरोप

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि नौकरी दिलाने के नाम पर उसे सुनियोजित तरीके से घर बुलाया गया और फिर बंद कमरे में उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद वह किसी तरह वहां से बाहर निकली और परिजनों को आपबीती बताई। इसके बाद पीड़िता ने आधारताल थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज करते हुए आरोपी यूडीसी दुर्गाशंकर सिंगरहा और प्यून मुकेश सेन को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। वहीं, इस घटना के सामने आने के बाद विश्वविद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया है और कर्मचारियों की भूमिका को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

## विवाद पर पिता की हत्या करने वाले पुत्र को उम्र कैद

**जबलपुर।** जिला अदालत ने पिता का गला दबाकर हत्या करने के आरोपित जबलपुर निवासी अमन वंशकार का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही 20 हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक स्मृतिलता बरकड़े ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 27 जून, 2022 को अधारताल थाने के आरक्षक इंद्रजीत यादव पेट्रोलिंग कर रहे थे। इसी दौरान वीकल मोड़ महाराजपुर पर प्रातः चार बजे पनागर की ओर से एक व्यक्ति आता दिखा। वह पीले रंग की बोरी में कुछ लेकर जा रहा था। रोककर पूछने पर कहा कि सब्जी लेने जा रहा हूं। खोलकर देखने पर पाया गया कि उसमें एक शव था। पूछने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम अमर वंशकार बताया। उसने बताया कि पिता से विवाद हुआ था। इस पर उसने पिता रामलाल वंशकार की हत्या करके शव को ठिकाने लगाने की तैयारी की थी। लेकिन पकड़ा गया। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया। अदालत ने दोष साबित पाकर सजा सुना दी।

**अदालत ने 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया**

## जबलपुर महाधिवक्ता कार्यालय में नए 10 विधि अधिकारी नियुक्त

**जबलपुर।** महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारियों की बहुप्रतीक्षित सूची आंशिक बदलाव के साथ जारी कर दी गई। जबलपुर महाधिवक्ता कार्यालय में 10 विधि अधिकारियों को छोड़कर सभी का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया।इन सभी का कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त होने वाला था। सूची में ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है। महाधिवक्ता कार्यालय जबलपुर में केवल एक उप महाधिवक्ता ब्रम्हदत्त सिंह को अतिरिक्त महाधिवक्ता बनाया गया है। जबलपुर ऑफिस में हरप्रीत सिंह रूपराह, नीलेश यादव, जान्हवी पंडित अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद पर बने रहेंगे। वहीं उप महाधिवक्ता के पद पर विवेक शर्मा, अभिजीत अवस्थी, स्वप्निल गांगुली और श्वेता यादव को यथावत रखा गया है। इसके अलावा जबलपुर में कुल 57 शासकीय अधिवक्ताओं में से 10 को हटाकर उनके स्थान पर 10 नई नियुक्ति की गई हैं। वर्तमान में कार्यरत पांच उप शासकीय अधिवक्ता भी पद पर बने रहेंगे। गौतरतलब है कि पिछले वर्ष 31 जुलाई 2024 को वर्तमान अधिकारियों की नियुक्तियां की गई थीं। इसके बाद 31 जुलाई और 31 अगस्त 2025 को एक-एक माह के लिए कार्यकाल बढ़ाया गया। इसके बाद 29 सितंबर 2025 को पुनः उक्त टीम का 3 माह के लिए कार्यकाल बढ़ाया गया था।

## पजेरो से घूमते मिले संदिग्ध

# अवैध पिस्टल के साथ दो युवक गिरफ्तार

**जबलपुर।** गढ़ा थाना पुलिस ने देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों के साथ दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी ब्लैक कलर की पजेरो गाड़ी में सवार होकर मेडिकल क्षेत्र के आसपास संदिग्ध गतिविधियों में घूमते पाए गए थे।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात गढ़ा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक काली पजेरो गाड़ी में दो युवक घूम रहे हैं, जिनके पास अवैध हथियार हो सकते हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल इलाके में घेराबंदी कर वाहन की तलाश शुरू की। कुछ ही देर में संदिग्ध पजेरो को चिन्हित कर उसे रोककर जांच की गई।

वाहन में सवार युवकों की पहचान शाहबाज खान और अभिषेक यादव, दोनों निवासी करेली, जिला नरसिंहपुर के रूप में हुई। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उनके पास से एक अवैध पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। हथियार मिलने के बाद दोनों युवकों को तत्काल हिरासत में ले लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे मेडिकल कॉलेज में भर्ती अपने किसी रिश्तेदार को देखने आए थे, लेकिन अवैध हथियार रखने के संबंध में वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि बरामद पिस्टल कहां से लाई गई थी और आरोपी किस उद्देश्य से हथियार लेकर शहर में घूम रहे थे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी शाहबाज खान के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## कलेक्टर व निगमायुक्त ने शहर में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा शहर में कराए जा रहे अधोसंरचना, विकास एवं सिटी ब्यूटीफिकेशन कार्यों की प्रगति को लेकर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों के साथ लगातार करीब 6 घंटे तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया। सुबह 9 बजे से प्रारंभ निरीक्षण के दौरान गीता भवन, मानस भवन, विजय नगर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क, भंवरताल पार्क एवं कल्चरल स्ट्रीट का भ्रमण कर निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गीता भवन में चल रहे कार्यों की बारीकी से जानकारी ली और तैयारियों की सराहना की। वहीं भंवरताल पार्क में फाउंटेन, साज-सज्जा एवं नागरिक सुविधाओं को देखकर अधिकारियों की प्रशंसा की गई। कलेक्टर एवं निगमायुक्त ने अधिकारियों व ठेकेदारों को निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं तथा फिनिशिंग और सौंदर्य पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त, अभियंता, स्वास्थ्य, उद्यान, स्मार्ट सिटी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## सायबर फ्राड करने वाले के विरूद्ध प्रकरण दर्ज

# फिर मोबाइल हैक और लिंक पर क्लिक का झांसा दे फिर ठगे लाखों

**हरिभूमि जबलपुर।**

माढ़ोताल थाना क्षेत्र में सायबर ठगी के दो मामलें सामने आए हैं। आईटीआई चुंगी नाका में एक वृद्ध का मोबाइल हैक कर वृद्ध के खाते से 6 लाख 33 हजार रुपए निकाल लिए, वहीं स्टार सिटी गैलेक्सी अपार्टमेंट में मोबाइल पर टेलीग्राम के माध्यम से एनएसई व्हीआईपी टास्क ग्रुप के द्वारा एक लिंक पर क्लिक करने के बाद एक महिला के खाते से 1 लाख 73 हजार रुपए धोखाधड़ी से निकाल लिए गए।

माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आईटीआई चुंगी नाका निवासी 60 वर्षीय गौरीशंकर श्रीवास्तव का करमेता स्थित एसबीआई बैंक शाखा में एक बचत खाता एवं एक चालू खाता है। गत 21 दिसंबर को आईटीआई गेट के सामने एसबीआई बैंक के एटीएम से अपने बचत खाता से दो बार में 20




हजार रूपये निकाले जिसके बाद उसके बचत एवं चालू खाते से चार बार में क्रमशः 1लाख रूपये, 50 हजार रूपये, 1 लाख 88 हजार रूपये, 2 लाख 95 हजार रूपये कुल 6 लाख 33 हजार रूपये अज्ञात आरोपी ने उसके मोबाइल को हैक कर निकाले लिए है। उसने तत्काल एसबीआई बैंक को सूचना दी तो पैसे निकलना बंद हुये। इसी प्रकार स्टार सिटी गैलेक्सी अपार्टमेंट निवासी 45 वर्षीय श्रीमति निलिमा दुबे गत दोपहर लगभग 2 बजे उसके मोबाइल पर टेलीग्राम के माध्यम से एनएसई व्हीआईपी टास्क ग्रुप के द्वारा लिंक आई जिसे उसमें उसे प्राफिट होगा कहकर जालसाज ने उससे कई बार पैसे अपने अकाउण्ट नम्बर पर डलवाये गये, उसने अपने बैंक आफ बड़ौदा के खाता और आनलाईन के माध्यम से सात बार में कुल 1 लाख 73 हजार रूपये जमा ट्रांसफर किये और टेलीग्राम पर एक अकाउण्ट बनाया जो 23 दिसंबर को टेलीग्राम ग्रुप का संचालन कर रहे संजय कपूर नामक व्यक्ति द्वारा उसके अकाउण्ट नम्बर इंडल लैन्ड बैंक लिमिटेड अकाउण्ट नम्बर अंकित कुमार ब्रांच राय बरेली के नाम पर 1 लाख 50 हजार रूपये डालने के लिये कहा और प्राफिट दिये जाने की कहकर उससे 1 लाख 73 हजार रूपये की धोखाधड़ी की गई है। पुलिस ने अज्ञात जालसाजों के विरूद्ध धारा 318(4), 319(2), 308 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## जन्मजात हृदय रोग का सफल उपचार

**जबलपुर।** लालबर्रा, जिला बालाघाट निवासी 6 माह के शिशु जोशुआ को जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित होने के कारण सांस लेने में तकलीफ, बार-बार संक्रमण एवं वजन न बढ़ने जैसी समस्याएं हो रही थीं। जांच में शिशु के हृदय में एएसडी (एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट) एवं वीएसडी (वेंट्रिकुलर सेप्टल डिफेक्ट) पाए गए। परिजनों द्वारा शिशु को उपचार हेतु गैलेक्सी सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के कार्डियक यूनिट में भर्ती कराया गया। विस्तृत जांच एवं आवश्यक परीक्षणों के बाद हृदय शल्य चिकित्सा की सलाह दी गई। अस्पताल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉ. अखिलेश दुबे एवं डॉ. हरिशंकर चंदेल के नेतृत्व में कार्डियक सर्जरी टीम द्वारा शिशु का एएसडी एवं वीएसडी का सफल सर्जिकल क्लोजर किया गया। जटिल ऑपरेशन के बावजूद सर्जरी पूर्णतः सफल रही। सर्जरी के पश्चात शिशु को कार्डियक आईसीयू में विशेषज्ञ निगरानी में रखा गया, जहां उसकी स्थिति लगातार बेहतर होती गई। सभी जांच रिपोर्ट संतोषजनक आने के बाद शिशु को पूर्णतः स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। शिशु के परिजनों ने सफल उपचार एवं उत्कृष्ट देखभाल के लिए चिकित्सकों एवं गैलेक्सी सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।




## ठंड में घंटों करना पड़ रहा इंतजार

# जबलपुर स्टेशन पर ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री बेहाल

**जबलपुर।** जबलपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित रही। कई प्रमुख एक्सप्रेस और स्पेशल ट्रेनें घंटों की देरी से स्टेशन पहुंचीं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भीड़ लगी रही और ठंड के मौसम में लंबा इंतजार लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया। लाइव स्टेशन स्टेटस के अनुसार कटनी से इटारसी की ओर जाने वाली रक्सौल–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से ढाई घंटे से अधिक देरी से चल रही थी। इसी तरह सुपौल–पुणे एक्सप्रेस लगभग तीन घंटे की देरी से जबलपुर पहुंची। सबसे अधिक परेशानी मुजफ्फरपुर–वास्को डि गामा स्पेशल ट्रेन के यात्रियों को हुई, जो करीब सात घंटे से ज्यादा विलंब से स्टेशन पर पहुंची। इस लंबी देरी को लेकर यात्रियों में नाराजगी साफ नजर आई।

हालांकि, सभी ट्रेनों की स्थिति खराब नहीं रही। कुछ ट्रेनों का संचालन तय समय के अनुसार हुआ, जिससे यात्रियों को राहत भी मिली। वाराणसी–सीएसएमटी महानगरी एक्सप्रेस और हावड़ा–सीएसएमटी मुंबई मेल समय पर जबलपुर स्टेशन पहुंचीं और अपने निर्धारित समय पर रवाना भी हुईं। वहीं कटनी–इटारसी मेमू ट्रेन का संचालन भी समय पर होने से दैनिक यात्रियों को सुविधा मिली।

यात्रियों का कहना है कि लगातार ट्रेनों की देरी से उनकी यात्रा योजनाएं बिगड़ रही हैं। ठंड के मौसम में प्लेटफॉर्म पर घंटों खड़े रहना बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए बेहद कष्टदायक साबित हो रहा है। कई यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से ट्रेनों के समय पालन में सुधार करने और यात्रियों को सही व समय पर जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है।रेलवे सूत्रों के मुताबिक परिचालन कारणों, रूट पर ट्रैफिक दबाव और अन्य तकनीकी वजहों से कुछ ट्रेनों के संचालन में देरी हुई है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा पर निकलने से पहले लाइव ट्रेन स्टेटस की जानकारी अवश्य लें, क्योंकि समय में बदलाव की संभावना बनी रहती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240